अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस आज

वर्ष 73 » अंक 203 » पृष्ठ 12+8=20
» नगर » मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

# दैनिक जागरण

» रीवा, बुधवार 22 अप्रैल, 2026 » वैशाख शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2083

## ऑफ बीट

### ट्रोलिंग का अनोखे अंदाज में दिया जवाब



*चीन की एक महिला गेम कमेंटेटर इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में है। वजह है कपड़ों को लेकर ट्रोल किए जाने के बाद उनका दिया गया अनोखा जवाब। ऑनलाइन 'गेम नाराका: ब्लेडप्वाइंट' की लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान 'झाझा' नाम से जानी जाने वाली कमेंटेटर को उनके कपड़ों की वजह से काफी आलोचना झेलनी पड़ी। ट्रोलिंग का जवाब देने के लिए झाझा ने अगले लाइव सेशन में पूरी तरह अलग अंदाज अपनाया। उन्होंने काले रंग की ड्रेस, विग और यहां तक कि अपने चेहरे को भी काले रंग से रंग लिया। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और लोगों को चौंका दिया। कई यूजर्स ने इसे ट्रोल्स को करारा जवाब बताया, तो कुछ ने इस पर भी मजाक उड़ाया। दरअसल, कुछ दिन पहले झाझा मिनीस्कर्ट पहनकर लाइव स्ट्रीम में आई थीं। इस दौरान कुछ दर्शकों ने उनके हाव-भाव और कपड़ों को लेकर टिप्पणी की और आरोप लगाया कि वे जानबूझकर ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसे कपड़े पहनती हैं। हालांकि झाझा ने साफ कहा कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने की पूरी आजादी है।*

# वेंस का पाकिस्तान दौरा टला युद्ध फिर भड़कने की आशंका

## ट्रंप का दावा: ईरान में सत्ता बदल दी, बोले-डील नहीं हुई तो भारी बमबारी तय

**वॉशिंगटन डीसी/ इस्लामाबाद/ तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का पाकिस्तान दौरा टाल दिया गया है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव और अनिश्चितता के चलते यह कदम उठाया गया है। दरअसल, अमेरिका-ईरान के बीच दो हफ्ते का सीजफायर बुधवार को समाप्त होने वाला है। ऐसे में हालात बेहद संवेदनशील हो गए हैं और युद्ध फिर से भड़कने की आशंका बढ़ गई है। ईरान की ओर से मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालियाफ ने साफ कहा है कि उनका देश 'धमकियों के साए में बातचीत' नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास 'मैदान में नए विकल्प' हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल किया जाएगा।

ईरान की ओर से अभी तक कोई प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। हालांकि पाकिस्तान के संचार मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा है कि ईरान की ओर से अब तक यह स्पष्ट जवाब नहीं मिला है कि वह बातचीत में शामिल होगा या नहीं।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे सीजफायर बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका 'मजबूत स्थिति' में है और जल्दबाजी में समझौता करने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के पास समझौते के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर सीजफायर की समयसीमा से पहले कोई समझौता नहीं हुआ, तो 'भारी बमबारी' शुरू हो सकती है। इस बीच, अमेरिका ने हाल ही में एक ईरानी जहाज को कब्जे में लिया, जिससे तनाव और बढ़ गया। जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को 'शत्रु देशों' के लिए बंद करने की घोषणा कर दी है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम मार्ग है।

### धमकियों के साये में बातचीत संभव नहीं: ईरान

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने अमेरिका के सख्त रुख पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा है कि ईरान किसी भी हालत में 'धमकी के साए में बातचीत' स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने ट्रंप पर आरोप लगाया कि वे घेराबंदी और सीजफायर उल्लंघन के जरिए बातचीत को 'सरेंडर की टेबल' में बदलना चाहते हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अघारची ने भी कहा कि अमेरिका द्वारा लगातार सीजफायर उल्लंघन कूटनीतिक प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा है।



**ट्रंप का आरोप:** ट्रंप ने कहा है कि ईरान ने अमेरिका के साथ हुए युद्धविराम का 'कई बार उल्लंघन' किया है।

**अघारची का प्रत्यारोप:** ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, अमेरिका का सीजफायर उल्लंघन कूटनीतिक प्रक्रिया में बड़ी बाधा है।



### 8 महिलाओं को रिहा करने की अपील

ट्रंप ने ईरान से 8 महिलाओं को रिहा करने की अपील की है। एक पोस्ट का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान 8 महिलाओं को फांसी देने की योजना बना रहा है। इन महिलाओं को रिहा किया जाए और उन्हें कोई नुकसान न पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो यह दोनों देशों के बीच बातचीत की अच्छी शुरुआत होगी।

**सबरीमाला:** मंदिर में महिलाओं की एंट्री पर सुनवाई

# छूने से अपवित्र कैसे होते हैं देवता?: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई के दौरान संविधान और धार्मिक परंपराओं के टकराव पर एक बार फिर गहन बहस देखने को मिली। 9 जजों की संवैधानिक पीठ के सामने सुनवाई के छठे दिन अदालत ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया कि अगर किसी भक्त को केवल उसके जन्म या पहचान के आधार पर देवता को छूने से रोका जाए, तो क्या संविधान हस्तक्षेप नहीं करेगा? यह सवाल जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने उस समय उठाया, जब सबरीमाला मंदिर के 'थंथरी' (मुख्य पुजारी) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरी अपने तर्क रख रहे थे।

वकील वी गिरी ने अदालत में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत पूजा का अधिकार तभी लागू होता है, जब वह उस देवता की विशेषताओं और मंदिर की परंपराओं के अनुरूप हो। उनका तर्क था कि जो व्यक्ति किसी देवता में आस्था रखता है, वह उसकी मूल विशेषताओं के खिलाफ आचरण नहीं कर सकता। सबरीमाला में भगवान अयप्पा को 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' माना जाता है, इसलिए वहां की परंपराएं उसी आधार पर निर्धारित हैं। गिरी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन परंपराओं से सहमत नहीं है, तो वह अपने तरीके से पूजा कर सकता है, लेकिन किसी सार्वजनिक मंदिर में जाकर वहां की परंपराओं को चुनौती नहीं दे सकता।

बहस के दौरान जस्टिस अमानुल्लाह ने एक काल्पनिक उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति पूरी श्रद्धा के साथ भगवान को अपना सृजनकर्ता मानता है, लेकिन उसे सिर्फ जन्म या वंश के आधार पर देवता को छूने से रोका जाता है, तो क्या यह संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ नहीं है? उन्होंने कहा कि 'अगर सृजनकर्ता और सृजन के बीच स्थायी दूरी बना दी जाए, जिसे बदला भी न जा सके, तो क्या यह उचित है?

**अहम सवाल:** अगर किसी भक्त को केवल उसके जन्म या पहचान के आधार पर देवता को छूने से रोका जाए, तो क्या संविधान हस्तक्षेप नहीं करेगा?



### क्या आस्था तर्क से परे है?

सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि एक सच्चा आस्तिक परंपराओं की तर्कसंगतता पर सवाल नहीं उठाता और गैर-आस्तिक को इसमें दखल देने का अधिकार नहीं है। हालांकि जस्टिस प्रसन्ना बी वराले ने इस पर अलग दृष्टिकोण रखा। उन्होंने पूछा कि क्या आधुनिक शिक्षा, तकनीक और विचारों से प्रभावित एक आस्तिक पुरानी परंपराओं पर सवाल नहीं उठा सकता? क्या आस्था का मतलब यह है कि व्यक्ति तर्क करना छोड़ दे?

### आईपीएल में आज

**लखनऊ बनाम राजस्थान**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: हैदराबाद ने दिल्ली को 47 रनों से हराया।**

# केरलम में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 13 लोगों की मौत




**त्रिशुर, जेएनएन।** केरलम के त्रिशूर जिले में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। कई लोग झुलस गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, मौके से 10 शव बरामद किए गए हैं। जबकि 3 लोगों के शरीर के हिस्से मिले है। 5 घायलों की हालत गंभीर है, वहीं 17 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पटाखे खेतों के बीच बने शेड में बनाए जा रहे थे। हादसे के समय करीब 40 लोग मौजूद थे। फायर ब्रिगेड, पुलिस और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन रुक-रुक कर विस्फोट होने से रेस्क्यू में दिक्कत आई। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया। वहीं, राज्य सरकार ने राहत और बचाव के लिए जिला प्रशासन को 50 लाख रुपए दिए हैं।

### पाक की पाबंदी, खाड़ी का सफर होगा महंगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) पर लगी पाबंदी को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया है। अब यह प्रतिबंध 24 मई 2026 सुबह 5 बजे तक लागू रहेगा। इस संबंध में पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एनटीए (नोटिस टू एयरमेन) जारी कर स्पष्ट किया है कि सभी भारतीय पंजीकृत, लीज पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमान इस अवधि तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारत से खाड़ी देशों की उड़ानों पर पड़ रहा है। आमतौर पर ये उड़ानें पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से होकर गुजरती थीं, लेकिन अब लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इससे उड़ानों का समय और ईंधन खर्च बढ़ रहा है।

**मप्र विधानसभा:** 4 माह के अंदर दूसरा विशेष सत्र, अधिसूचना जारी

# सदन में 27 को 'नारी शक्ति वंदन' पर चर्चा



**जागरण, भोपाल।** संसद में गिरे महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक की बारीकियों और प्रक्रिया पर मध्यप्रदेश विधानसभा में दिन भर चर्चा की जाएगी। इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र 27 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश की वर्तमान सोलहवीं विधानसभा का यह दसवां, जब महज चार महीनों के अंदर दूसरा विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक इस एक दिनी विशेष सत्र की शुरूआत 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे होगी। इसमें केवल नारी शक्ति वंदन के तहत महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए दिन भर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद में 131 वां संविधान संशोधन विधेयक गिरने के अगले दिन रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस मुद्दे पर विशेष सत्र बुलाने के स्पष्ट संकेत दिए थे। इसके बाद सोमवार को भाजपा ने सड़क पर उतरकर महिला जनाक्रोश रैली भी राजधानी में निकाली थी।

### वर्तमान विधानसभा का दसवां सत्र

यह वर्तमान विधानसभा का दूसरा विशेष सत्र होगा। इसके पहले 17 दिसंबर 2025 को भी एक दिनी विशेष सत्र बुलाया गया था। यह विधानसभा का आठवां सत्र था। मध्यप्रदेश को विकसित, आत्म निर्भर और समृद्ध बनाने पर विस्तृत चर्चा करने के लिए यह सत्र बुलाया गया था। जबकि 27 अप्रैल से होने वाला सत्र वर्तमान विधानसभा का दसवां सत्र होगा। मध्यप्रदेश का नियमित बजट सत्र 16 से 27 फरवरी तक चला था।

### क्रिकेटर यूसुफ पठान के ससुर व साले गिरफ्तार



**मुंबई, जेएनएन।** यूसुफ पठान के परिवार से जुड़े मारपीट के एक मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए उनके ससुर और साले समेत कई रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया है। यह घटना मुंबई के भायखला इलाके की बताई जा रही है, जहां एक व्यक्ति के साथ कथित तौर पर बेरहमी से मारपीट की गई। पुलिस के मुताबिक, घटना 18 अप्रैल की रात करीब 9 बजे माझगांव के हीराबाई कंपाउंड के पास हुई। शिकायतकर्ता यूसुफ आसिफ खान अपनी कार से जा रहे थे, तभी सड़क पर जमा पानी आरोपी शोएब पठान पर उछल गया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और आरोप है कि शोएब पठान ने गाली-गलौज करते हुए बांस के डंडे से कार का कांच तोड़ दिया। बाद में ससुर खालिद पठान और अन्य रिश्तेदारों ने मिलकर पीड़ित और उसके परिवार पर हमला कर दिया। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। एफआईआर के मुताबिक, आरोपियों ने बांस के डंडों और बेसबॉल बैट से हमला किया। इस हमले में शिकायतकर्ता के भाई सलमान का हाथ फ्रैक्चर हो गया।

### किश्वर को नोटिस देने दिल्ली आवास पहुंची चंडीगढ़ पुलिस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मधु किश्वर के दिल्ली स्थित आवास और दफ्तर पर चंडीगढ़ पुलिस की टीम पहुंची और उन्हें नोटिस थमाया। पुलिस ने उनसे एक कथित भ्रामक वीडियो मामले में जांच में शामिल होने का आग्रह किया है। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर इरम रिजवी और इंस्पेक्टर सरित राय शामिल थीं। मधु किश्वर के मुताबिक, टीम 20 अप्रैल की रात उनके ऑफिस पहुंची, जहां उस समय वे वीडियो रिकॉर्डिंग कर रही थीं। किश्वर ने पुलिस के रात में आने पर आपत्ति जताई। कानून के अनुसार महिलाओं के घर पर सूर्यास्त के बाद पुलिस नहीं आ सकती। उन्होंने यह मुद्दा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के सामने भी उठाया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि वे गिरफ्तारी के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ नोटिस देने आई हैं। किश्वर के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच बातचीत शालीनता से हुई और उन्हें जैसे ही एफआईआर की कॉपी मिलेगी, वे पूरे मामले की जानकारी साझा करेंगी।



# बड़वानी: तेज रफ्तार टैंकर ने कार को मारी टक्कर, छह की मौत, 1 गंभीर

**जागरण, बड़वानी।** बड़वानी में एक तेज रफ्तार टैंकर ने कार को सामने से टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गए। इस हादसे में 3 युवकों की मौके पर मौत हो गई जबकि तीन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य की हालत भी गंभीर है। वहीं कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसा जुलवानिया टोल प्लाजा के पास मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे हुआ। सभी युवक बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में एक वाहन का डीजल खत्म होने पर कुछ युवक दूसरी कार से डीजल लेने गए थे।



वापसी में खरगोन की ओर से आ रहे टैंकर ने टक्कर मार दी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। राजपुर के समीप अंतर संभा जलगोन से बारात के कुछ सदस्य कार से जुलवानिया गए थे। लौटते समय खरगोन की दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित टैंकर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायलों ने जुलवानिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मृतकों में सचिन गोकूल वास्कले 25 वर्ष, प्रदुम्य सहते 25 वर्ष, पप्पू 29 वर्ष, आकाश 25 वर्ष और यशवंत सुपड़िया 30 वर्ष शामिल हैं।

### धर्म व विज्ञान के मॉडल फेल अब भारत से उम्मीद: भागवत



**अगरतला, जेएनएन।** मोहन भागवत ने कहा है कि पिछले करीब 2000 सालों में शासन, धर्म और विज्ञान के अलग-अलग प्रयोगों के बावजूद दुनिया को स्थायी शांति नहीं मिल सकी है। उन्होंने दावा किया कि अब वैश्विक समाज भारत की सभ्यतागत सोच और ज्ञान परंपरा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। वे त्रिपुरा के मोहनपुर में मां सौंदर्य चिन्मयी मंदिर के प्रतिष्ठा और कुंभाभिषेक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ शक्तियां देश में धार्मिक और भाषाई आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। भागवत ने कहा कि जिन देशों का इतिहास अपेक्षाकृत छोटा है, वहां एक धर्म या भाषा हो सकती है, लेकिन भारत की पहचान उसकी बहुलता और समृद्ध परंपरा से बनती है। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने और ऐसी कोशिशों को विफल करने का आह्वान किया।

**आतंकी हमले का एक साल** — पहलगाम में पर्यटकों की हलचल में इजाफा पर बैसरन अब भी बंद

# उम्मीद व डर के बीच 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' में सन्नाटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बैंसरन घाटी.... देवदार के घने जंगलों से घिरी, हरी घास के विस्तृत मैदानों वाली वह घाटी, जिसे कभी 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' कहा जाता था। 22 अप्रैल 2025 के आतंकी हमले की पहली बरसी पर, यह घाटी सिर्फ एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक त्रासदी, ए स्मृति और एक अधूरी वापसी का प्रतीक बन चुकी है।

एक साल पहले इसी घाटी में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय टट्टूवाले की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। आरोप था कि आतंकियों ने धर्म पूछकर गोलियां चलाईं। उस दिन की गोलियों की गूंज अब भी यहां के सन्नाटे में सुनाई देती है। पहलगाम आज फिर से पर्यटकों की हलचल से धीरे-धीरे भर रहा है, लेकिन बैसरन अब भी बंद है। घाटी की ओर जाने वाले रास्ते सील हैं। कुछ पर्यटक दूर से उसे निहारते हैं, लेकिन वहां तक पहुंच नहीं पाते। घाटी के ऊपर खड़े देवदार के पेड़ आज भी उस दिन के गवाह हैं, जब खुशियों से भरा मैदान अचानक खून से लाल हो गया था। स्थानीय लोग बताते हैं कि 'हरियाली तो वही है, लेकिन माहौल बदल गया है- अब यहां पहले जैसी बेफिक्री नहीं रही।'




एक साल बाद कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे संभल रही है, लेकिन पूरी तरह नहीं। पहलगाम में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है, मगर यह अब भी हमले से पहले के मुकाबले लगभग आधी है। होटल मालिक बताते हैं कि अब पर्यटक एक-दो दिन से ज्यादा नहीं रुकते। वे बेताब वैली और अरु वैली जैसे खुले इलाकों तक जाते हैं और जल्दी लौट जाते हैं। सबसे बड़ा झटका उन 3500 से ज्यादा टट्टूवालों को लगा है, जिनकी रोजी-रोटी बैसरन जैसे ऊंचाई वाले इलाकों पर निर्भर थी। जो पहले रोज 1000-1500 रुपये कमाते थे, उनकी आय घटकर 200-300 रुपये रह गई है।

### '26 लाशों का बोझ' और टूटी आजीविका

बैसरन सिर्फ एक घटना का स्थल नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की धुरी भी था। यहां तक पहुंचने के लिए टट्टू ही एकमात्र साधन थे, जिससे हजारों परिवार जुड़े थे। हमले के बाद सरकार ने सुरक्षा कारणों से 48 पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया था। इनमें से कई अब खुल चुके हैं, लेकिन बैसरन समेत करीब 20 स्थल अब भी बंद हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'पहलगाम में रौनक लौट रही है, लेकिन बैसरन अब भी वीरान है और जब तक वह नहीं खुलेगा, असली सुधार नहीं होगा।

### सुरक्षा का नया ढांचा भरोसे की कोशिश

हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह बदल दी गई है। घाटी के आसपास नई चौकियां बनाई गई हैं, लगातार गश्त हो रही है और डिजिटल निगरानी को मजबूत किया गया है। अब हर स्थानीय सेवा प्रदाता चाहे वह टट्टूवाला हो या गाइड को बारकोड वाला आईडी कार्ड दिया गया है। पर्यटकों की भी सख्त जांच होती है। पहलगाम के प्रवेश द्वार पर एक 'शहीद स्मारक' बनाया गया है, जो उन 26 लोगों की याद दिलाता है जिन्होंने उस दिन अपनी जान गंवाई। यह स्मारक अब श्रद्धांजलि और चेतावनी दोनों का प्रतीक बन गया है।

# संबोधन विवाद: कांग्रेस ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

## आरोप: विपक्ष की 'स्वतंत्रता-निष्पक्षता' पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज नोटिस) का प्रस्ताव रखा है। आरोप है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में विपक्षी सांसदों की 'स्वतंत्रता और निष्पक्षता' पर सवाल उठाए और उनकी नीयत पर टिप्पणी की। यह नोटिस कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को सौंपा है। 17 अप्रैल को लोकसभा में 131वें संविधान संशोधन बिल के लिए सत्ता पक्ष आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा सका और यह बिल गिर गया। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में विपक्ष पर कड़ा हमला बोला। अपने लगभग 29 मिनट के भाषण में उन्होंने विपक्ष पर बिल रोकने का आरोप लगाया और सांसदों के मतदान व्यवहार पर सवाल उठाए। इस दौरान उन्होंने 'भ्रूण हत्या' जैसे शब्द का इस्तेमाल करते हुए विपक्ष की आलोचना की, जिससे विवाद और गहरा गया।

### कांग्रेस का आरोप: सत्ता का दुरुपयोग और संसद का अपमान



कांग्रेस का कहना है कि राष्ट्र के नाम संबोधन का इस्तेमाल विपक्ष की आलोचना के लिए करना 'अभूतपूर्व, अनैतिक और सत्ता का खुला दुरुपयोग' है। केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, सांसद के संसद में दिए भाषण या मतदान के आधार पर उसकी नीयत पर सवाल उठाना विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन है और यह अवमानना के बराबर है।



# पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति, सद्भावना रथ को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

## प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक पहुंचेगा दिव्य रथ

### एक वर्ष तक चलेगा जन जागरण अभियान



**जागरण, रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्रह्माकुमारी संस्थान रीवा द्वारा संचालित किए जा रहे पारिवारिक संस्कृति व प्रेम, शांति एवं सद्भावना रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान समाज में प्रेम शांति और भाईचारे की भावना को सशक्त करेगा तथा प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर गांव-गांव तक भ्रमण करने वाले दिव्य रथ के माध्यम से एकता, प्रेम, सद्भावना व नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने दिव्य रथ में स्थापित 12 ज्योतिर्लिंगों के दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की।

राजनिवास सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पावन और आध्यात्मिक कार्य प्रदेश में विश्व बंधुत्व की भावना जागृत करने में सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी संस्थान की भोपाल जोन की डायरेक्टर बीके निर्मला के निर्देशन में जन जागरण अभियान के तहत ज्योतिर्लिंग रथ जिले में महाशिवरात्रि 2027 तक भ्रमण करेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिला विरोधी है पूरा इंडी गठबंधन: मंत्री कृष्णा गौर

## कांग्रेस और विपक्ष पर जमकर बरसीं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री



**जागरण, रीवा।** लोक सभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण संबंधी नारी शक्ति वंदन अधिनियम के गिर जाने के बाद विपक्षी दल भाजपा के निशान पर हैं। भाजपा विपक्ष को महिला विरोधी करार देकर महिला अधिकारों का संरक्षक बनने की कोशि में जुटी है। भाजपा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार न मिलने का ठीकरा मुख्यतः कांग्रेस के सिर पर फोड़ रही है। इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय रीवा में पत्रकारवार्ता आयोजन कर मप्र शासन की अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर ने कांग्रेस व विपक्ष पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी महिला अधिकारों के पक्ष में नहीं रही। अब जब देश के प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को उनका अधिकार देना चाहते हैं तो पूरा इंडी गठबंधन महिलाओं के हित के पारित होने जा रहे कानून को गिरा जश्न मना रहे हैं जो इनके महिला विरोधी चेहरा होने का प्रमाण है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्य योगेंद्र शुक्ल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष साधना गुप्ता मौजूद रहीं। श्रीमती गौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने में रोड़ा अटकाकर कांग्रेस, सहित विपक्षी दलों ने बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है। लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे क्योंकि महिलाएं सब कुछ भूल सकती हैं, लेकिन अपना अपमान नहीं भूल सकतीं। विपक्षी दलों के विश्वासघात के खिलाफ देश भर की महिलाओं में आक्रोश है। कृष्णा गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से देश की आधी आबादी को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देने का कार्य कर रहे थे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि - लड़की हूं लड़ सकती हूं। लेकिन लोकसभा में वही प्रियंका गांधी ने बहनों के अधिकारों का गला घोट दिया। कांग्रेस का इतिहास ही महिला विरोधी रहा है।

## मुख्यमंत्री से जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीवा प्रवास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। राजनिवास सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ने आम लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रीवा प्रवास के उपरांत मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से तमिलनाडु के कोयमबटूर के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ राज तिवारी, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विदाई दी।

## मानस भवन में मनाई गई आदि जगतगुरु शंकराचार्य की जयंती



**रीवा।** मानस भवन में मानस मंडल द्वारा आदि गुरु भगवान शंकराचार्य की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर विद्वानों ने आदि गुरु को भगवान शंकर का अवतार बताते कहा कि भारत में जब-जब भारतीय संस्कृति पर जब कुठाराघात होता है तब ईश्वर का भारत में अवतार होता है और धर्म की रक्षा करते हैं। आदिगुरु भी भगवान के उन्हीं स्वरूपों में से एक हैं। वक्ताओं में प्रमुख रूप से पंडित राम सहाय मिश्रा, पंडित रामायण प्रसाद तिवारी, डॉ भारतेंदु मिश्र, टीआरएस कालेज पूर्व प्राचार्य अखंड प्रताप मिश्रा, डॉक्टर एचके पांडे ने अपने-अपने विचार रखे। मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने मानस मंडल द्वारा किए जा रहे धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने मानस भवन में 17 मई से 24 मई तक होने जा रही भागवत कथा संबंध में जानकारी देते हुए कथा यजमान बनकर भागवत कथा सुनने के लिए धर्मप्रेमी जनों को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में अवधेश श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह तिवारी, अनिमेष श्रीवास्तव, नरेश सिंह तिवारी, पन्नालाल द्विवेदी, संजीव श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, राम विश्वास यादव उपस्थित रहे।

## एक शाम साईं के नाम 26 अप्रैल को गोड़हर में



**रीवा।** गोड़हर स्थित साईं मंदिर में 26 अप्रैल को वार्षिक भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के जाने-माने गायक भुवनेश नैथानी अपनी सुर लहरी बिखेरेंगे। साईं मंदिर के प्रमुख सेवक महेश लेडवानी के अनुसार मंदिर स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने पर यह वार्षिक आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भजन संध्या के अलावा अभिषेक हवन एवं साइन मंत्र महा जाप संपन्न होगा। कार्यक्रम सुबह से शुरू होकर शाम 6:30 बजे संध्या आरती व उसके ठीक बाद भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में साईं भक्तों के अलावा शहर के गणमान्य लोग भी आमंत्रित किए गए हैं। एक शाम साईं के नाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या आयोजित होगी जिसमें भक्तों को आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के आयोजन मंदिर के प्रधान सेवक महेश लेडवानी ने बताया कि वार्षिक स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

# समरसता, समानता और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण का काम कर रही भाजपा: उप मुख्यमंत्री

## भाजपा कार्यालय अटल कुंज में विचार-संगोष्ठी का आयोजन



**जागरण, रीवा**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संभागीय कार्यालय अटल कुंज में मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़ा के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन प्रेरणादायी है। बाबा साहब ने असमानता और स्पृषता के खिलाफ जो संघर्ष किया था उसे भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने दूर करने का काम किया है। मुख्य वक्ता सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय समाज में प्रेम और बंधुत्व के हिमायती थे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर समतावादी समाज की संरचना के पक्षधर थे, कांग्रेस ने उनकी ही नही बल्कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की भी उपेक्षा की है व राष्ट्र की प्रगति में उनके योगदान को नकारा। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आजाद भारत में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के समाजिक राजनैतिक शैक्षणिक योगदान व उपलब्धियों को कांग्रेस द्वारा नकारा गया। यही वजह थी कि आज भी वंचित, पिछड़ा गरीब समाज, राजनीति में यथोचित स्थान नही बना सका। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत द्वारा किया गया व आभार प्रदर्शन अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामजी प्रजापति द्वारा किया गयां। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य रूप से मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पंचूलाल प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष व्यकंटेश पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र पाण्डेय, प्रदेश मंत्री अजा मोर्चा सीताराम साकेत, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामजी प्रजापति, पूर्व सांसद देवराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजेश प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, श्रीमती मनीषा पाठक, शरद साहू, अशोक सिंह गहरवार, श्रीमती संध्या कोल, मनीषचन्द्र शुक्ला, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जिला मंत्री बिजेन्द्र गौतम, रविराज विश्वकर्मा, गीता मांझी, सुमन शुक्ला, कल्पना पटेल, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, अंजू मिश्रा, ममता गुप्ता, नीलू रावत, कल्पना श्रीवास्तव, मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, योगेन्द्र शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि नगर निगम रमाशंकर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, हेमलता सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, नारायण मिश्रा, रोशनी मैत्रेय, निशा साकेत, मुक्ति राय, जगन्नाथ साहू, यशवर्धन सिंह, मोहित गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो. इमरान, बुद्धसेन नापित सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ठीक करो लीकेज, शहरवासियों को न हो दूषित पानी की सप्लाई: महापौर

## ननि जल प्रदाय विभाग की समीक्षा की, पाइप लाइन तोड़ने वालों पर जुर्माना ठेकने के दिए निर्देश



**जागरण, रीवा।** भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने मंगलवार को जल प्रदाय विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में महापौर ने नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों, विशेषकर वार्ड क्रमांक 16 में दूषित पानी की समस्या पर गंभीरता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। बोरवेल से दूषित पानी आने की शिकायत पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दो दिवस के भीतर लीकेज का पता लगाकर समस्या का समाधान किया जाए। महापौर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 05 हरिजन बस्ती वार्ड 11, 12, 13, 14 एवं 16 के विभिन्न क्षेत्रों से भी दूषित पानी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इन क्षेत्रों में टीम लगाकर शीघ्रता से समाधान सुनिश्चित करे। आवश्यकतानुसार पाइपलाइन रिप्लेसमेंट का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। जहां नई पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, वहां पुरानी पाइपलाइन से सप्लाई बंद कर नई लाइन से कनेक्शन कर आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में लगातार निर्माण कार्यों एवं अन्य विभागों द्वारा पाइपलाइन बिछाए जाने के दौरान जल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है, साथ ही उन्हें सही तरीके से पुनः नहीं जोड़ा जाता, जिससे लीकेज की समस्या उत्पन्न होती है।

### निर्माण कार्यों में गति के निर्देश

बैठक में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत प्रगतिरत पेयजल टंकियों के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। महापौर ने निर्देशित किया कि टंकियों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक टंकियों से वितरण पर अलग-अलग डीएमए सिस्टम भी लागू किया जाए, जिससे लीकेज एवं दूषित पानी की समस्या का प्रभावी समाधान संभव होगा तथा जल आपूर्ति की बेहतर मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

ऐसी स्थिति में संबंधित विभागों पर पेनाल्टी अधिरोपित की जाए तथा समन्वय स्थापित कर गुणवत्तायुक्त कार्य संपन्न कराया जाए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लीकेज रिपेयरिंग कार्य में विशेष सावधानी बरती जाए, क्योंकि इसी कारण दूषित पानी की समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही जल रिसाव से व्यर्थ जल भी बहता है, जिससे जल आपूर्ति भी प्रभावित होती है।

**टैंकरों से पहुंचाया जाए पानी :** विशेषतौर पर महापौर ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पानी टैंकरों की व्यवस्था रखने एवं बैकअप प्लान तैयार रखने के निर्देश दिए।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं की हर बुधवार होगी धुलाई

## महापौर ने दिये साफ-सफाई के कार्य में लापरवाही न बरतने के निर्देश



**जागरण, रीवा।** महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने मंगलवार को स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साफ-सफाई के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। महापौर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक बुधवार को शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की नियमित धुलाई सुनिश्चित की जाए, जिससे आसपास का वातावरण स्वच्छ एवं सम्मानजनक बना रहे। उन्होंने बड़े नालों की सफाई नाला गैंग की टीम से कराने के निर्देश दिए, वहीं वार्डों की छोटी नालियों की सफाई संबंधित वार्ड दरोगा अपने कर्मचारियों के माध्यम से नियमित रूप से कराना सुनिश्चित करें।

**नियमित रूप से दवा का छिड़काव करें :** महापौर ने मौसम को ध्यान में रखते हुए मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छिड़काव स्थल का पंचनामा तैयार कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही फॉगिंग मशीन के माध्यम से भी नियमित रूप से दवा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त महापौर ने निर्देश दिए कि खाली प्लॉटों, सार्वजनिक स्थलों एवं बाजार क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए।

### घर-घर कचरा संग्रहण कराएं

उन्होंने कहा कि वार्डों के अंदर विशेष रूप से सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। जिन गलियों में कचरा वाहन नहीं पहुंच पाता है, वहां साइकिल रिक्शा के माध्यम से घर-घर कचरा संग्रहण कराया जाए, ताकि कोई भी क्षेत्र सफाई से वंचित न रहे। बैठक में एमआईसी सदस्य रमा दुबे, गुलाम अहमद, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, एसबीएम सहायक नोडल अपूर्वा चतुर्वेदी, स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

# शहर को स्वच्छ नहीं देखना चाहते जिम्मेदार? नियमित नहीं उठा रहे कचरा

## शहर के वार्डों में लगे जगह-जगह कचरे के ढेर



**जागरण, रीवा।** शहर की सफाई करने वाले जिम्मेदार ही शायद शहर को स्वच्छ नहीं देखना चाहते, जिसका उदाहरण वे शहर के विभिन्न वार्डों में लगे कचरे के ढेर न उठाकर दे रहे हैं। प्रत्येक वार्ड के लिए कचरा वाहन निर्धारित है, इसके अलावा दो दर्जन के करीब कचरा वाहन अतिरिक्त हैं, किन्तु इसके पश्चात भी शहर के कई वार्ड गंदगी से सराबोर रहते हैं। वार्डों में कचरा वाहन पहुंचने का समय निर्धारित नहीं है, जिससे लोग सुबह साफ-सफाई करने के बाद शहर के ही खाली पड़े स्थान पर कचरा फेंक जाते हैं, जिसका उठाव करना निगम के सफाई कामगारों व कचरा एकत्रित करने वालों की जिम्मेदारी है, किन्तु ये लोग अपनी जिम्मेदारी बखूबी नहीं निभा रहे। मंगलवार को शहर के वार्ड क्रमांक 36, विकास कॉलोनी, रानी तालाब क्षेत्र में जगह-जगह फेंके गए कचरे के ढेर लगे रहे। उक्त क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि कचरा वाहन आता है, कभी सुबह तो कभी दोपहर में, जिससे लोग कचरा बाहर फेंक देते हैं, लेकिन कचरा वाहन वाले कचरा उठाकर नहीं जाते, जो लोग वाहन में कचरा डाल देते हैं वह कचरा लेकर वाहन वाले लौट जाते, जब अधिक कचरा एकत्रित हो जाता है तब उसका उठाव करवाया जाता है।

# जगह-जगह सीवरेज लाइन के लिए खोदी जा रही सड़कें बन रही दुर्घटना का कारण



**रीवा।** शहरवासियों के लिए शहर भर में डाली जा रही सीवरेज लाइन सिर दर्द बनती जा रही है, किश्तों में संचालित सीवरेज लाइन के कार्य के चलते शहरवासी सड़कों पर फैले गड्ढे व उड़ने वाली धूल से दो-दो हाथ करने को मजबूर हैं। एक ही वार्ड में तीन-चार किस्तों में डाली जा रही पाइप के कारण जहां की सड़कों की मरम्मत कर दी गई थी उन्हें फिर से खोदा जा रहा है। धिरमा नाला से ढेकहा की ओर वाले शहर के वार्ड 5 में तीसरी बार सड़क का खनन किया जा रहा है, यह कार्य करीब तीन-चार माह पूर्व शुरू यिका गया था जो अभी खत्म नहीं हुआ। यहां वर्षाकाल के पूर्व सड़क किनारे सीवरेज लाइन डाली गई थी, खोदी गई सड़क को ठीक से भरा नहीं गया था, जिससे यहां से निकलने वाले वाहन फंसने लगे थे, जिससे निजात दिलाने सड़क पर प्लास्टर कर उसकी मरम्मत की गई थी, अब सड़क को फिर से खोदा जा रहा है।

# बचाने वाले ही व्यर्थ बहा रहे पानी, दीपक तले अंधेरा

## पेयजल टंकी की फूटी पाइपलाइन से प्रतिदिन सड़क, नाली की भेंट चढ़ रहा हजारों लीटर पानी



**जागरण, रीवा।** पानी बचाने का दावा करने के साथ ही लोगों को पानी के संरक्षण की सीख देने वाले स्वयं की लापरवाही से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा रहे हैं। धोबिया टंकी स्थित पेयजल टंकी का मुख्य पाइप जो शहर की पाइप लाइन को जोड़ता है, पिछले कई दिनों से क्षतिग्रस्त है, जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बेकार ही सड़क व नाली की भेंट चढ़ रहा है, वहीं कार्यालय परिसर भी कीचड़ से परिपूर्ण है। यानी जिन्हें पानी का संरक्षण करना है वही अपने दायित्व के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं तो ऐसे में आम जनता से क्या उम्मीद की जा सकती है। प्रशासन ने रीवा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया हुआ है, ऐसे में बूंद-बूंद पानी बचाने की आवश्यकता है, परन्तु हो रहा इसका उल्टा है।

**सफाई नहीं हुई, दिनांक अंकित कर दी :** पानी की टंकी देखरेख का जिम्मा सीएमआर कंपनी का है, नियमानुसार समय-समय पर टंकी सफाई व मरम्मत करना संबंधित ठेका कंपनी की जिम्मेदारी मरम्मत तो दूर टंकी की सफाई तक नहीं हुई। विभागीय सूत्रों की मानें तो संबंधित कंपनी द्वारा टंकी के ऊपर 14 जनवरी 2026 टंकी सफाई की दिनांक अंकित करवा दी गई है, विश्वस्त सूत्रों की मानें तो पिछले 15 वर्षों से पेयजल टंकी की सफाई नहीं हुई है, टंकी में पता नहीं कितना कचरा, मिट्टी आदि एकत्रित है कोई नहीं जानता। यदि जनवरी माह में टंकी की सफाई और मरम्मत हुई होती तो पाइप फूटने की नौबत ही नहीं आती। पेयजल टंकियों के निर्माण के दौरान उसकी अवधि भी निर्धारित की जाती है, जानकारों की मानें तो यह टंकी काफी पुरानी हो चुकी है, ऐसे में चौबीसों घंटे फूटे पाइप से टंकी के पिलर सहित अन्य हिस्सा गीला हो रहा है, जिससे यह टंकी कब जमींदोज हो जाए कहा नहीं जा सकता। टंकी के नीचे ही पीएचई कार्यालय है, बाहर बड़ी संख्या में ऑटो, रिक्शा व लोग खड़े रहते हैं, दर्जनों टैंकर आदि यहीं खड़े रहते हैं, ऐसे में कोई अनहोनी होती है तो इसकी जवाबदारी कौन लेगा, लापरवाह विभाग अथवा ठेकेदार?

## एससी, एसटी और ओबीसी की हिस्सेदारी बिना महिला आरक्षण अधूरा: शीला त्यागी



**रीवा।** महिला आरक्षण के विशेष सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस की महासचिव डॉ. शीला त्यागी ने इसे चुनावी स्टंट बताया। उन्होंने कहा कि 2023 में सभी दलों ने इस विधेयक का समर्थन किया था, लेकिन आज तक इसे लागू नहीं किया गया, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं। श्रीमती त्यागी ने कहा कि सरकार ने इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़कर टाल दिया, जबकि यदि नीयत साफ होती तो इसे तुरंत लागू किया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि चार राज्यों के चुनाव को देखते हुए यह कदम केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण तब तक अधूरा है, जब तक इसमें एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए स्पष्ट हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं की जाती। डॉ. त्यागी ने मांग की कि सरकार बिना देरी के इसे लागू करे और महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व दें।

# नाले की टूटी बाउंड्री बन रही दुर्घटना का कारण

## टूटी जाली को तोड़-तोड़कर लोग बेच रहे कबाड़ियों को



**रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 36 स्थित तरहटी में नाले के किनारे लगी लोहे की जाली क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे नाले में दुर्घटना का भय तो बना है, साथ ही टूटी जाली को असामाजिक तत्व तोड़-तोड़कर कबाड़ियों को बेच शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि नाला सड़क के मोड़ पर बना हुआ है, जिसमें पूर्व में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिन्हें रोकने नाले के दोनों ओर लोहे की जालियां लगाई गई थी, पिछले काफी दिनोंसे नाले के एक हिस्से की जाली टूट चुकी है, जिसे दुरुस्त नहीं किया जा रहा, असामाजिक तत्व टूटी जाली के हिस्से तोड़-तोड़कर ले जा रहे हैं और कबाड़ियों को बेच रहे हैं।



## ईई हरिशंकर मिश्रा को मिला जेडी नगरीय प्रशासन का प्रभार



**रीवा।** संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय नगरीय प्रशासन रीवा एवं शहडोल संभाग की जिम्मेदारी कार्यपालन यंत्री हरिशंकर मिश्रा को दी गई है। इस संबंध में आदेश आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र शासन संकेत भोंगवे द्वारा सोमवार को जारी किए गए हैं। जेडी की जिम्मेदारी हरिशंकर मिश्रा को उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए दी गई है, वह लंबे समय से कार्यपालन यंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पहले यह जिम्मेदारी आयुक्त नगर निगम रीवा डॉ.सौरभ सोनवणे को दी गई थी, उनका स्थानांतरण कलेक्टर बैतूल के पद पर होने के बाद अब यह जिम्मेदारी कार्यपालन यंत्री हरिशंकर मिश्रा को दी गई है। श्री मिश्रा को संभागीय संयुक्त संचालक का प्रभार मिलने पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है।

## सूखे हलक को शीतल करने पानी तलाशते पक्षी



**जागरण, रीवा।** अप्रैल माह में गर्मी अपना असर दिखा रही है, जिससे इंसानों की मारे गर्मी के हालत खराब हो रही है, किन्तु इंसानों के साथ ही पशु-पक्षी भी गर्मी से हलाकान हो रहे हैं, पशुओं के लिए तो कुछ लोगों ने हौज बनवा रखी है, जिसमें पानी भर देते हैं और शहर में घूमने वाले मवेशी इस पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं, किन्तु पक्षियों की सुध बहुत ही कम लोगों ने ली है, एकाध स्थान पर ही पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए सकोरे टंगे दिखाई दे रहे हैं, यदाकदा दिखाई देने वाले पक्षी इस भीषण गर्मी में रिहायशी क्षेत्रों में लगे नलों पर पानी तलाशते आसानी से देखे जा सकते हैं।

## पीटीएस में प्रशिक्षु आरक्षकों की आंतरिक परीक्षाएं शुरू



**जागरण, रीवा।** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में 93 वां प्रशिक्षु नवआरक्षक सत्र वर्ष 2025 -26 में आंतरिक प्रशिक्षण की परीक्षाएं शुरू हो गई। प्रश्न क्रमांक 07 थाना प्रबंधन की परीक्षा मंगलवार को संपन्न कराई गई। परीक्षा में कुल 454/456 प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने भाग लिया। 28 अप्रैल तक द्वितीय सेमेस्टर के आंतरिक प्रशिक्षण के सभी पेपर की परीक्षाएं प्रायोजित हैं। नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में द्वितीय सेमेस्टर के बाह्य प्रशिक्षण की परीक्षाएं माह अप्रैल में पूर्व में ही 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक संपन्न करवाई गई हैं। उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में पीटीएस रीवा के ग्राउंड में ये परीक्षाएं आयोजित हुईं। 13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आंतरिक प्रशिक्षण में प्रैक्टिकल की परीक्षाएं आयोजित करवाई गई हैं। द्वितीय सेमेस्टर की सभी परीक्षाओं के संपन्न हो जाने के पश्चात माह मई 2026 में प्रशिक्षणार्थियों की पासिंग आउट परेड संभावित है, जिसके पश्चात इन्हें इनके पोस्टिंग जिलों में ड्यूटी हेतु रवाना कर दिया जाएगा।

## इंडस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ 24 को

जागरण, रीवा। डीआईजी विश्राम गृह के सामने, सुभाष चौक के समीप बोदाबाग में आगामी 24 अप्रैल को दोपहर 2 बजे इंडस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ सेवानिवृत्त डीन डॉ. एपीएस गहरवार, प्रो. एवं विभागाध्यक्ष सर्जरी विभाग एसएसएमसी के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।




## उपचार के दौरान हुई घायल बाघ शावक की मौत

**रीवा।** महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर में 21 अप्रैल को घायल बाघ शावक की उपचार के दौरान दुखद मौत हो गई। इस संबंध में वन मण्डलाधिकारी मैहर विद्याभूषण मिश्रा ने बताया कि घायल बाघ शावक की आयु लगभग 6 माह थी। उसे 19 अप्रैल को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला रेंज में भद्रशिला बीट से रेस्क्यू किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे टाइगर सफारी लाया गया। घायल बाघ शावक के दो पैर गंभीर रूप से चोटग्रस्त थे। उसके पीठ और पेट में भी कैनाइन दांतों से वार के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि अत्यधिक घाव तथा अधिक खून बहने से उसकी मौत हुई। टाइगर सफारी के पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा उसका पोस्टमार्टम किया गया। निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार मृत बाघ शावक का शवदाह किया गया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक राजेश कुमार राय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीखे हुए सूर्य के तेवर, चुभने लगी धूप, सूनी हुई सड़कें

### 42 डिग्री तक पहुंचा अधिकतम तापमान, बीमारियों का बढ़ा खतरा



**जागरण,रीवा।** हफ्ते भर से गर्मी के तेवर तीखे हो गए है। सुबह 9 बजे के बाद धूप चुभने लगती है, सड़क पर चलना दूभर हो गया है। लगातार बढ़ती गर्मी से लोगो की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। मौसमविदों का कहना है कि पखवाड़े पूर्व पश्चिमी विक्षोम के चलते मौसम के करवट बदलते ही जहां मौसम में ठंडक घुली थी, लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बता दें कि मई महीने में पारे में और भी बढ़ोतरी होने के आसार हैं। इधर गर्मी के असर दिखाते ही शहर में अब तक मंदी के दौर से गुजर रहे एसी, कूलर की डिमांड बढ़ने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि हफ्ते भर से कूलर और एसी के बाजार में रौनक आ गई है। हर दिन करीब दो दर्जन से ज्यादा एसी एवं आधा सैकड़ा कूलर की बिक्री हो रही है। मंगलवार को दिन का तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सोमवार को यह 42 डिग्री सेल्सियस था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। इस सीजन रीवा का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रहा है।

**सेहत को लेकर रहे सजग :** डिहाइड्रेशन का खतरा भीषण गर्मी के मौजूदा इस दौर में सेहत को लेकर सजग रहने की जरूरत है। तरह-तरह के शीतल पेय जहां लोगों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव छोड़ रहे है वहीं तैलीय पदार्थों के खानपान से डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ने लगता है। इस मौसम में तरल पदार्थ के साथ ही शरीर में पानी की ज्यादा जरूरत होती है।

### शाम को बाजारों में खरीददारी करने निकल रहे लोग

दोपहर से लेकर अपरान्ह तक शहर की सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। गुरुवार को शहर के हाटबाजार दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सूने नजर आए। शादी समारोह की खरीदारी करने के लिए ही जरुरतमंद लोग पहुंचे। अपरान्ह 4 बजे से लेकर रात्रि करीब 10 बजे तक शहर के बाजार में रौनक देखी जा रही है। धूप से बचाव करने के लिए लोग तरह-तरह के जतन कर रहे हैं।

## चैम्बर के आसपास सीमेंट पोत, छोड़ गए खुदी सड़क



**जागरण, रीवा।** ढेकहा तिराहे के आगे सीवरेज लाइन डालने व चैम्बर बनाने के लिए सड़क का खनन किया गया था। करीब दो-ढाई माह से सड़क खुदी है, जिससे यहां से वाहन चालकों का निकलना मुश्किल है। सीवरेज कार्य करने वालों ने चैम्बर बनाने के बाद उसके आसपास सीमेंट पोत कर इतिश्री कर ली, जबकि खोदी गई सड़क यथावत छोढ़ गए, सड़क बनने तक यहां कितने दोपहिया वाहन चालक हताहत हों कहा नहीं जा सकता।

## शहर के सार्वजनिक स्थल बने मयखाने, रोकने वाला कोई नहीं

### बीच सड़क सज रही महफिल, टकरा रहे जाम



**जागरण, रीवा।** बीच सड़क पर नशा करने वाले महफिल सजाकर बेखौफ नशाखोरी कर रहे हैं। शहर के सार्वजनिक स्थलों को नशाखोरों ने अपनी अय्याशी का अड्डा बना रखा है, जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं। नशा करने के बाद ये आपस में ही झगड़ते हैं और सड़क से गुजरने वाले लोगों के साथ गाली-गलौच भी करते हैं। इतना ही नहीं आसपास से निकलने वाली महिला, युवतियों को देखकर फब्तियां भी कसते हैं। लोग शराबियों के मुंह न लग मन मसोसकर रह जाते हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्र जहां शराब की दुकानें हैं के आसपास शराबियों को सुबह से रात तक नशा करते आसानी से देखा जा सकता है। कई लोग तो सामूहिक रूप से महफिल सजाए रहते हैं, जिन्हें रोका नहीं जाता। मंगलवार को शहर के झिरिया स्थित शराब दुकान के समीप शराबियों की महफिल सजी थी, घंटों यहां बैठकर उन्होंने शराब पी, एक दूसरे से बहस, विवाद करने के साथ ही गाली-गलौज भी करते रहे, महिलाओं को देखकर अश्लील शब्दों का प्रयोग करते रहे। इसी प्रकार जय स्तंभ चौराहे पर भी शराबियों की महफिल सजी रही, यहां पर लोग खुलेआम शराब का सेवन करते रहे, जबकि सड़क के दूसरी ओर यातायात थाना बना हुआ किन्तु शराबियों को किसी का भय नहीं। इन क्षेत्रों के अलावा शहर के समान ओवर ब्रिज, पुराने व नए बस स्टैंड के समीप, करहिया मण्डी के समीप रतहरा आदि क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर बैठकर शराब पीते देखा जा सकता है।

## बोरिंग के पानी को दूषित कर रही सीवरेज लाइन

### शरवासियों ने महापौर को ज्ञापन सौंप करवाया समस्या से अवगत



**जागरण, रीवा।** शहर के विभिन्न क्षेत्र के लोगों ने मंगलवार को नगर निगम महापौर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पूरे शहर में बन रही सीवर लाइन का पानी भूमिगत जल में मिलकर बोरवेल के माध्यम से लोगों के घरों में निल रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों ने बताया कि हमारे क्षेत्र आदर्श नगर कॉलोनी रिलायंस सुपरमार्केट के पीछे सीवर लाइन ट्रायल के रूप में करीब एक माह पहले ही शुरू की गई थी। भीषण गर्मी में पूरे क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जहां संबंधित पीएचई व नगर निगम जनता को स्वच्छ जल प्रदाय नहीं कर पा रहा। वहीं दूसरी ओर बोर का पानी भी सीवरेज लाइन का पानी मिलने से बदबूदार व काला निकल रहा है जो क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। दूषित पानी पीकर कई लोग बीमार हो गए हैं। कॉलोनी के सैकड़ों रहवासी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं जो मंगलवार को ज्ञापन लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे और नगर निगम कमिश्नर व महापौर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि दूषित पानी वार्ड के अधिकांश लोगों ने पीने के साथ ही अन्य उपयोग करना भी छोड़ दिया है। इस समस्या से कॉलोनी के रहवासियों को जल्द से जल्द निजात दिलाई जाए। ज्ञापन सौंपने में जेपी कुशवाहा, रवीश सिंह मौर्य, विकास सिंह, उपेन्द्र सोधिया, केके वर्मा, राजेश गुप्ता, एनपीएस परिहार, अर्पित शुक्ला, दीपक सिंह, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी के रहवासी शामिल थे।

## नहीं मिल रही जाम से मुक्ति, बेतरतीब यातायात ने बिगाड़ी व्यवस्था



**जागरण, रीवा।** शहर के संचालित बेतरतीब ट्रेफिक अव्यवस्था के चलते शहरवासियों को जाम से मुक्ति नहीं मिल रही बल्कि दिन प्रतिदिन जाम लगने की समस्या बढ़ती जा रही है। शहर के कई प्रमुख चौराहे, सड़क आदि दिनभर में दर्जनों बार जाम की चपेट में आते हैं, जिससे इन क्षेत्रों से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसकी दूसरी वजह ये भी है कि यहां यातायात अमला तो पदस्थ है, किन्तु कई चौराहे यातायात कर्मियों की उपस्थित के लिए तरस रहे हैं, इक्का-दुक्का स्थानों पर पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं, परन्तु हर चौराहे व भीड़ भरे क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों का अभाव शहरवासियों की परेशानी में इजाफा कर रहा है। मंगलवार को जय स्तंभ चौराहे पर जाम की स्थिति निर्मित रही। खन्ना चौराहे से आने वाले वाहन, पुराने बस की ओर से जाने वाले वाहन, बड़ी पुल की ओर से आने वाले वाहन यहां जमा हो गए, जिससे मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया, चौराहे पर पुलिस कर्मी मौजूद थे, जिन्होंने वाहनों को आगे-पीछे हटवाकर यातायात सुचारु करवाया, यदि पुलिस कर्मी यहां मौजूद नहीं होते तो संभवतः वाहनों की भीड़ में और भी इजाफा देखने को मिलता।

### एक बाइक-पांच सवार, खुलेआम उड़ रही नियमों की धज्जियां



**जागरण, रीवा।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था जहां ध्वस्त हो चुकी है वहीं दो लोगों के लिए बैठने के लिए बनी बाइक की नियम तोड़ने वालों ने दुर्दशा कर दी है। एक बाइक पर दो के स्थान पर पांच सवार आसानी से शहर के प्रमुख चौराहे पर देखे जा सकते हैं, जिन्हें न तो यातायात के नियम तोड़ने का भय है न ही दुर्घटना का। छोटे-छोटे बच्चों को बाइक पर लादकर लोगों को तेज गति से वाहन दौड़ाते देखा जा सकता है। मंगलवार को सिरमौर चौराहा ओवर ब्रिज के समीप एक बाइक सवार बाइक पर स्वयं के अलावा चार सवारी बैठाए बेखौफ घूमता देखा गया।

## ऑल डिपार्टमेंट आसटसोर्स कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** ऑल डिपार्टमेंट आउट सोर्स कर्मचारी संघ ने शहर प्रवास पर आए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अपनी 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं सेकराते हुए उक्त समस्याओं का ठोस निराकरण किए जाने का निवेदन किया। जिसमें आउटसोर्स कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा, उचित वेतन, श्रम कानूनों का पालन, 8 घंटे से अतिरिक्त कार्य करने पर अतिरिक्त भुगतान, प्रतिमाह 7 तारीख तक वेतन देने, वेतन पर्ची प्रदाय करने, अनुभव के आधार पर अवसर देने, ठोस कारण के बिना नौकरी से पृथक न करने, शिकायतों की उच्च स्तरीय जांच करने, ईएसई, ईपीएफ और ईएसआईसी लाभ देने, 62 वर्ष की आयु तक सेवा में रहने, समान कार्य समान वेतन, आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश के विरुद्ध विभाग स्तर पर कमेटी गठित करने, दुर्घटना बीमा 20 लाख करने व साप्ताहिक अवकाश का लाभ देने सहित विभिन्न मांगे रखी।

## भू-संपदा अधिनियम प्रमोटर एवं क्रेता के हित संरक्षण में उपयोगी



**रीवा।** मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के सचिव राजेश बहुगुणा ने बताया कि भू-संपदा अधिनियम प्रमोटर एवं क्रेता के हित संरक्षण में उपयोगी है। इसमें पंजीयन कराने से प्रमोटर की विश्वसनीयता व पारदर्शिता बढ़ती है और यह किसी प्रोजेक्ट को असफल होने से रोकता है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में श्री बहुगुणा ने पावर प्वाइंट के माध्यम से रेरा में पंजीयन से लेकर उसके अधिकार व उद्देश्यों का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से मध्यप्रदेश में आरंभ हुए रेरा में भारत सरकार ने रियल स्टेट के लिये अधिनियम बनाया जो समय पर कार्य की पूर्णता के साथ यह सुनिश्चित करता है कि क्रेता को अनुबंध के अनुसार नियत अवधि में संपदा प्राप्त हो। यह सहकारी समितियों के साथ-साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की संपदा पर क्रियाशील है। इसके माध्यम से परियोजनाओं के पंजीयन, नवीनीकरण व सुनवाई के अवसर उपलब्ध होते हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि रेरा में पंजीयन कराकर प्रमोटर अपनी साख बनायें तथा क्रेता को पारदर्शी व विश्वसनीय अवसर उपलब्ध करायें। कार्यशाला में शिल्पी कंसट्रक्शन के अम्बरीष द्विवेदी सहित अन्य प्रमोटर ने आवश्यक सुझाव दिये तथा पंजीयन प्रक्रिया के सरलीकरण के संबंध में बात कही। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर सपना, त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन, उपायुक्त नगर निगम प्रकाश द्विवेदी, प्रभारी जेडी हरिशंकर मिश्रा सहित एसडीएम तथा नगर परिषदों के सीएमओ उपस्थित रहे।

## पेयजल स्त्रोतों में रिचार्ज पिट बना कर रोंके पानी की बर्बादी: कमिश्नर

### समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, अधिकारी-कर्मचारी सप्ताह में दो घंटे जल संरक्षण के लिए करें श्रमदान



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री की उच्च प्राथमिकता में जल गंगा संवर्धन अभियान शामिल है। जल संरक्षण और संवर्धन के लिए बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार सभी विभाग कार्य करें। जल संरक्षण और संवर्धन केवल अभियान नहीं है, यह धरा पर जीवन बचाने का अभियान है। हमने समय रहते जल संरक्षण के सही प्रयास नहीं किए तो भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित नहीं रहेगा। पक्के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर तथा पेयजल स्रोतों में रिचार्ज पिट बनाकर करोड़ों लीटर पानी का संरक्षण किया जा सकता है। संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण का अभियान चलाएं। इस अभियान में सभी अधिकारी और कर्मचारी हर हफ्ते कम से कम दो घंटे जल संरक्षण कार्यों के लिए श्रमदान करें। अभियान में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों तथा आमजनता का भी पूरा सहयोग लें। सबके सामूहिक प्रयासों से ही जल संरक्षण और संवर्धन का प्रयास सफल होगा। संभागीय अधिकारियों के दल तैनात किए जा रहे हैं। इन दलों के द्वारा जल संरक्षण के कार्यों की निगरानी के साथ इसमें सहयोग दिया जाएगा। कमिश्नर ने कहा कि ई-ऑफिस में रीवा संभाग संभागीय रैंकिंग में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। सभी फाइलें और पत्र ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। अधीनस्थ जिला अधिकारियों को मैहर, मऊगंज और सीधी जिले में ई-ऑफिस व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दें। संयुक्त संचालक कृषि नरवाई प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। सतना सहित कई जिलों में नरवाई जलाने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। संबंधित किसानों के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करें। बैठक में कमिश्नर ने पेयजल व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, एचपीवी टीकाकरण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में समुचित प्रबंध के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, एसडीओ वन हितेश खण्डेलवाल तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्कूलों और कालेजों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करें :** कमिश्नर ने कहा कि संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद चिन्हित नदियों की साफ-सफाई तथा जल संरक्षण के लिए जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित कराएं। सभी स्कूलों और कालेजों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करें। पानी की टंकियों की साफ-सफाई का भी अभियान चलाएं। अधीक्षण यंत्री पीएचई सभी हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का अभियान चलाएं। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा सभी नगरीय निकाय जल संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराएं। वन विभाग तथा अन्य विभाग आगामी वर्षाकाल में पौधा रोपित करने के लिए अभी से तैयारी करें।

**रीवा और सतना बी ग्रेड में, सुधार के निर्देश :** कमिश्नर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में शेष बचे आवेदन पत्रों का दो दिवस में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में अभी भी रीवा और सतना जिले बी ग्रेड में हैं। लंबित आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। आवेदकों से स्वयं संवाद करके आवेदन पत्रों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। आवेदन पत्र के नॉन अटेंडेंड रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करें। वर्तमान सप्ताह की तुलना में यदि आगामी सप्ताह आवेदन पत्रों की संख्या बढ़ती है तो बढ़ी हुई संख्या के अनुपात में संबंधित अधिकारी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## 23 को मनाया जाएगा भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव



**रीवा।** 23 अप्रैल को चित्रगुप्त मंदिर तरहटी में चित्रगुप्त भगवान का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर 12 बजे पूजन किया जायेगा। कायस्थ सभा के प्रतिनिधसभा अध्यक्ष एच.के.खरे , सचिव विपिन श्रीवास्तव ,संयोजक अशोक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष संजय निगम, मंदिर की व्यवस्थापिका मीरा श्रीवास्तव एवं समस्त कार्यकारणी ने अपील की है कि ज्यादा से कायस्थ बंधु पधारकर पूजन में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद और प्रसाद ग्रहण करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

### आपसी समझौते से होगा प्रकरणों का निराकरण

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 9 मई को जिला न्यायालय रीवा सहित सभी तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस अदालत में पक्षकारों को अपने पुराने विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इस लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के लिए नवीन जिला न्यायालय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में बीमा कंपनियों, बैंक प्रबंधकों और अधिवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें की जा रही हैं, जिनमें सचिव द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), चेक बाउंस, श्रम, भू-अर्जन और नगर पालिका निगम से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही बैंकों के ऋण वसूली से जुड़े प्री-लिटिगेशन मामलों को भी इसमें शामिल किया गया है। लोक अदालत का मुख्य आकर्षण विद्युत विभाग से जुड़े प्रकरणों में शासन द्वारा दी जा रही भारी छूट है, जिसका लाभ लंबित और प्री-लिटिगेशन दोनों तरह के मामलों में उठाया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा ने सभी पक्षकारों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने समझौते योग्य प्रकरणों का निराकरण कराकर समय व धन की बचत करें।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, दो घायल



**जागरण, रीवा।** शहर के कॉलेज चौराहा के समीप स्थित तनिष्क ज्वेलरी शॉप के सामने स्थित पेड़ से जा टकराई, जिसमें कार सवार दो युवक घायल हो गए। मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे तेज रफ्तार हुंडई कार क्रमांक डीएल-10-सीडी-6006 कार काफी तेज गति में मोर चौराहे की फ्लाइओवर से कॉलेज चौराहे की तरफ जा रही थी, जैसे ही कार फ्लाईओवर के आगे पहुंची कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और जिसके चलते कार सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी, टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया, कार युवकों को सिर में चोट आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अमेरिका और ईरान को जिद छोड़ने की जरूरत

तीन मुख्य मुद्दों – ईरान का परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य और तेहरान के क्षेत्रीय प्रॉक्सी का भविष्य – का राजनयिक समाधान खोजना मुश्किल होगा, लेकिन असंभव नहीं।

युद्धविराम के बाद की बातचीत के दौरान ईरानी और अमेरिकी पदों में बहुत दूरियां रही होंगी। हालाँकि, ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों पक्ष गतिरोध से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आने वाले दिनों में एक और दौर की बातचीत का संकेत दिया है, जबकि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान ने कहा है कि उनका देश युद्ध नहीं बल्कि बातचीत चाहता है। जाहिर है, कूटनीति के लिए जगह खत्म नहीं हुई है। लेकिन समस्या केवल विश्वास की कमी नहीं है; यह भी है कि कोई भी पक्ष अपने घरेलू दर्शकों के सामने 'कमजोर' नहीं दिखना चाहता। यह ट्रम्प की नौसैनिक नाकाबंदी में स्पष्ट है, जिसके तहत अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने या छोड़ने वाले जहाजों पर रोक लगा रही है। गैर-ईरानी बंदरगाहों पर आने वाले जहाजों को आगे बढ़ने की अनुमति है – यह मानते हुए कि ईरान, जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य को 'दुश्मन जहाजों' के लिए बंद कर दिया है, उनके मार्ग की अनुमति देता है।

ट्रंप की नाकाबंदी के पीछे संदेश यह है कि यदि अन्य देश जलडमरूमध्य के माध्यम से निर्यात नहीं कर सकते हैं, तो ईरान भी नहीं कर सकता है। इस तरह का कदम तेहरान के युद्ध केंद्र को निशाना बनाता है – संघर्ष के दौरान उसके तेल निर्यात और राजस्व में वृद्धि हुई है – ताकि उसे एक समझौते को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया जा सके। हालाँकि, वर्षों के कठोर प्रतिबंधों से पता चलता है कि ईरान में आर्थिक पीड़ा के प्रति अत्यधिक सहनशीलता है। तेहरान ने अपनी ओर से चेतावनी दी है कि वह फारस की खाड़ी, ओमान सागर और लाल सागर के पार व्यापार को बाधित करेगा। जाहिर है प्रत्येक पक्ष दूसरे पक्ष के पहले पलक झपकाने का इंतजार कर रहा है।

होर्मुज जलडमरूमध्य और तेहरान के क्षेत्रीय प्रॉक्सी का भविष्य – का राजनयिक समाधान खोजना मुश्किल होगा, लेकिन असंभव नहीं। अमेरिका और ईरान के बीच 2015 के परमाणु समझौते पर बातचीत में लगभग 20 महीने लग गए। किसी भी समझौते के लिए दोनों पक्षों को अधिकतमवादी मांगों को अलग रखना होगा। युद्ध विराम की खबरों के बीच इजराइल का लेबनान में हिजबुल्लाह को निशाना बनाना और हमले में नागरिकों के घायल होने की खबरों ने दुनिया की चिंता को बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू का यह बयान कि लेबनान में संघर्ष का मोर्चा सक्रिय रहेगा, युद्धविराम की सीमाओं को ही दर्शाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के समांतर संघर्षों को नजरअंदाज करने वाला यह युद्धविराम टिकाऊ होगा, इसमें संदेह व्यक्त किया जा रहा है। युद्धविराम की शर्तों की परस्पर विरोधी व्याख्याएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। विशेष रूप से यूरेनियम संवर्धन और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण के संबंध में, एक साझा ढांचे की कमी को ही उजागर करती है।

फिलहाल युद्धविराम से लेबनान को बाहर करना एक कठिन मुद्दा बना हुआ है, हालाँकि इज़राइल और लेबनानी सरकार के बीच 33 वर्षों में पहली सीधी वार्ता कुछ हद तक आशा प्रदान करती है। परमाणु कार्यक्रम पर, इस्लामाबाद में अमेरिका ने यूरेनियम संवर्धन को 20 साल के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जबकि ईरान ने पांच साल का सुझाव दिया। इस पर, होर्मुज़ और अन्य मुद्दों की तरह, समझौता आवश्यक होगा। कूटनीति को कायम रखने के लिए, दोनों पक्षों को युद्धविराम बनाए रखना होगा और अपनी प्रतिस्पर्धी नाकेबंदी को बढ़ाने से बचना होगा।

प्रसंगवश

## शोषणकारी लोन ऐप पर सख्ती की जरूरत

कन्नूर में डेंटल के प्रथम वर्ष के छात्र नितिन राज की पिछले हफ्ते पांच-मंजिला इमारत की छत से गिरकर मौत हो गयी। इस मामले में पुलिस ने ऐप के जरिए लिये गये कर्ज को लेकर उत्पीड़न की भूमिका की पहचान की है। उसकी मौत पिछले चार महीनों में केरल में लोन ऐप से जुड़ी तीसरी हाई-प्रोफाइल आत्महत्या है। जनवरी महीने से इन ऐप्स से जुड़ी 35 शिकायतें केवल तिरुवनंतपुरम ग्रामीण में दर्ज की गयी हैं। नितिन के मामले में समानांतर छानबीन में उसके कॉलेज में जाति-आधारित भेदभाव होने के आरोपों की जांच भी की जा रही है और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने एक हफ्ते में रिपोर्ट तलब की है। एक बार इंस्टॉल किये जाने पर ये ऐप उपयोगकर्ता के डिवाइस से कॉन्टैक्ट लिस्ट, फोटो गैलरी और जीपीएस डेटा निकाल लेते हैं और उन्हें अक्सर उत्तर भारत या विदेशों में स्थित सर्वरों को भेज देते हैं। अगर पैसा चुकाने में देर होती है तो रिकवरी एजेंट लगातार परेशान करते हैं, जिसमें कर्जदार को बार-बार गाली-गलौज वाले फोन करना, ऋण आवेदन पर रेफरेंस के रूप में दर्ज लोगों को तंग करना और प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाना शामिल है। खास तौर पर केरल में स्मार्ट फोन तक पहुंच और डिजिटल साक्षरता काफी अधिक है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वित्तीय साक्षरता भी ज्यादा हो, और छोटे उधार की तुरंत जरूरत वाली बड़ी छात्र आबादी भी है। आरबीआई के डिजिटल कर्ज वितरण दिशानिर्देशों के बावजूद, जाल में फंसाने वाले ऐप्स बिना विनियमित दर्जे (रेगुलेटेड स्टैटस) के कर्ज दे रहे हैं। वे नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी) से साझेदारियों का फर्जीवाड़ा करते हैं, अपारदर्शी गेटवे के जरिए धन का प्रवाह करते हैं, शुल्कों एवं वितरण संबंधी कटौतियों को छिपाते हैं और कोई शिकायत तंत्र उपलब्ध नहीं कराते हैं।

आरबीआई वित्तीय संस्थाओं का विनियमन करती है, इसके बावजूद ये ऐप संचालित हो पा रहे हैं क्योंकि हानिकारक संस्थाएं ऐप और डेटा लेयरों में काम करती हैं। पहले कदम के रूप में, स्मार्टफोन निर्माताओं को एक ओएस-स्तरीय सैंडबॉक्स पर विचार करना चाहिए जिसमें 'वित्तीय' के रूप में श्रेणीबद्ध किसी भी ऐप की कॉन्टैक्ट, फोटो इत्यादि तक पहुंच तकनीकी रूप से रोकी जाए, भले ही उपयोगकर्ता इसके लिए अनुमति दे। ऐप्स के कॉल सेंटरों के अक्सर दूसरे राज्यों या देशों में होने का पता चलता है, जो स्थानीय पुलिस की पहुंच से बाहर होते हैं। दूसरा, भारत को अवैध डिजिटल कर्ज देने पर जेल की सजा और भारी जुर्माने वाला कानून बनाने की जरूरत है। जब भी किसी ऐप को स्टोर या डायरेक्ट्री से हटाया जाता है, उसके डेवलपर तुरंत नये नामों से इसे दोबारा लांच कर देते हैं। तीसरा, सरकार सभी वित्तीय ऐप्स के लिए जरूरी बना सकती है कि उनके पास किसी विनियमित बैंक या एनबीएफसी से जुड़े होने का क्रिप्टोग्राफिक रूप से हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र हो। वह ऐप स्टोरों को भारतीय रिजर्व बैंक की व्हाइटलिस्ट को ध्यान में रखकर उनकी लिस्टिंग जांचने के लिए बाध्य कर सकती है। यही कारण है कि केरल सरकार डिजिटल कर्ज देने वाले प्लेटफार्मों को विनियमित करने और राज्य के बाहर से संचालित हो रहे ऐप्स के खिलाफ स्थानीय पुलिस को सशक्त बनाने के लिए नये कानून पर विचार कर रही है। चौथा, देश को प्रभावी ब्याज दरों और शुल्कों पर सख्त डिस्क्लोजर मानकों, वसूली से जुड़े आचरण पर कड़े नियमों, भुगतान एग्रीगेटरों पर ज्यादा कठोर केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) दायित्वों, और उच्च शिकायत दर वाली कर्ज वितरण गतिविधियों के साथ जुड़े यूपीआई आईडीज पर जोखिमभरे का टैग लगाने की जरूरत है।




बंगाल चुनाव

26 हजार से ज्यादा नौकरियां जाने से जेन-जी आक्रोशित

## रैलियों की भीड़, बदलते मूड का संकेत

बिमल राय

चुनावी मौसम में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग नेताओं को देखने-सुनने के साथ-साथ हेलिकॉप्टर देखने भी आते हैं। 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में कश्मीर से आए बख्तरबंद वाहन लोगों में कौतुहल का विषय बने हुए हैं, जिसका इस्तेमाल आतंकी विरोधी अभियान में होता था। ये गाड़ियां बंगाल में संस्थागत रूप से जनादेश लूटने वालों को एक कड़ा संदेश दे रही हैं। बंगाल के पाले-पोसे गए दबंग इस बार शांत दिख रहे हैं। हालांकि वर्षों तक पशु तस्करी सहित अन्य कई मामलों में तिहाड़ प्रवास के बाद जमानत पर छूटे दबंग अणुव्रत मंडल की मानें, तो रॉयल बंगाल टाइगर इन्हें चबा जाएगा।

एक मार्च से ही पूरे राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की गश्त, छोटे-बड़े सौ से ज्यादा अफसरों के तबादलों सहित चुनाव आयोग ने कुछ ऐसे कदम उठाए हैं, जिससे इस बार शांतिपूर्ण चुनाव की उम्मीद बंध रही है। आयोग के इस कदम के खिलाफ हाईकोर्ट में भी अपील की गई, जो खारिज कर दी गई। 16 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग के फैसले को नहीं पलटा। पिछले कई दशकों से यह साबित हो चुका है कि बंगाल में कोई भी चुनाव एक युद्ध जैसा होता है। चुनाव आयोग ने 23 अप्रैल को 152 सीटों पर होने वाले पहले चरण में ही सुरक्षा बलों की 2,407 कंपनियों की तैनाती के अलावा, एजेंटों को बूथों के बाहर टेंट लगाकर बैठाने, हर बूथ पर दो-दो कैमरे लगाने, दूसरे राज्यों के पुलिस पर्यवेक्षकों की बहाली, राज्य पुलिस को बूथ से 100 मीटर दूर रखने सहित कई नई व्यवस्थाएं करके 'वोट लुटेरों' के लिए कोई मौका नहीं छोड़ा है।

जहां तक तृणमूल के एक खास वोट बैंक का सवाल है, बहुत सारे लोग समझ गए हैं कि एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री की ओर से इतना बवाल नहीं किया गया होता, तो यह काम समय पर पूरा हो जाता और करीब 32 लाख लोगों को मताधिकार से वंचित नहीं होना पड़ता। तार्किक विसंगति वाले मामलों के निपटारे की प्रक्रिया में भी बाधा डाली गई। बीडीओ ऑफिस जलाए गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने व उन पर जानलेवा हमले तक का दुस्साहस किया गया। लोगों को भड़काने वाले नेता और 'ऑन द स्पॉट' वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने की मांग कर रहे कई लोगों को एनआईए ने पकड़ लिया है और कुछ फरार चल रहे हैं।

एसआईआर में 91 हजार नाम कटने, और तार्किक विसंगति के मामलों का पूरा निपटारा नहीं होने के कारण करीब 32 लाख लोग इस बार वोटिंग नहीं कर पाएंगे। हालांकि 16 अप्रैल को दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने वोटिंग से दो दिन पहले तक




न्यायाधिकरणों द्वारा वैध ठहराए गए वोटरों को मताधिकार का हक दे दिया है। फिर भी अनुमानतः तार्किक विसंगति वाले 25-26 लाख लोग मताधिकार से वंचित रह ही जाएंगे। कम अंतर से जीत-हार वाली सीटों पर यह छंटनी भाजपा की मदद कर सकती है, क्योंकि जिनके नाम कटे हैं, उनमें से ज्यादातर तृणमूल समर्थक माने जाते हैं। ओवैसी व हुमायूं कबीर इसके लिए ममता को जिम्मेदार ठहराकर मुसलमानों का नया रहनुमा बनने का दम भर रहे हैं।

उत्तर बंगाल में यह चुनाव चाय बागान मजदूरों के अलावा कोच-राजबंशी और कामतापुरी तबके की पहचान की लड़ाई के तौर पर उभरा है। साथ ही इसके नतीजे दार्जिलिंग पर्वतीय क्षेत्र में दशकों पुरानी गोरखा समस्या के राजनीतिक समाधान का रास्ता भी खोल सकते हैं।यही वजह है कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा इन मजदूरों को जमीन का मालिकाना हक देने और न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने जैसे वादों के साथ लुभाने की कोशिश कर रही है। राज्य का चाय उद्योग लंबे अरसे से बदहाली के दौर से गुजर रहा है। कई बागान बरसों से बंद पड़े हैं। अब बागान मजदूरों की नई पीढ़ी पारंपरिक पेशे को छोड़कर दूसरे शहरों में जाकर नए-नए पेशे आअपना रही है। इलाके के चाय बागान मजदूर कुछ साल के अंतराल पर पाला बदलते रहे हैं। यह लोग रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के समर्थन का फैसला करते रहे हैं।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भौगोलिक और जागितगत विविधता को ध्यान में रखते हुए मतदान का पहला चरण सत्ता के दोनों दावेदारों यानी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के लिए बेहद अहम है। खासकर भाजपा इस दौर में अपनी पिछली सीटों पर कब्जा कायम रखने के साथ ही उसे और बढ़ाने की कोशिश करेगी जबकि तृणमूल कांग्रेस उत्तर बंगाल में अपनी सीटों की संख्या बढ़ा कर इलाके में अपने कमजोर होती पकड़ को दोबारा मजबूत करने का प्रयास करेगी।

पिछली बार 77 पर अटक जाने वाली भाजपा इस बार ममता पर व्यक्तिगत हमले करने से बच रही है। तृणमूल के 1500 रुपये के लक्ष्मी भंडार और बेरोजगारी भत्ते को भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में दोगुना कर दिया है। महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त सफर और राज्य में उद्योग लगाने व कानून-व्यवस्था की हालत सुधारकर महिला सुरक्षा बढ़ाने यानी योगी मॉडल लागू करने की भी बात की गई है। कोलकाता के पास पानीहाटी से आरजी कर अस्पताल की पीड़िता की मां को टिकट देकर भाजपा ने महिला सुरक्षा के विमर्श को पूरे राज्य में जिंदा कर दिया है।

रही बात कांगेस, वाम दलों, ओवैसी व हुमायूं कबीर के दलों की, तो ये दल कुछ सीटों पर भाजपा या तृणमूल की जीत-हार का कारण बन सकते हैं। वोटरों का संदेश जनसभाओं में आने वाले लोगों की शारीरिक भाषा से भी समझा जा सकता है। सिलीगुड़ी की एक बच्ची का वीडियो काफी वायरल हुआ है, जिसमें वह बच्ची पुलिस वाले से पूछ रही है कि 'पुलिस अंकल, मोदी जी कब तक आएंगे?' जबकि ममता और उनके भतीजे की जनसभाओं में पीछे की सीटें खाली जा रही हैं।

चुनाव पूर्व हिंसा पर इस बार काफी हद तक लगाम लगी है, हालांकि विपक्षी उम्मीदवारों के पोस्टर फाड़ने, कुछ इलाकों में उम्मीदवारों पर हमले की खबरें भी आई हैं, पर पुलिस व केंद्रीय बलों की त्वरित कार्रवाई से असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त हैं।

बंगाल में शिक्षकों की 26 हजार से ज्यादा नौकरियां जाने के मामले से पूरा युवा समाज या जेन-जी आक्रोशित है। तमाम जनमत सर्वेक्षणों, अनुमानों, भय के कारोबार, बेरोजगारी भत्ते जैसे हालिया लागू प्रलोभनों के बावजूद लगता है, इस बार बंगाल का युवा सचमुच बदलाव के मूड में है।

खुला मंच

## पर उपदेश कुशल बहुतेरे

पूरन सरमा

सही कहा है, दूसरों को उपदेश देने वाले एक से एक नायाब माहिर लोग मिल जाएंगे। दूसरों को बैंगन परहेज में बताएंगे और खुद रोज उसका भुर्ता बना कर खाएंगे। मुझे उपदेश दिया गया कि मैं 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' पर व्यंग्य रचना लिखूं, लेकिन मैं कहता हूं कि वे खुद लिखकर बताएं कि उपदेशियों पर व्यंग्य कैसे लिखा जाता है। अब जनाब मेरी तो मजबूरी है सो लिखना पड़ेगा, परंतु ऐसा विषय नहीं चुनना चाहिए जिसमें लिखने पर पसीना छूट जाए। लेकिन कहते हैं न कि श्रम व्यर्थ नहीं जाता तथा उसके बदले कुछ न कुछ अवश्य मिलता है। ईश्वर को शायद यही मंजूर हो कि मुझे यह व्यंग्य लिखने पर कुछ न कुछ हासिल हो, इसलिए लिखनी पड़ रही है यह व्यंग्य रचना।

कई बार मन करता है कि किसी को कोई सीख दूं, लेकिन मुझे बया वाली बात याद आ जाती है। बया ने कोई सीख बंदर को दी बताई, प्रतिफल में उसे अपना घोंसला उजड़वाना पड़ा। यह सोचकर ठण्डा हूं अन्यथा उपदेशों का भण्डार भरा पड़ा है मेरे भीतर भी।

चाहे वह कार्य मैं स्वयं नहीं करता लेकिन दूसरों को उपदेशों की घुट्टी पिलाकर चाहता हूं कि वह मेरी बतायी सीख पर चले। आदर्शों का पालन करे तथा अपना जीवन बेहतर और खुशहाल बनाए। भले मेरा जीवन नरक चौदह के सन्निकट है। अब मैं भी क्या करूं? मैं अपनी आदतों से बाज नहीं आता तथा उपदेशों का राग बिल बिलावत गाता रहता हूं बिला वजह। इसलिए मेरा प्रयत्न तो अपने उपदेशों से अधिक से अधिक खुशहाली लाना है। हालांकि मेरी खुशी इतनी सी है कि मेरी सीख को कोई सुन भर लें, फिर वह उस पर अमल करे या न करे, लेकिन सुन भर लेने से ही मुझे आत्मिक तोष और शान्ति प्राप्त होती है।

भारतवर्ष में जनसेवकों की कमी नहीं है, आये दिन कहते रहते हैं कि साक्षर होना जरूरी है, ईमानदारी से रहना चाहिए, भ्रष्टाचार नहीं करना चाहिए, देश को प्राणों से भी प्यारा मानना चाहिए और दूसरों को सहयोग करना चाहिए। अब इन कसौटियों पर जनसेवक नेताजी को उतारा जाए तो खुद निरक्षर मिलेंगे, ईमानदार की जगह बेईमान मिलेंगे, जहां एक-दूसरे के सहयोग की बात है, बनते काम बिगाड़ते मिलेंगे। रिश्वत, कमीशन खाएंगे और कुछ नहीं तो घोटाला करेंगे। अब पूछिये कि भैया घोटाला करने की आवश्यकता क्या थी? तो जवाब कुछ नहीं, बस मौन धारण कर लेंगे और नए नायाब ढंग से कोई नया घपला करने की दिशा में सचेष्ट और सजग हो जाएंगे। इसलिए जनसेवक नेताजी से क्या सीख लें, मेरी समझ में तो कुछ आ नहीं रहा। इतना जरूर है कि समाज में इनकी झूंठ का असर होता है तथा लोग आश्वासन व बहकावे में आकर इनकी बातों पर विश्वास कर लेते हैं।

सोशल मीडिया


इन्फ्लुएंसर संस्कृति में सफलता का पैमाना व्यूज, लाइक्स, फॉलोअर्स और ट्रेंडिंग

## इन्फ्लुएंसर संस्कृति और संस्कारों का संकट

सिकंदर बंसल

आज का युग तकनीक का युग है, जहां सोशल मीडिया ने सूचना, मनोरंजन और अभिव्यक्ति को हमारी हथेली पर समेट लिया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स ने दुनिया को छोटे-छोटे स्क्रीन्स में कैद कर दिया है। भारत में सोशल मीडिया यूजर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है- 2025 तक युवा वर्ग में 83 प्रतिशत जेन-जी खुद को कंटेंट क्रिएटर मानते हैं (यूट्यूब इंडिया रिपोर्ट)। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग पर 2024 में 290 मिलियन डॉलर खर्च हुए, जो 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। लेकिन यह सुविधा कितनी खतरनाक साबित हो रही है? क्या हम अपने बच्चों को सही संस्कार दे पा रहे हैं, या उन्हें एक ऐसी आभासी दुनिया में अकेला छोड़ रहे हैं जहां वायरल होना ही जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य बन गया है। यह प्रश्न अब औपचारिक चिंता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकट बन चुका है। इन्फ्लुएंसर संस्कृति ने युवाओं की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। पहले सफलता का मतलब था परिश्रम, शिक्षा, नैतिकता और मेहनत। आज सफलता का पैमाना व्यूज, लाइक्स, फॉलोअर्स और ट्रेंडिंग है। युवा सोचते हैं कि एक वायरल रील या प्रैंक उन्हें रातोंरात स्टार बना देगा। परिणामस्वरूप, भद्दे प्रैंक्स, अश्लील कंटेंट, विवादास्पद बयान और झूठी खबरों की बाढ़ आ गई है। मनोरंजन के नाम पर जो कुछ प्रस्तुत किया जा रहा है, वह समाज के नैतिक ताने-बाने को कमजोर कर रहा है। 14-16 वर्ष के बच्चों में 76 प्रतिशत सोशल मीडिया का उपयोग मनोरंजन के लिए करते हैं, जबकि शिक्षा के लिए केवल 57 प्रतिशत (सरकारी सर्वे 2024)।

यह असंतुलन युवाओं को सस्ती लोकप्रियता की होड़ में धकेल रहा है। हिमाचल प्रदेश की यूट्यूबर इशिता पुंडीर का हालिया मामला इसका जीता-जागता उदाहरण है। अप्रैल 2026 में उन्होंने भारतीय सेना के जवानों की पत्नियों-गर्लफ्रेंड्स के प्रति निष्ठा पर अमर्यादित टिप्पणी की। 'आर्मी वाले अपनी बीवी या गर्लफ्रेंड के प्रति वफादार नहीं होते', जैसी बात कहकर उन्होंने लाखों फॉलोअर्स वाले अपने प्लेटफॉर्म पर वीडियो पोस्ट किया। इस पर भारी आक्रोश हुआ, एफआईआर दर्ज हुई और इशिता को माफी मांगनी पड़ी। यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि इन्फ्लुएंसर संस्कृति की बीमारी का प्रतीक है, जिसमें प्रसिद्धि के लिए किसी भी सीमा को लांघा जा सकता है। युवा देखते हैं कि विवाद खड़ा करके ट्रेंडिंग पर आना आसान है, तो



नैतिकता की चिंता क्यों करें? इसी तरह, प्रैंक्स और रील्स की होड़ मनोरंजन की सीमा पार कर चुकी है। किसी को डराना, अपमानित करना, भावनाओं से खेलना- इसे हास्य नहीं माना जा सकता। बच्चे और किशोर जब ऐसे कंटेंट देखते हैं, तो इसे सामान्य व्यवहार समझने लगते हैं। इससे आक्रामकता बढ़ती है। हिमाचल के सरकाघाट (मंडी जिले) में 19 वर्षीय सिया गुलेरिया की दुखद हत्या इसका उदाहरण है। अप्रैल 2026 में एक युवक ने सिकल से उनका गला काट दिया। यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि उस मानसिकता का प्रतिबिंब है जो सोशल मीडिया पर लगातार हिंसक, उग्र और असंवेदनशील कंटेंट से पनप रही है। हेट स्पीच, गाली-गलौज और साइबर बुलिंग अब रोजमर्रा की बात हो गई है। अध्ययनों से पता चलता है कि सोशल मीडिया पर तीन घंटे से ज्यादा समय बिताने वाले युवाओं में डिप्रेशन और एंग्जायटी का खतरा दोगुना हो जाता है। समाज में बढ़ती असहिष्णुता, आक्रामकता और भावनात्मक असंतुलन इसी का परिणाम है। बच्चों के संस्कार उनके वातावरण से बनते हैं। पहले घर में नैतिक शिक्षा, अनुशासन, बड़ों का सम्मान और संवाद होता था। आज हर घर में मोबाइल है, हर सदस्य अपनी स्क्रीन में खोया है। पारिवारिक संवाद लगभग समाप्त हो चुका है।

अभिभावकों की भूमिका अब और महत्वपूर्ण हो गई है। बच्चों को मोबाइल के हवाले कर देना घातक है। उन्हें समझाना जरूरी है कि क्या सही है और क्या गलत। माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए, उनकी बात सुननी चाहिए और डिजिटल लिटरेसी सिखानी चाहिए। स्क्रीन टाइम सीमित करना, ऑफलाइन गतिविधियां बढ़ाना और सकारात्मक आदर्श प्रस्तुत करना आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षा प्रणाली को भी इस चुनौती का सामना करना होगा। स्कूल केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का केंद्र हैं। पाठ्यक्रम में डिजिटल नैतिकता, साइबर सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करना चाहिए। शिक्षकों का सम्मान लौटाना आवश्यक है, क्योंकि वे समाज के सच्चे मार्गदर्शक हैं। पुस्तकों की ओर बच्चों को प्रेरित करना भी जरूरी है, क्योंकि सच्चा ज्ञान स्क्रीन से नहीं, किताबों से मिलता है। अध्ययनों में पाया गया है कि सोशल मीडिया की वजह से छात्रों का ध्यान भटकता है, नींद कम होती है और अकादमिक प्रदर्शन गिरता है। हिमाचल प्रदेश जैसे शांत राज्य में भी नशे की समस्या बढ़ रही है। 2025 के पहले तीन महीनों में 597 एनडीपीएस मामले दर्ज हुए, 29 प्रतिशत की वृद्धि। जेलों में 40-45 प्रतिशत कैदी नशीले पदार्थों से संबंधित हैं। 'चिट्टा' (हेरोइन) जैसी सिंथेटिक ड्रग्स युवाओं को बर्बाद कर रही हैं। सोशल मीडिया पर नशे को आकर्षक लाइफस्टाइल दिखाया जाता है, जो युवाओं को प्रभावित करता है।

यह सामाजिक चेतना की कमी का प्रमाण है। दुनिया के कई देशों ने इस संकट को पहचाना और सख्त कदम उठाए। चीन ने इन्फ्लुएंसर्स पर कड़ा नियंत्रण लगाया, फाइनेंस, हेल्थ, लॉ जैसी संवेदनशील विषयों पर बोलने के लिए डिग्री या प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया। अयोग्य कंटेंट पर खाते बंद किए गए। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2025 से 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया- प्लेटफॉर्म्स पर भारी जुर्माना। ब्रिटेन भी इसी दिशा में कानून बना रहा है। यूएई में भ्रामक कंटेंट पर सख्त सजा है। ये उदाहरण साबित करते हैं कि इच्छाशक्ति हो तो सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोका जा सकता है। भारत में भी तत्काल कार्रवाई जरूरी है। अश्लीलता, हिंसा, नशा या घृणा फैलाने वाले इन्फ्लुएंसर्स के खातों को ब्लॉक करना चाहिए। आईटी एक्ट को और मजबूत बनाकर सख्त कानून लागू हों। समाज को मिलकर सकारात्मक कंटेंट प्रोत्साहित करना चाहिए।

जीवन दर्शन

## सत्संग एक आवश्यकता है, विकल्प नहीं ...

सत्संग से उपजा विवेक मनुष्य के जीवन में स्पष्ट परिवर्तन लाता है क्योंकि तब मनुष्य प्रतिक्रिया नहीं, उत्तर देता है, दोषारोपण नहीं करता बल्कि आत्मपरीक्षण करता है, संग्रह करने के बजाय संतोष करना सीख लेता है और दूसरों को बदलने से पहले स्वयं को समझता है, अपनी गलतियां सुधारता है और एक बेहतर इनसान बनने की राह का पथिक बन जाता है। ऐसा व्यक्ति समाज में रहते हुए भी भीतर से स्वतंत्र होता है। सत्संग से उपजे विवेकपूर्ण जीवन की पहचान यही है। यही कारण है कि संत जनों का कहना है कि सत्संग एक आवश्यकता है, विकल्प नहीं है...


भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का एक अटल सत्य है कि मनुष्य का जीवन केवल कर्मों से नहीं, संगति से भी गढ़ा जाता है। भक्त शिरोमणि गोस्वामी तुलसी दास जी का प्रसिद्ध कथन 'बिनु सत्संग विवेक न होई' केवल एक पंक्ति नहीं, बल्कि मनुष्य के आंतरिक विकास का शाश्वत सूत्र है। यह पंक्ति स्पष्ट करती है कि विवेक, अर्थात सही और गलत, नित्य और अनित्य, सार और असार का बोध, अपने आप उत्पन्न नहीं होता। इसके लिए जिस वातावरण, जिस संगति की आवश्यकता है, वही सत्संग है। सत्संग की



भूमि में ही विवेक का बीज फलता-फूलता है। इस सब को गहराई से समझने के लिए हमें यह भी समझना होगा कि सत्संग क्या है और विवेक क्या है। दोनों के वास्तविक अर्थ को समझ लें तो ही इस कथन की महत्ता को भी समझा जा सकता है। आज का युग तकनीक का युग है। आज हमें सत्संग कई नए और सुविधाजनक रूपों में उपलब्ध है। संत साहित्य का स्वाध्याय, सद्विचारों की संगति, जीवन जी रहे महापुरुषों का सान्निध्य आदि तो है ही, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और जूम आदि सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म भी हमें सत्संग की सुविधा प्रदान करते हैं। यही नहीं, आत्ममंथन भी एक आंतरिक सत्संग का बड़ा स्रोत है। अक्सर सत्संग को किसी धार्मिक सभा, प्रवचन या कीर्तन तक सीमित मान लिया जाता है। जबकि सत्संग का अर्थ है- सत के साथ संगति। 'सत' अर्थात सत्य, चेतना, आत्मा, ईश्वर, और संग अर्थात निकटता।

इस दृष्टि से सत्संग तीन स्तरों पर होता है। इनमें से पहला है संत-संगति, यानी ऐसे व्यक्तियों का साथ जिनका जीवन मूल्य, संयम और करुणा से आलोकित हो। दूसरा है सत विचार संगति, यानी शास्त्र, उपनिषद, गीता, रामचरितमानस जैसे ग्रंथों का अध्ययन, मनन और उनके द्वारा दी गई शिक्षा पर चिंतन, और अंत में आती है आत्म-संगति, यानी अपने भीतर के सत्य से जुड़ना। जहां इन तीनों का समन्वय होता है, वहीं वास्तविक सत्संग घटित होता है। अब बात आती है कि विवेक है क्या? विवेक के मायने क्या हैं? सामान्य अर्थों में विवेक को बुद्धि या समझ से जोड़ दिया जाता है, परंतु आध्यात्मिक दृष्टि से विवेक केवल बौद्धिक क्षमता ही नहीं है। विवेक वह अंतःदृष्टि है जो मनुष्य को यह पहचानने में समर्थ बनाती है कि क्या सत्य है और क्या मात्र आकर्षण, क्या स्थायी है और क्या क्षणिक, क्या आत्मोन्नति का मार्ग है और क्या पतन का। शास्त्रों में विवेक को मोक्ष का प्रथम सोपान कहा गया है।

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम् !**
**उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् !!**

**भावार्थ**

यह मेरा है और यह तेरा है, ऐसी सोच छोटे विचारो वाले लोगो की होती है. इसके विपरीत उदार रहने वाले व्यक्ति के लिए यह पूरी धरती एक परिवार की तरह होता है।

# रेवांचल सुपरफास्ट में यात्रियों को मिलेगी राहत, बढ़ेंगे जनरल और इकोनॉमी कोच

**जागरण, रीवा।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ और लंबे समय से चली आ रही सीटों की कमी को देखते हुए रेलवे अब रेवांचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में बड़ी सुविधा देने की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार, ट्रेन में जल्द ही जनरल (अनारक्षित) और एसी 3-टियर इकोनॉमी (3एसी) कोचों की संख्या बढ़ाई जा सकती है, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। बताया जा रहा है कि रेलवे का फोकस अब ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कम किराए में बेहतर सफर उपलब्ध कराना है। इसी के तहत एसी 3-टियर इकोनॉमी कोच को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें सामान्य एसी कोच के मुकाबले ज्यादा सीटें होती हैं और किराया भी अपेक्षाकृत कम रहता है। वहीं, जनरल कोचों में बढ़ती भीड़ और यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इनकी संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। इससे बिना आरक्षण यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव आने वाले समय में नई टाइम टेबल या कोच रेक व्यवस्था में परिवर्तन के साथ लागू हो सकता है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है।



### आने और जाने वाली सभी ट्रेनों में चल रही वेटिंग

पीक सीजन के चलते रीवा रेलवे स्टेशन से आने जाने वाले सभी ट्रेनों में आरक्षण टिकट में वेटिंग की स्थित है, रेवांचल सुपरफास्ट, रीवा आनंद विहार, रीवा-इतवारी, रीवा-अंबेडकर नगर, रीवा- राजकोट, रीवा बिलासपुर सहित सासाहिक ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ पहले के मुकाबले काफी अधिक है। हालत यह है कि स्लीपर कोच में कई बार जनरल कोच जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं।

# गैस्ट्रोवर्ल्ड एंड लिवर सेंटर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### मरीजों को रियायती दरों पर विशेषज्ञों ने की जांच



**रीवा।** गैस्ट्रोवर्ल्ड एंड लिवर सेंटर में वर्ल्ड लिवर के अवसर पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों में लिवर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना और समय पर जांच को प्रोत्साहित करना था। इस शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मरीजों को रियायती दरों पर विशेषज्ञ परामर्श, ब्लड टेस्ट, फाइब्रोस्कैन तथा पेट की सोनोग्राफी जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि आजकल अस्वस्थ जीवनशैली, अनियमित खान-पान, शराब का सेवन और नियमित जांच की कमी के कारण लिवर संबंधी रोगों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस अवसर पर डॉ लवकुश प्रसाद तिवारी, जो गैस्ट्रोवर्ल्ड एंड लिवर सेंटर के संस्थापक एवं प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट हैं, ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि लोगों को लिवर की देखभाल के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया। इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# निरीक्षण अधिकारी ने अनुशासन समयनिष्ठा को बताया महत्वपूर्ण



**रीवा।** सैनिक स्कूल में ब्रिगेडियर अमित चटर्जी, निरीक्षण अधिकारी, सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय नयी दिल्ली का आगमन मंगलवार को हुआ। इस अवसर पर प्रातः 08:00 बजे विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में एक गरिमामयी विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ, जिसके उपरांत कैडेट्स ने सारगर्भित एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मानवीय व नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का सन्देश तथा सफलता के लिए अनुशासन व समयनिष्ठता को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को विद्यालय के पाठ्यक्रम एवं दैनिक दिनचर्या का अनुशासनपूर्वक पालन करने हेतु प्रेरित किया। सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल,वी एसएम,प्राचार्य, सैनिक स्कूल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। प्रातः 9 बजे विद्यालय के चाणक्य हॉल में प्राचार्य ने निरीक्षण अधिकारी के समक्ष विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें प्राचार्य ने विद्यालय में चल रही समस्त शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रगतिशील एवं विकासात्मक परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में निरिक्षण अधिकारी ने समस्त विद्यालय कैंपस, पुस्तकालय, क्राफ्ट लैब इत्यादि का निरीक्षण व अवलोकन किया।

## कार्डियो-मेटाबोलिक मेडिसिन फैलोशिप से सम्मानित हुए डॉ.अनुराग चौरसिया



**रीवा।** श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ.अनुराग चौरसिया को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। इस बात की जानकारी लगने पर मेडिकल कॉलेज के समस्त चिकित्सकों एवं उनके इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की है। बात दें कि यह सम्मान मुंबई में आयोजित चौथी विश्व डब्ल्यूसीसीकेएमएम कॉन्फ्रेंस में उन्हें प्रदान किया गया हैं। उन्हें हृदय रोग, मेटाबोलिक बीमारियों जैसे मधुमेह (डायबिटीज) एवं थायरॉइड के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए कार्डियो-मेटाबोलिक मेडिसिन की फैलोशिप प्रदान की गई। दरअसल यह सम्मान गत 18 अप्रैल को आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज संघ के अध्यक्ष यूरोप से आए डॉ.पीटर श्वार्ज एवं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेत्री सोहा अली खान द्वारा प्रदान किया गया। डॉ.अनुराग चौरसिया पिछले कई वर्षों से हृदय रोग, मधुमेह, थायरॉइड, उच्च रक्तचाप एवं मोटापे जैसी मेटाबोलिक बीमारियों के उपचार एवं जागरुकता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। उन्होंने सैकड़ों मरीजों के जीवन को स्वस्थ एवं बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 24 अप्रैल को



**रीवा।** शा.संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य सौरभ शुक्ला ने बताया कि आगामी 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से हीरो मोटोकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार (उत्तराखंड) द्वारा एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आईटीआई के समस्त इंजीनियरिंग और नॉन-इंजीनियरिंग ट्रेड के उत्तीर्ण महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। ड्राइव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को 24933 रुपए प्रतिमाह का मानदेय व नियमानुसार अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी । इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ नियत समय पर इंटरव्यू के लिए उपस्थित हो सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि 21 अप्रैल को भी संस्थान में महाराष्ट्र की प्रसिद्ध कंपनी एलएंडटी कंस्ट्रक्शन, पनवेल द्वारा अप्रेंटिसशिप के पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस ड्राइव में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों में से 42 योग्य उम्मीदवारों का चयन कंपनी द्वारा किया गया है।

# पिछड़ा वर्ग के बालक व बालिका छात्रावास आदर्श छात्रावास बनेंगे : मंत्री कृष्णा गौर

### पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

जागरण, रीवा

पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने रीवा जिले के प्रवास के दौरान शासकीय पिछड़ावर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक एवं बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालक व बालिका छात्रावासों को आदर्श छात्रावास बनाया जायेगा। उन्होंने बालक छात्रावास की जर्जर स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे छात्रों को तत्काल किराये के कमरों में शिफ्ट करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। मंत्री श्रीमती गौर ने बालक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि जर्जर छात्रावास भवन के स्थान पर सुविधायुक्त अच्छा छात्रावास भवन बनाया जायेगा। बालिका छात्रावास में श्रीमती गौर ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े तथा अपने व अपने परिजनों के सपनों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री के बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओं के



संकल्प को पूरा करने का प्रयास प्रत्येक स्तर पर जारी है। पिछड़ावर्ग व अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को शासन स्तर से उच्च शिक्षा के लिये अनेक सहायता व योजना संचालित की जा रही है जिनके माध्यम से वह देश के बड़े संस्थानों व विदेश में भी अध्ययन कर रहे हैं। श्रीमती गौर ने कहा कि देश व समाज को बदलने में बेटियों को आगे आना होगा और हमारी बेटियाँ किसी से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 30 छात्रावासों को प्रारंभिक तौर पर आदर्श छात्रावास बनाया जा रहा है। जहां सर्वसुविधायुक्त छात्रावास भवन के साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क मेस के माध्यम से भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। रीवा के दोनों छात्रावासों को भी आगामी प्रोजेक्ट में शामिल किया जायेगा और आदर्श छात्रावास बनेंगे।

**बेहतर किचेन की व्यवस्था सुनिश्चित करायें :** उन्होंने बालिका छात्रावास के किचेन के आगामी दो दिनों में सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए कहा कि बेहतर किचेन की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। श्रीमती गौर ने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा छात्रावास की खिड़कियों में जाली लगवाने, बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा शौचालयों में सुधार कार्य कराने के निर्देश दिये।

### छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया

संवाद के दौरान छात्राओं के अपने अनुभव बताये तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं के प्रति संतुष्टि जाहिर की। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती गौर ने छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया। निरीक्षण के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग सुमन द्विवेदी सहित छात्रावास अधीक्षक तथा विभागीय अधिकारी व संबंधितजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व मंत्री श्रीमती गौर ने स्थानीय जनों से भेंट की तथा पिछड़ावर्ग के लिये छात्रावास भवन निर्माण व अन्य आवश्यकताओं की ओर मंत्री श्रीमती गौर का ध्यान आकृष्ट किया।

# 18 सरकारी कॉलेज में स्थायी प्राचार्य नहीं

### शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन, प्रशासनिक कार्यों पर असर

**जागरण,रीवा।** जिले के शासकीय कॉलेज गंभीर प्रशासनिक संकट से जूझ रहे हैं। सभी 18 कॉलेजों में एक भी नियमित प्राचार्य पदस्थ नहीं है और पूरा तंत्र प्रभारियों के भरोसे चल रहा है। इसका असर शिक्षण व्यवस्था, अनुशासन और प्रशासनिक कार्यों पर साफ दिख रहा है। प्राध्यापकों का कहना है कि सीनियरिटी लिस्ट न होने से पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। हैरानी की बात है कि वर्ष 2009 के बाद से प्राध्यापकों की सीनियर्टी लिस्ट तैयार ही नहीं की गई। वर्ष 2012 में सहायक प्राध्यापकों की सूची जारी हुई लेकिन प्राध्यापकों को शामिल नहीं किया गया। सीनियर्टी तय न होने से सीनियर और जूनियर के बीच टकराव बढ़ा है।

### सीनियर जूनियर का विवाद

कई कॉलेजों में सीनियर जूनियर को लेकर विवाद चल रहा है, इसमें शहरी कॉलेज ज्यादा हैं। हालांकि प्रभारी प्राचार्यों ने कमान संभाल रखी है और कॉलेजों की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं, अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आरएन तिवारी द्वारा लगातार कॉलेज में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है, इसी प्रकार जीडीसी कॉलेज प्राचार्य डॉ.विभा श्रीवास्तव के कार्यकाल में काफी विकास कार्य हुए व सबसे अधिक ध्यान सफाई व्यवस्था में दिया गया है। कॉलेज कैंपस में स्वच्छता के साथ-साथ मैनेजमेंट में काफी सुधार हुआ है। यदि इस प्रकार से प्राध्यापकों को पदोन्नति दे दी जाए तो वह नियमित प्राचार्य बन व्यवस्थाओं को और दुरुस्त कर सकते हैं।

### निर्णय लेने में हो रही देरी : स्थायी

ग्रामीण अंचल के कॉलेजों प्रभारी प्राचार्यो की कार्यप्रणाली से जरूर समस्या हो रही है। नियमित प्राचार्य के अभाव में प्रशासनिक और वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई फाइलें लंबित हैं और विकास कार्यों की गति धीमी हो गई है। अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रही, क्योंकि प्रभारियों के पास सीमित अधिकार होते हैं और वे बड़े निर्णय लेने से बचते हैं।

# नीट परीक्षा 3 मई को, तैयारियों की हुई समीक्षा

### परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश



**जागरण,रीवा।** आगामी 3 मई को शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में नीट की परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। प्रभारी कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें व सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा केन्द्र में पीने के पानी, कमरों में पंखों तथा जनरेटर सेट की अनिवार्यतः उपलब्धता के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केन्द्र के बाहर अभिभावकों के लिये उचित व सुविधाजनक स्थान में छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाय। श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा से पूर्व 27 अप्रैल तक प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिये आबजर्बर नियुक्त कर दिये जायेंगे। परीक्षा केन्द्र की वीडियोग्राफी होगी तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जायेगी। उन्होंने प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन को निर्देशित किया कि सभी तैयारियों का जायजा लेने के लिये केन्द्रों का भ्रमण अवश्य कर लें। उल्लेखनीय है कि 3 मई को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक 12 परीक्षा केन्द्रों में नीट परीक्षा आयोजित होगी। दिव्यांगजनों के लिये एवं घण्टा अतिरिक्त समय नियत किया गया है। बैठक में केन्द्राध्यक्षों ने परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन सहित केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

## स्वामी ऋषि कुमार की जयंती कल

### पचमठा में भक्ति संगीत एवं भण्डारा प्रसाद का होगा आयोजन



**रीवा।** स्वामी ऋषि कुमार की 111वीं जयंती के अवसर पर पचमठा आश्रम में 23 अप्रैल गुरुवार को प्रातःकाल 8:00 बजे से 10:00 बजे तक स्वामी जी की पूजा अर्चना, 10 बजे से 12 बजे तक भक्ति संगीत का कार्यक्रम तथा दोपहर 1:00 से भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी पचमठा आश्रम के प्रमुख विजय शंकर ब्रह्मचारी ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए नगर के सभी श्रद्धालुजनों, गणमान्य नागरिकों तथा आम जनमानस से पचमठा आश्रम पहुँचकर भण्डारा प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

# कंपनियों ने 50 से अधिक छात्रों को दिया प्लेसमेंट

### पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में ओपन कैंपस ड्राइव आयोजित




**रीवा।** पेंटियम प्वाइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन में ओपन कैंपस ड्राइव आयोजित। वी-मैक मैनुफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड व इन्वेस्टट्रैक फ़ाइनेंशियल एडवाइज़री एंड वेल्थ मैनेजमेंट कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से छात्रों को दिया प्लेसमेंट। पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में विभिन्न कंपनियों द्वारा ओपन कैंपस का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से अपना भविष्य सँवारने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। आज आयोजित हुए कैंपस में बीए, बीएससी, बीकॉम, ईसीए, एमए, एमएससी तथा एमबीए के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ग़ौरतलब है कि पेंटियम प्वाइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में इस माह तीन तीन कैंपस ड्राइव किए जा चुके हैं जिनमें एआई बेस्ड कंपनी इकीगाई, वी-मैक मैनुफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड और इनवेस्टट्रैक आदि कंपनियाँ शामिल रहीं। कैंपस ड्राइव के संबंध मे पीपीजीआई के टीपीओ मनोज गुप्ता ने बताया कि दो अलग अलग कंपनियों ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से संस्थान में अप्रेंटिस बेस्ड कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जिसमें वी-मैक मैनुफैक्चरिंग वलसाड और एपीएम एचआर सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में अमेल शिंडे द्वारा छात्रों का इंटरव्यू लिया गया जिसमें लगभग सभी संकायों के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया, कंपनी द्वारा 50 से अधिक छात्रों को प्लेसमेंट दिया गया। वहीं यह कंपनी मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग, मैनेजमेंट आदि फ़ील्ड में छात्रों को अप्रेंटिस आधारित प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करती है। कंपनी के रिप्रेज़ेंटेटिव अमोल शिंडे ने कहा कि रीवा के युवाओं में ज़बरदस्त ऊर्जा व क्षमता है व सही समय पर रोज़गार मिलने पर ये युवा औरों से बहुत बेहतर कर सकते हैं। वहीं दूसरी कंपनी इनवेस्टट्रैक इन्वेस्टमेंट बेस्ड बिज़नेस कंपनी है जो कि सेल्स, एचआर, मैनेजमेंट, फ़ाइनेंस, मार्केटिंग व टेक्निकल सर्विसेज व सपोर्ट के क्षेत्र में काम करती है, जिसके द्वारा आयोजित कैंपस ड्राइव में छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कैंपस प्लेसमेंट के दौरान पेंटियम प्वाइंट कालेज ऑफ मैनेजमेंट की प्राचार्य डॉ मोना तिवारी व कंपनी के एचआर रवि मिश्रा ने छात्रों का इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया। वहीं इन्वेस्टट्रैक के प्रतिनिधि रवि मिश्रा ने कहा कि पेंटियम प्वाइंट कॉलेज के छात्रों में अनुशासन व लगन की कोई कमी नहीं है व निश्चित रूप से इन सभी छात्रों का भविष्य बहुत उज्ज्वल होगा। इस अवसर पर संस्था के शैक्षणिक संचालक डॉ एस के त्रिपाठी ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं साथ ही कैम्पस के सफल आयोजन पर आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी। वहीं संस्था के मुख्य प्रबंधक संचालक बीएन त्रिपाठी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट हेतु पेटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को चयनित करने हेतु सभी कंपनियों को धन्यवाद ज्ञापित किया, साथ ही उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभाशीष देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के भविष्य निर्माण में बहुत निर्णायक सिद्ध होते हैं तथा इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट की गतिविधियों को समय समय पर संस्थान में आयोजित कराया जाता रहेगा जिससे अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकेंगे। इसके साथ ही मुख्य प्रबंध संचालक ने कैंपस के सफल आयोजन हेतु संस्था के समस्त प्राचार्यों प्राध्यापकों तथा शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सभी चारों मैचों में जीत दर्ज कर रीवा की टीम पहुंची फाइनल



### 23 को शहडोल संभाग के विरुद्ध होगा खिताबी मुकाबला

**जागरण,रीवा।** रीवा संभाग की क्रिकेट टीम के लिये यह सत्र उपलब्धियों वाला है। विगत माह टी-20 अंतरसंभागीय प्रतियोगिता को जीतने के बाद अब एक बार और रीवा के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुये मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की अंतर संभागीय अंडर-22 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ज्ञातव्य हो कि रीवा टीम के कोच व पूर्व रणजी खिलाड़ी अनुराग सिंह एवं मैनेजर मेहुल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में रीवा की अंडर-22 टीम ने ग्वालियर में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में अब तक खेले गये चारों मैचों में शानदार खेल दिखाते हुये सभी चारों मैचों में जीत हसिल की है तथा प्रदेश के सभी संभागों पछाड़ते हुये पहला स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता में अपने सफर के दौरान पहले मैच में रीवा ने सागर को 128 रन से, दूसरे मैच में ग्वालियर को 5 विकेट से, तीसरे मैच मे जबलपुर को 7 विकेट से एवं अंतिम मैच में प्रदेश क्रिकेट की सबसे सशक्त इंदौर टीम को 101 रनों पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया है। अब 23 अप्रैल को फाइनल मैच में रीवा का मुकाबला दूसरे स्थान पर आई शहडोल संभाग की टीम से होगा। रीवा की ओर अभी तक खेले गये मैचों में बल्लेबाजी में आर्यन तिवारी एवं हर्षित दुबे ने जोरदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया है, आर्यन ने 2 शतक एवं हर्षित दुबे ने 2 अर्धशतक व 1 शतक बनाया है। इनके अतिरिक्त सागर सिंह, रुद्रांश सिंह एवं कप्तान अंनत वर्मा ने भी बल्ले से सराहनीय खेल दिखाया है। गेंदबाजी में रवि तिवारी, हर्षित यादव , आयूष शुक्ला ने प्रभावशाली बॉलिंग की है। रीवा ने अब तक जैसा खेल दिखाया है उसे देखते हुये टीम के चैंपियन बनने की पूरी संभावना दिख रही है। रीवा संभागीय टीम के शानदार प्रदर्शन पर आरडीसीए के संरक्षक नागेंद्र सिंह, अध्यक्ष राजीव खन्ना, मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अरुण शुक्ला, सचिव कमल श्रीवास्तव, चेयरमैन केके सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, राज कुमार श्रीवास्तव, डॉ.दीपक कपूर, सह सचिव अनुराग सेठी एवं देवेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष फैज सिद्दीकी, सभागीय चयनसमिति के चेयरमैन आनंद सिंह सहित सभी जिला क्रिकेट संघों के अध्यक्ष व सचिव, आरडीसीए के सदस्य, पूर्व व वर्तमान खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर बधाई व फाइनल मैच के लिये शुभकामनाएं दी हैं।

# जनसम्पर्क शासन-प्रशासन और आमजन के बीच सूचना का सेतु



### एमसीयू में मनाया गया जनसम्पर्क दिवस

**रीवा।** माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जनसम्पर्क अधिकारी उमेश तिवारी ने कहा कि जनसम्पर्क प्रशासन की सबसे संवेदनशील विधा है। जनसम्पर्क शासन-प्रशासन और आमजनता के बीच सेतु के रूप में कार्य करता है। जनकल्याण की सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं को आमजन तक विभिन्न संचार माध्यमों से पहुंचाना जनसम्पर्क का उद्देश्य है। मीडिया के वर्तमान युग में जनसम्पर्क अथवा पीआर प्रबंधन का महत्वपूर्ण भाग है। प्रत्येक पीआर प्रोफेशनल्स को हमेशा तथ्यों की ठोस जमीन पर खड़े रहना चाहिए। सूचना का सही स्रोत और समाचार का सही स्वरूप उसके प्रभाव को निर्धारित करता है। एक गलत सूचना के परिणाम दूरगामी होते हैं। उससे शासन, संस्थान अथवा व्यक्ति की छवि को हानि पहुंचने के साथ-साथ समाज में भ्रम भी फैलता है। समाचारों का उद्देश्य सदैव समाज कल्याण होता है। सूचना और समाचार में बहुत अंतर होता है। हर सूचना समाचार नहीं होती है। जनकल्याण की कसौटी पर खरी उतरने वाली सूचना ही समाचार होती है। शासन और संस्थान के लिए समय पर सही सूचना उपलब्ध कराना जनसम्पर्क के लिए सबसे बड़ी चुनौती और सबसे बड़ा लक्ष्य है। कार्यक्रम में रीवा परिसर के निदेशक डॉ. सतेंद्र डेहरिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज फेक न्यूज के दौर में जनसंपर्क विशेषज्ञों के सामने सबसे बड़ी चुनौती 'सत्य' को 'सलीके' से पेश करने की है। जनसंपर्क में रणनीतिक प्रक्रिया के तहत छवि निर्माण, लोक कल्याण, का ध्यान रखते हुए संकट प्रबंधन तक के कार्य होते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारा उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि संवाद स्थापित करना होना चाहिए। भविष्य के पत्रकारों और पीआर पेशेवरों को यह समझना होगा कि बिना तथ्यों के कोई भी विमर्श स्थायी नहीं होता। इस दौरान विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग सहित अन्य विभागों के विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने वर्तमान दौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और सरकारी जनसंपर्क की बदलती कार्यशैली पर विशेषज्ञों से सवाल भी पूछे। कार्यक्रम का संचालन छात्र आदर्श तिवारी ने किया। आयोजन के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. विनोद दुबे ने किया। इस दौरान डॉ. नीति मिश्रा, डॉ. वंदना तिवारी, डॉ. अजीत कुमार मिश्रा, डॉ. दिव्य शंकर, तरुण त्रिपाठी, अंबुज पांडेय, अपर्णा गोस्वामी, आरती श्रीवास्तव, सोमेंद्र सिंह, राहुल चतुर्वेदी, जयप्रकाश पटेल, सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने राजेंद्र सिंह को किया सम्मानित




**रीवा।** भगवान परशुराम प्रकट्योत्सव के उपलक्ष में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने सेवानिवृत प्राचार्य एवं शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह को विवेकानंद पार्क रीवा में आयोजित कार्यक्रम में शूल फल व मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। सिंह समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राज्य स्तर पर 07 बार सम्मानित हो चुके हैं। हाल में ही उन्होंने रेडक्रास सोसाइटी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज के छात्रों के अध्ययन हेतु मरणोपरांत देहदान भी किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी, दलवीर द्विवेदी, सुदर्शनाचार्य महाराज, दामोदराचार्य महाराज, रामदास शुक्ल ,विजय शंकर ब्रम्हचारी, उद्धवदास जी, डॉ पी सी द्विवेदी, सुनीति व्यास के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में 80 फरियादियों ने कलेक्ट्रेट में सुनाई अपनी व्यथा



**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए ग्रामीणों और आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति में सुधार, अवैध अतिक्रमण को हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किश्तों के भुगतान और गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक और डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन ने 80 व्यक्तियों के आवेदन पत्रों में सुनवाई की।

जनसुनवाई में ग्राम गुढ़वा तहसील गुढ़ निवासी रक्षारानी पटेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग में अधिग्रहित भूमि के बदले खसरे में रकवा सुधार न होने के संबंध में आवेदन दिया, जिसमें तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसी तरह ग्राम करहिया तहसील त्योंथर निवासी नीरज गुप्ता ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व की आराजी पर न्यायालय के स्टे के बावजूद उनकी फसल जबरन काट ली गयी है। ग्राम माड़ौ तहसील सिरमौर के रविदत्त सिंह ने फर्जी शपथ-पत्र के जरिए फसल पंजीयन कराने और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुँचाने वालों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। प्रकरण में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम रौसर के आदित्य मिश्रा ने आवेदन दिया कि उनकी निजी भूमि पर सड़क निर्माण के दौरान बिना अनुमति के विद्युत पोल गाड़ दिए गए और अब उसे हटाने के लिए विभाग द्वारा अवैध रूप से शुल्क की मांग की जा रही है। जनसुनवाई में सद्गुरु साईंनाथ नर्सिंग कॉलेज की छात्रा आँचल शुक्ला और अन्य छात्राओं ने आवेदन दिया कि वर्ष 2019-2024 में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया गया था इसके बावजूद कॉलेज प्रबंधन द्वारा नर्सिंग काउंसिल भोपाल में उनका रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जा रहा है, जिससे उनका भविष्य अधर में है। ग्राम बरहुला तहसील जवा के कुंजीलाल वर्मा और लीलावती वर्मा ने वर्ष 2017 में एक सड़क दुर्घटना में अपने पुत्र विजय की मृत्यु होने पर लंबे समय से लंबित आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों की ओर यथाशीघ्र निराकरण करने के लिए प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने आमजनता के आवेदन पत्रों में की सुनवाई



कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। बैठक में प्रमोद पाण्डेय ने पेंशन और जीपीएफ की संशोधित राशि प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिए। महिमा बाथम तथा अंकित शर्मा ने उनकी कक्षाओं में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति रहने पर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति के लिए आवेदन किया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक शिक्षा को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विजय चौरसिया तथा जंगबहादुर सिंह ने अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने अधीक्षण यंत्री जल संसाधन तथा संभागीय पेंशन अधिकारी को प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जमीन से अवैध कब्जा हटाने, आम रास्ता बहाल कराने, जगन्नाथ मंदिर रीवा के सामने के सेप्टिक टैंक को हटाने, भू अर्जन की राशि प्रदान करने तथा अन्य आवेदनों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा की मैहर शारदा मंदिर में हुई बैठक

**रीवा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित दुबे मैहर माँ शारदा मंदिर दर्शन के लिये पधारे। इस अवसर पर उनकी अध्यक्षता में विन्ध्य क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक आमंत्रित की गई। जिसमें महासभा के संगठनात्क ढांचे को मजबूती प्रदान करने सदस्यता बढ़ाने पर गहन विचार किया गया। इसी के साथ सदस्यो को दिशा देने हिन्दू संस्कृति धर्म सनातन को बढ़ावा देने नये कार्यक्रमों का कैलेण्डर तैयार करने पर विचार किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुशवाहा, राष्ट्रीय प्रचारक दीपेन्द्र सिंह, रीवा जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा के साथ सदस्यों ने दुबे का माल्यर्पण से स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने युवाओं को जोड़ने का संकल्प लेते हुये समूचे विन्ध्य में अभा. हिन्दू महासभा की अलख जगाने अपना पूरा योगदान करने का वादा किया।

# किसानों की समस्याओं एवं संगठन विस्तार पर की चर्चा

## भाकियू टिकैत की मासिक बैठक सम्पन्न




**जागरण, रीवा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक किसान कार्यालय रीवा (जिला कलेक्ट्रेट के समीप) में विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों से जुड़ी वर्तमान समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक पहल करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से गेहूं उपार्जन से संबंधित समस्याओं को उठाया गया, जिनमें स्लॉट बुकिंग में हो रही देरी, उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल एवं बैठने हेतु छाया की समुचित व्यवस्था का अभाव, बारदानों की अपर्याप्त आपूर्ति तथा शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप तौल न होने जैसी महत्वपूर्ण समस्याएं शामिल रहीं। इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों तक समस्याओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संगठन विस्तार के तहत रमेश पटेल को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। बैठक में रीवा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संगठन के पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपने तथा व्यापक स्तर पर किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुग्रीव सिंह ने की। बैठक में प्रदेश महासचिव उमेश पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि संभागीय अध्यक्ष हरिहर पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह, जिला संगठन मंत्री वीरेन्द्र पयासी, जिला युवाध्यक्ष दिनेश सिंह, तहसील अध्यक्ष शिवमंगल सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, वीरेंद्र कुमार बौद्ध, आदर्श सिंह, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, निरंजन सोनी सहित अन्य किसान एवं संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की एकजुटता एवं किसानों के अधिकारों की रक्षा हेतु सतत संघर्ष के संकल्प के साथ किया गया।

# बच्चों पर बढ़ा घमौरियों का असर, त्वचा रोग के मामले बढ़े

## चेहरे, गर्दन और पीठ पर लाल दानें व खुजली की समस्या

**जागरण,रीवा।** भीषण गर्मी का असर अब बच्चों की त्वचा पर साफ दिखाई देने लगा है। शहर में इन दिनों घमौरियों और त्वचा सम्बंधी समस्याओं के मामले तेजी से बढ़ रहे है। चेहरे, गर्दन, पीठ और छाती पर छोटे लाल या गुलाबी दाने निकलने की शिकायत लेकर कई माता-पिता अपने बच्चों को अस्पताल और क्लीनिक में पहुंच रहे है। विशेषज्ञों का कहना है है कि गर्मी और अधिक पसीने के कारण त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं, जिससे पसीना अंदर ही फंस जाता है और घमौरियां या छोटे फुंसियों के रूप में दानें निकल आते हैं। बच्चों की त्वचा अधिक संवेदनशील और पतली होने के कारण यह समस्या उनमें तेजी से देखने को मिलती है। डॉक्टरों के अनुसार, सामान्य परिस्थितियों में बच्चे को ठंडे और हवादार वातावरण में रखने तथा पर्याप्त पानी, छाछ और नारियल पानी देने से 2-3 दिनों में यह समस्या अपने आप ठीक हो जाती है।

### यह हैं लक्षण

- चेहरे, गर्दन, पीठ और छाती पर छोटे लाल या गुलाबी दानें
- खुजली, चुभन या बार-बार रगड़ना
- कभी-कभी पानी वाले छोटे दानें
- त्वचा का सैंडपेपर जैसा खुरदुरा महसूस होना

### ऐसे करें बचाव

- बच्चे को ठंडी जगह पर रखें और ढीले सूती कपड़े पहनाएं।
- दिन में हल्के गुनगुने पानी से दो-तीन बार चेहरा साफ करें, रोज साबुन का उपयोग नहीं करें।
- टैल्कम पाउडर से बचें और डॉक्टर की सलाह पर हल्का लोशन उपयोग करें।
- खुजलाने से रोकें और नाखून छोटे रखें।
- धूप से बचाव करें और शरीर को हाइड्रेट रखें।

### डॉक्टर को दिखाएं

- दानों में मवाद या पीप भर जाए या पीले क्रस्ट बनें।
- 100 फेरनहाइट से ज्यादा बुखार आने पर।
- चकत्ते 3.4 दिन में ठीक न हों और फैलते जाएं। बच्चा बहुत चिड़चिड़ा हो ।

### यह न करें

- सरसों, नारियल का तेल न लगाएं
- बर्फ सीधे चेहरे पर न रगड़ें
- टूथपेस्ट जैसी चीजों का उपयोग नहीं करें।

गर्मी के कारण बच्चे के चेहरे, गला, पेट, पीठ में यदि दाने आते हैं, ज्यादा खुजलाहट होती है तो उस पर तेल या टूथपेस्ट लगाने, बर्फ रगड़ने जैसी गलती न करें। ऐसा करने पर तकलीफ और बढ़ जाती है, चिकित्सक का परामर्श लें और उनके मार्गदर्शन में आवश्यक उपचार दें।

**डॉ.केके तिवारी, शिशु रोग विशेषज्ञ**

# पेंशनर्स ने लंबित समस्याओं को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




## विसंगतिओं को समाप्त कर समाधान की उठाई मांग

**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता आबाद खान ने बताया कि संगठन के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ रीवा जिले में भी पेंशनरों की विभिन्न लंबित समस्याओं एवं न्यायोचित मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन संभागायुक्त एवं कलेक्टर को सौंपा गया। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष श्यामनारायण शर्मा के नेतृत्व में पेंशनर साथियों की उपस्थिति में सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश में लाखों सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी, जिन्होंने अपने जीवन का अमूल्य समय राज्य शासन की सेवा में समर्पित किया है, वर्तमान में अनेक प्रशासनिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। शासकीय सेवा निवृत्त पेंशनर समाज मुख्यतः वरिष्ठ नागरिकों का समाज है, जिनकी आय का प्रमुख साधन केवल पेंशन ही है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के पेंशनरों से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषय लंबे समय से लंबित हैं, जिससे उनमें व्यापक असंतोष व्याप्त है। पेंशनरों की समस्याओं की समीक्षा कर शासन को सुझाव प्रदान करें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष श्यामनारायण शर्मा, डॉ. नरेन्द्र सिंह गहरवार, आई.पी. तिवारी, एस.सी. मिश्रा, प्रदीप कुमार द्विवेदी, महेश प्रसाद त्रिपाठी, लालमणि तिवारी, अरुण कुमार द्विवेदी, आबाद खान, संतोष कुमार सिंह, जगत नारायण शुक्ल, मोतीलाल बड़गइयां, श्रीकांत शुक्ल, लालन देव द्विवेदी, पंकज वाजपेयी, मुनीन्द्र प्रसाद शुक्ल, शिवमोहन सिंह, राजकुमार सिंह, लालमणि पाण्डेय, संतोष कुमार शुक्ल, विजय द्विवेदी, शिव कुमार तिवारी, के.पी. तिवारी, संतोष पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, रोहिणी प्रसाद त्रिपाठी, रामायण प्रसाद त्रिपाठी, शिष्टाधर शर्मा, रणजीत सिंह बघेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रानी तालाब मण्डलम का सर्वसम्मति से गठन



**रीवा।** चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक वार्ड क्रमांक 42 स्थित कैरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें रानी तालाब मण्डलम के गठन पर विस्तृत चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। चिरहुला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि नवगठित कमेटियों में सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उन्हें उचित स्थान एवं दायित्व दिया जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष अशोक पटेल (झब्बू), शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा, शहर उपाध्यक्ष द्वय मकदूम खान एवं प्रदीप नारायण सिंह 'मुन्ना', शहर सचिव रामलखन ताम्रकार, पूर्व पार्षद द्वय गुले अहमद एवं गोविन्द कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि सहफूज खान एवं माजिद खान, मण्डलम अध्यक्ष द्वय सुनील दुबे एवं आशिक खान, राकेश पटेल, अखिलेश तिवारी, अमित तिवारी तथा मण्डलम पदाधिकारी किरण रजक, योगेश नारायण तिवारी, रामस्वरूप झंझोट, जुल्फकार खान, मुख्तार खान, रिजवान खान, आरिफ खान, उवैस खान सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बसों में नहीं चस्पा रहती किराए की सूची, यात्री लुटने को मजबूर

## प्रयागराज यात्रा के नाम पर यात्रियों का शोषण रोकने की मांग

**चाकघाट, नि.प्र.** । जिला मुख्यालय रीवा से चाकघाट एवं इलाहाबाद के बीच चलने वाली प्राइवेट बसों में यात्रियों से किराये के नाम पर मनमाने तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। प्राइवेट बस में यात्रियों से निर्धारित किराए से अधिक किराया लिया जाता है। संवाददाता को पीड़ित यात्रियों ने बताया कि रीवा से प्रयागराज की ओर जाने वाले अधिकांश बसों में प्रयागराज का बोर्ड लगा रहता है। यात्रियों से प्रयागराज जाने की बात बाता कर प्रयागराज तक का टिकट बना दिया जाता है। टिकट भी ऐसा होता है जिसमें न तो बस का नंबर होता न लिए गए किराये का उल्लेख। आए दिन रीवा से चलकर प्रयागराज जाने वाली यात्रियों को चाकघाट बाडर में उतार दिया जाता है। ऐसी स्थिति में महिलाओं बच्चों और परिवार के साथ लोगों को बॉर्डर में आगे की यात्रा हेतु भटकना पड़ता है। बसों में किराया सूची भी नहीं लगाई जाती और मनमाने ढंग से गिराया लिया जाता है। जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से अपेक्षा है कि रीवा से चाकघाट एवं प्रयागराज तक चलने वाली बसों में प्रयागराज का बोर्ड लगाकर यात्रियों को अपने जाल में फंसाने का काम बन्द कराया जाय तथा यात्री किराया सूची प्रदर्शित करवाया जाए, जिससे यात्रियों का शोषण रोका जा सके।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**
**कर्मचारी की आवश्यकता है।**
**8770231515**
**9993634826**
R- 85386 (24/4)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - **8962086944**

# जनसुनवाई: अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही के दिए निर्देश



**मऊगंज।** कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने नरेन्द्र बहादुर सिंह सरपंच फूलकरण सिंह द्वारा पुष्पा सिंह की जमीन में बिना तालाब निर्माण कराये ही फर्जी मस्टर रोल बनाकर राशि आहरण करने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने रामसिया साकेत निवासी सुमेदाकला के खसरे में फर्जी इत्लाबी दर्ज कर शासन की भूमि हड़पने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को, बालेश्वर प्रसाद द्विवेदी निवासी सेमरिया के गेहूं खरीदी के अधिक रजिस्ट्रेशन के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को, इटहाकला की भूमि में दर्ज शासकीय रास्ते में अतिक्रमण के आवेदन पर नायब तहसीलदार देवतालाब को तथा रूकमिनिया के फर्जी तरीके से खसरे में नाम दर्ज कराने का आवेदन दिया जिस पर नायब तहसीलदार देवतालाब को जांच उपरांत कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। कामता कुशवाहा निवासी चपगवां के सीमांकन के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को सात दिवस में सीमांकन करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। इसी प्रकार दशरथ प्रसाद पटेल निवासी सेंगरवार के वार्षिक खतौनी की नकल के आवेदन पर नकल शाखा प्रभारी को नकल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। मुद्रिका प्रसाद तिवारी सोनवर्षा के उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न दिलाने के आवेदन पर खाद्य अधिकारी को तथा ग्राम पंचायत सरदमन में अच्छेलाल पटेल द्वारा दिये गये आवेदन में कार्यों की स्थल जांच कराने के आवेदन पर जनपद पंचायत मऊगंज के सीईओ को निरीक्षण कर समुचित कार्यवाही हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया।

# परशुराम शोभायात्रा का हिन्दू धर्म परिषद ने किया स्वागत

**रीवा।** अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा द्वारा विवेकानंद पार्क से भगवान परशुराम की झांकी और श्रीराम ध्वजाओं के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें नगर के सभी जाति वर्ग संप्रदाय के लोगों ने शामिल होकर जयकारों के साथ अपने उत्साह और भक्ति का परिचय दिया। हिन्दू धर्म परिषद द्वारा स्थानीय साईं मंदिर में संस्थापक नारायण डिगवानी के मार्गदर्शन और अध्यक्ष ऋषिशंकर मिश्रा के नेतृत्व में रामनामी पट्टा पहनाकर और स्वल्पाहार वितरण कर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। हिन्दू धर्म परिषद के संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव, डी.पी.सिंह परिहार, संजय तिवारी मुन्नू, जगन्नाथ साहू, सह संयोजक उमेश कुशवाहा, महिला शाखा अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, साईं संस्थान के पुजारी मनसुखलाल, अध्यक्ष अजय धमीजा, राजेश साहनी ज्योतिर्विद ने शोभा यात्रा के यात्रियों को गले मिलकर अपनी बधाई प्रेषित की।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)**

**भवन हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पद्मधर कालोनी ढेकहा रीवा में आवंटित एल.आई.जी. भवन क्र.- 197 के मूल आवंटी मोहम्मद जमील सिद्दीकी पिता मोहम्मद इकबाल सिद्दीकी एवं मोहम्मद सफीक खॉन पिता इकबाल खॉन पता- अय्याज अली रोड़ वार्ड नं. 34/153 घोघर, तहसील हुजूर रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित एल.आई.जी. भवन क्र0- 197 पद्मधर कालोनी ढेकहा रीवा का हस्तानान्तरण श्रीमती रागिनी सोनी पति श्री उमेश सोनी निवासी - वार्ड नं. 33/288 नियर दुर्गा मंदिर फोर्ट रोड़ तहसील हुजूर रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 17.04.2026 को ऑफलाइन आवेदन दिया जाकर क्रेता- विक्रेता द्वारा सभी दस्तावेजो का सत्यापन कराया गया था व दस्तावेज सत्यापन पश्चात् क्रेता द्वारा उक्त दिनांक 17.04.2026 को ही ऑनलाइन द्वारा भी आवेदन किया गया हैं। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति श्रीमती रागिनी सोनी पति श्री उमेश सोनी के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)

RN-85385

## आम सूचना

शशिकला पटेल पत्नी श्री कमलेश्वर प्रसाद पटेल निवासी गोरगांव-164 हाल निवासी समान रीवा जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा अधिवक्ता श्री बृजराज सिंह जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा म.प्र.

--नोटिसदाता

**विरूद्ध**

1. शिववती पटेल पत्नी रामऔतार पटेल उर्फ आर.ए. 2. रामऔतार पटेल उर्फ आर.ए.पिता स्व. श्री रामदत्त पटेल मो. नं. 8602753297 दोनों पुस्तैनी निवासी ग्राम महुआ, पोस्ट सिलपरी थाना/तहसील मनगवां हाल निवासी लार्ड बुद्धा कालेज के बगल में नहर के पास रतहरा थाना समान जिला रीवा (म.प्र.) -नोटिसग्रहीता

नोटिस अन्तर्गत धारा 138 ``बी'' परक्राम्य लिखत अधिनियम।
नोटिस म्याद 15 दिवस।
प्रिय महानुभाव,
आप नोटिसग्रहीता आपस मे पति-पत्नी है जो नोटिसदाता से एक जमीन क्रय किए है, जिसके विक्रयधन के भुगतान के संबंध में एक चेक क्रमांक-244788 दिनांकित 21.03.2026 एवं एक चेक क्रमांक- 244789 दिनांकित 30.03.2026 दोनों चेक मालियती 10,00,000-10,00,000/- (दस-दस लाख रू.) का दिए थे उक्त दोनों चेक आहरण के लिए प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गए है जिसके संबंध में अधिवक्ता के माध्यम से दोनों नोटिसग्रहीतागण को रजिस्टर्ड डाक से मांग सूचना पत्र भेजा गया था लेकिन जानबूझकर अपने आपको नोटिस लेने से बचाकर नोटिस वापस कर दिए है, जबकि दोनों लोग अपने रतहरा स्थित घर मे मौजूद है, जिससे इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर चेक की राशि अदा कर पावती प्राप्त कर लें अन्यथा समय ब्यातीत होने पर आप दोनों के बिरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी जिसके सम्पूर्ण हर्जे खर्चे की जबावदारी आप नोटिसग्रहीतागण की होगी।
दिनांक 21.04.2026

**नोटिसदाता**
**शशिकला पटेल पत्नी श्री कमलेश्वर प्रसाद पटेल, निवासी गोरगांव-164 हाल निवासी समान रीवा जिला रीवा (म.प्र.)**
**द्वारा- बृजराज सिंह, एडवोकेट**
RN. 85245

## M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Govt. of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal- 462011, Madhya Pradesh
MPRDC Phone : 0755-2527290/2765205 (EPBX), Fax : 0755-2572643, Website : www.mprdc.gov.in
NIT No. 706/MPRDC/Procu/2026

### निविदा आमंत्रण

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड भोपाल निम्न कार्यों के लिये ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये करोड़ में) | धरोहर राशि (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश राज्य में हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) पर 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर के सागर-दमोह मार्ग (एसएच-63) का उन्नयन और पुनर्निर्माण कार्य (कुल डिजाइन लंबाई- 73.300 किमी)। | 830.91 | 831 | 59,000/- | 24 माह |
| 2. | मटकुली-पचमढ़ी रोड पर Km. 10 से Km. 24 (SH-41A) के बीच सिंगल रोलर क्रैश बैरियर लगाना और रोड सेफ्टी कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 8.24 | 8.24 | 23,600/- | 06 माह |
| 3. | सरदारपुर-राजगढ़-बाग मार्ग (SH-65), मनावर-मांगोद मार्ग (SH-38), राजपुर-पलसूद-नेवाली मार्ग (SH-39) पर सिंगल रोलर क्रैश बैरियर लगाना और रोड सेफ्टी कार्य। | 7.84 | 7.84 | 23,600/- | 06 माह |
| 4. | सिवनी-कटंगी-बोनकट्टा मार्ग, बुरहार-अमरकंटक घाट, रीवा-शहडोल, तिलवाड़ा-चरगवां-गोटेगांव (गंगाओ नहर) पर सिंगल रोलर क्रैश बैरियर लगाना और रोड सेफ्टी कार्य। | 6.76 | 6.76 | 23,600/- | 06 माह |
| 5. | बड़वानी-पलसूद-सेंधवा मार्ग पर नवीनीकरण और रखरखाव कार्य। | 5.42 | 5.42 | 23,600/- | 06 माह |
| 6. | मध्य प्रदेश राज्य में रीवा शहडोल मार्ग (SH-57) के छुहिया घाटी सेक्शन (मौजूदा km. 18+550 से 32+800) पर टनल के कंस्ट्रक्शन के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसल्टेंसी सर्विसेज़ कार्य। | 5.00 | 5.00 | 23,600/- | 09 माह |
| 7. | रीवा संभाग (ग्रुप-I) के तहत RAMS के अलावा खराब और बहुत खराब पुलों की मरम्मत और रिहैबिलिटेशन कार्य। | 3.57 | 3.57 | 17,700/- | 06 माह |
| 8. | भोपाल, धार और सागर संभाग (ग्रुप-J) के अंतर्गत RAMS के अलावा, खराब और बहुत खराब पुलों की मरम्मत और रिहैबिलिटेशन कार्य। | 1.15 | 1.15 | 14,750/- | 06 माह |
| 9. | जबलपुर संभाग (ग्रुप-K) के अंतर्गत RAMS के अलावा, खराब पुलों के पुनर्निर्माण का कार्य। | 1.81 | 1.81 | 14,750/- | 06 माह |
| 10. | धार संभाग में ब्लैक स्पॉट क्र. 168 का दीर्घकालिक सुधार कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 1.69 | 1.69 | 14,750/- | 06 माह |

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर **दिनांक 14.05.2026, 15:30 बजे (सरल क्र. 2 एवं 10 हेतु) एवं दिनांक 25.05.2026, 15:30 बजे तक (सरल क्र. 1 एवं 3 से 9 हेतु)** तक क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑन-लाइन ही जमा करनी है। परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्य प्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

म.प्र. माध्यम/125414/2026 **प्रबंध संचालक**

## संक्षिप्त खबरें

### तीन आरआई का तबादला सभी को उज्जैन भेजा



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने मंगलवार को रक्षित निरीक्षक (आरआई) स्तर के तीन अफसरों के तबादले किए हैं। मंगलवार को पीएचक्यू द्वारा जारी आदेश के अनुसार दतिया में पदस्थ आरआई सौरभ कुमार तिवारी, छिंदवाड़ा में पदस्थ यातायात के कार्यवाहक आरआई राकेश कुमार तिवारी और शाजापुर में तैनात यातायात के कार्यवाहक आरआई सौरभ शुक्ला का ट्रांसफर उज्जैन किया गया है। संबंधित जिलों के एसपी को यह निर्देश दिए गए हैं कि इन सभी अफसरों को समयावधि में रिलीव कर नई पदस्थापना पर जॉइनिंग के लिए भेजें। इन तीनों आरआई को काम का आवंटन उज्जैन के एसपी करेंगे। गौरतलब है कि आगामी 2028 में होने वाले सिंहस्थ से पहले वहां अफसरों की तैनाती की जा रही है, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न रहे।

### सशस्त्र सेना झंडा निधि में योगदान, राष्ट्र भक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि करुणा और दया मानव का मूल स्वभाव है। दान अंतर्रात्मा की आवाज है। यह आत्मीय भाव से की गयी सहयोग की पहल है। इस भावना को जरूरतमंदों की सेवा में लगाने में ही जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा कोष में उदार योगदान हमारे सैनिकों और उनके परिवारों का केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति है। झंडा निधि में सहयोग राष्ट सेवा में समर्पित वीरों के प्रति हमारे कर्तव्य पालन का अवसर है। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेशवासियों का आहवान किया कि सैनिक कल्याण के लिए अपनी क्षमता के अनुसार अधिक से अधिक दान दें। साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। रज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को समामेलित विशेष निधि प्रबंध समिति की बैठक उपरांत लोकभवन में आयोजित सशस्त्र सेना झंडा निधि में विशेष योगदान देने वालों के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण के लिए संभागायुक्त जबलपुर श्री धनंजय सिंह भदौरिया, हरदा कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन, अलीराजपुर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, नीमच कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा और दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### सामाजिक न्याय विभाग का चिंतन शिविर आज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के मैदानी अमले के लिए चिंतन शिविर बुधवार को आयोजित होगा। विभाग के सभागार में होने वाले इस शिविर में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह मौजूद रहेंगे। इस चिंतन शिविर का मकसद योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना और विभाग का रोडमैप तैयार करना है। शिविर में योजनाओं की समीक्षा और फीडबैक के साथ ही योजनाओं का ऑडिट होगा एवं मैदानी स्तर पर हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने में होने वाली देरी के कारण खोजे जाएंगे। विभाग इस दौरान नवाचार और नई तकनीक के जरिए स्पर्श पोर्टल और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के बेहतर उपयोग पर भी चर्चा करेगा। इसके अलावा डाटा शुद्धिकरण, ई-केवाईसी, आधार सीडिंग में आ रही चुनौतियों का समाधान, नई प्राथमिकताएं, जन-जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा, विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रमों और दिव्यांग छात्रावासों की स्थिति और सुविधाओं में सुधार, एनजीओ के कामकाज की मॉनिटरिंग के साथ आने वाले समय के लिए एक्शन प्लान भी तय किया जा सकता है।

# सिविल सर्विस डे पर सीएस की सीख फाइल के पीछे इंसान का चेहरा भी देखें

## जनता को परेशान करने वाले नियम बदलें, मंत्री ने भी सुनाया ईमानदारी का किस्सा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मंगलवार को राजधानी के प्रशासन अकादमी में आयोजित सिविल सेवा दिवस के दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रशासनिक अधिकारियों से दो टूक लहजे में कहा कि नियमों का पालन आंखें मूंदकर (ब्लाइंडली) न करें, बल्कि यह ध्यान रखें कि फाइल के पीछे भी एक जीवित इंसान का चेहरा और उसकी जरूरतें छिपी हैं। उन्होंने साफ कहा कि नियम अपनी जगह सही हो सकते हैं, लेकिन यदि कोई पुराना नियम आज के परिवेश में जनता के लिए मुसीबत बन रहा है, तो अधिकारियों को उसे बदलने की पहल करनी ही चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासन में अफसरों की भूमिका केवल लकीर का फकीर बनने की नहीं, बल्कि एक फैसिलिटेटर की तरह होनी चाहिए, जो नागरिकों की समस्याओं का समाधान निकाले।



### शॉर्टकट सफलता की सीढ़ी नहीं

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को शॉर्टकट की राजनीति और कार्यशैली से बचने की सलाह देते हुए कहा कि आज का छोटा रास्ता भविष्य में बड़ी मुश्किलें खड़ी कर सकता है। उन्होंने सिविल सेवा दिवस पर जोर देते हुए कहा कि यह दिन सिर्फ आईएएस या अन्य अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों का नहीं है, बल्कि प्रदेश के उन सभी सवा सात लाख कर्मचारियों का है जो अंतिम छोर पर बैठकर जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश आज देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने सभी 55 विभागों के हर पद की जिम्मेदारी और ट्रेनिंग को पोर्टल पर मैप किया है। जैन ने जोर देकर कहा कि नीति निर्धारण में निष्पक्षता और नैतिकता ही लोक सेवा की असली बुनियाद है।

### अफसर से राजनेता बने वर्मा की कहानी मंत्री ने सुनाई

भोपाल के प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि आज के दौर में केवल दिखावे के लिए नए प्रयोग या नवाचार करना उतना जरूरी नहीं है, जितना वर्तमान व्यवस्था की गुणवत्ता और निरंतरता को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान को सात दिन तक जोश के साथ चलाना आसान है, लेकिन असली चुनौती उस सेवा को साल भर बिना रुकावट के जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने अफसरों को नसीहत दी कि जनता तभी सुखी रहती है जब उसे सरकारी सेवाएं सहजता से उपलब्ध होती रहें। मंत्री ने पूर्व मुख्य सचिव सुशील चंद्र वर्मा से जुड़ा एक किस्सा सुनाकर अधिकारियों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाया। जब वर्मा चुनाव जीतने के बाद आए, तो उन्होंने चंदे में मिले रुपयों में से बचे हुए 2700 रुपये और एक-एक पाई का हिसाब लिखकर वापस लौटा दिया था। मंत्री ने इस घटना के जरिए प्रामाणिकता का वह पैमाना पेश किया, जो आज के दौर में मिसाल है। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अच्छा काम करने वाले अफसरों को मंत्री काश्यप और मुख्य सचिव जैन ने सम्मानित भी किया।

**अफसरों को मिली ये भी सलाह**

- आम जनता की जरूरतों को समझना सबसे च्यादा जरूरी
- इनोवेटिव हेड की भूमिका निभाएं, ब्लाइंडली रूल फॉलो न करें
- नियम अगर जनता की परेशानी का सबब बन रहा है, तो उसे बदलने की पहल करें
- प्रशासन को 360 डिग्री के नजरिए से चीजों को समझना चाहिए
- शॉर्टकट से बचना चाहिए, ऐसा फैसला लें जो लंबे समय तक असरदार रहे
- सिविल सर्विस केवल ब्यूरोक्रेसी नहीं, सरकार के सवा सात लाख सरकारी कर्मचारियों इसका अंग
- पॉलिसी एडमिनिस्ट्रेशन में फेयरनेस (पारदर्शिता) की वैल्यू होनी चाहिए
- हर अधिकारी के हर एक्शन में निष्पक्षता अनिवार्य

# विधायक प्रीतम लोधी के बयानों पर भड़का आईपीएस एसोसिएशन

## खाकी के सम्मान में उतरा संघ, सिविल सर्विस डे पर की निंदा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शिवपुरी जिले के करैरा में पदस्थ प्रोबेशनर आईपीएस अधिकारी डॉ. आयुष जाखड़ के खिलाफ पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा की गई टिप्पणियों ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में मध्य प्रदेश भारतीय पुलिस सेवा संघ (आईपीएस एसोसिएशन) ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को आधिकारिक प्रेस नोट जारी किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष चंचल शेखर द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार मीडिया में वायरल वीडियो में विधायक प्रीतम लोधी जिस प्रकार की अभद्र, अमर्यादित एवं धमकी भरी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह अत्यंत निंदनीय एवं सार्वजनिक जीवन की गरिमा के विपरीत है। एसोसिएशन ने विधायक के बर्ताव पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि एक अधिकारी और उसके परिवार के खिलाफ ऐसी अपमानजनक टिप्पणियां की गईं, जिससे पूरे प्रशासनिक तंत्र के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कटाक्ष करते हुए आईपीएस एसोसिएशन ने कहा कि यह दुखद संयोग है कि सिविल सर्विस डे के अवसर पर किसी जनप्रतिनिधि के ऐसे आचरण की निंदा करनी पड़ रही है।



### जमकर वायरल हो रहे धमकी भरे वीडियो

प्रीतम लोधी के इन बयानों के बाद प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वायरल वीडियो में विधायक अपने रसूख का प्रदर्शन करते हुए न केवल अधिकारी को धमकाते नजर आ रहे हैं, बल्कि उनके परिवार के प्रति भी अशोभनीय शब्दों का उपयोग कर रहे हैं। आईपीएस एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों से अपने आचरण और भाषा में संयम की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इस तरह का धमकीपूर्ण व्यवहार किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं है और यह प्रशासनिक तंत्र की निष्पक्षता को आहत करता है। संघ ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में सीएम तक एसोसिएशन ने अपनी बात पहुंचा दी है और जल्द ही कोई बड़ा एक्शन भी लिया जा सकता है।

### बेटे पर हुई एफआईआर से भड़के थे विधायक



विवाद की जड़ विधायक प्रीतम सिंह लोधी के बेटे की हरकतें हैं। उसके खिलाफ करैरा में पदस्थ प्रोबेशनर आईपीएस आयुष जाखड़ ने कार्रवाई की थी। इसके बाद विधायक ने आपा खो दिया था और मीडिया के सामने ही बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग किया। यह पहली बार नहीं है जब प्रीतम लोधी अपने बयानों के कारण विवादों में आए हों। लोधी ने आईपीएस के खिलाफ वर्दी की गर्मी को ठंडा करने और उल्टा लटकाने जैसी बात भी कही थी। इसके अलावा आईपीएस के परिवार के खिलाफ भी बयान दिया था।

## सिविल सर्विस-डे: देवास की पुलिस चौपाल को सीएम एक्सीलेंस अवार्ड

### 2 करोड़ से ज्यादा की साइबर फ्रॉड राशि कराई वापस



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिविल सेवा दिवस पर मंगलवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में देवास पुलिस के नवाचार पुलिस चौपाल को सीएम एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री चेतन्य कश्यप और मुख्य सचिव अनुराग जैन ने देवास के एसपी पुनीत गेहलोत और प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर को संयुक्त रूप से 1 लाख रुपये की राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। 1 नवंबर 2024 से संचालित इस अभियान के तहत जिले में 2800 से अधिक चौपालें आयोजित की गईं, जिससे करीब 94 हजार नागरिकों की मौके पर जाकर सुनवाई कर उनकी शिकायतों का निराकरण किया गया। इस दौरान 214 संभावित डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को रोका गया और साइबर ठगी का शिकार हुए लोगों के 2 करोड़ 14 लाख रुपये वापस कराए गए। इसके अलावा ऑपरेशन त्रिनेत्रम चलाकर पुलिस ने 10 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाकर 46 ग्राम पंचायतों और 2 नगर पंचायतों को पूरी तरह सुरक्षित किया। पुलिस चौपाल के जरिए पुलिस ने ग्राम स्तर पर 1100 व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर 22 हजार युवाओं को भी जोड़ा है।

# वसुंधरा का पत्र वायरल होने पर एमपी में कांग्रेस के सात नेता गिरफ्तार, राजस्थान ले गई पुलिस

## चार दिन से वायरल हो रहा था संघ प्रमुख को लिखा पत्र, महिला आरक्षण से जुड़ा है मामला

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का वायरल होने पर मध्यप्रदेश में दबे पांव गिरफ्तारी शुरू हो गई है। पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े 7 नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। बाद में चार को छोड़ दिया गया, लेकिन 3 नेताओं को लेकर 30 घंटे तक परिवारजनों को भी सूचना नहीं मिल सकी। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के नेता पुलिस अफसरों से मिलने पहुंचे तो गिरफ्तार किए गए तीनों नेताओं को राजस्थान पुलिस भोपाल आकर ले गई। इसके बाद कांग्रेस आक्रामक हो गई है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी सहित तमाम बड़े नेता इसके खिलाफ उतर आए हैं। वहीं कांग्रेस अदालत जाने की तैयारी में भी जुट गई है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े जिन तीन नेताओं को राजस्थान पुलिस गिरफ्तार कर ले गई है, उनमें बिलाल, ईनाम अहमद और निखिल प्रजापति शामिल हैं। इन्हें भी 19 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि परिवार व पार्टीजनों को भी कोई सूचना नहीं मिल सकी। परिवार और पार्टीजनों को मंगलवार दोपहर तक इनके संबंध में कोई जानकारी ही मिल सकी थी। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे दल को भी पुलिस अधिकारी गुमराह करते रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि राजस्थान पुलिस ने ही कार्रवाई की है, उन्हें कोई सूचना ही नहीं है। मगर जैसे ही पार्टी के नेताओं ने इस मामले में सोशल मीडिया पर मोर्चा खोला, तीनों को राजस्थान पुलिस द्वारा जयपुर के ज्योति नगर थाने ले जाने की जानकारी सामने आने लगी।

### क्या है मामला

सोशल मीडिया पर राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा के नाम वाले सरकारी लेटर हेड पर लिखा गया पत्र पांच दिनों से वायरल हो रहा था। संघ प्रमुख को लिखे पत्र में महिला आरक्षण से जुड़े कदमों और तरीकों पर सवाल उठाए गए थे। इसे कांग्रेस के आईटी विभाग द्वारा भी फारवर्ड किया गया था। इसी आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है। इस पर राज्यसभा सांसद व प्रसिद्ध अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पुलिस को ट्वीट कर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि लीगल टीम हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वाली है। तन्खा ने फेसबुक पर मुख्यमंत्री और डीजीपी को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि एमपी पुलिस की कार्रवाई से आश्चर्य और निराशा हुई है।

### निष्पक्ष जांच बगैर गिरफ्तारी अनुचित

गिरफ्तारी की प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने निंदा की है। उनहोंने कहा कि यदि पत्र में लिखी गई बातें निराधार हैं, तो भाजपा को सामने आकर स्पष्ट तथ्यों के साथ उसका खंडन करना चाहिए। यदि उसमें सच्चाई का अंश भी है, तो उसे दबाने या उससे ध्यान भटकाने के बजाय उस पर गंभीरता से विचार और कार्रवाई की जानी चाहिए।

### भाजपा बोली- फर्जीवाड़ा बंद करे कांग्रेस

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस के कदम को कुत्सित मानसिकता की पराकाष्ठा बताया है। उन्होंने कहाकि कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल अब फेक न्यूज का अड्डा बन चुके हैं। पूर्णतः फर्जी और भ्रामक पत्र को आधिकारिक प्लेटफॉर्म से पोस्ट करना गिरती हुई राजनीतिक सोच और स्तर का स्पष्ट प्रमाण है।

# कुप्रथा की बेड़ियाँ तोड़ मुख्य धारा से जुड़ रही हैं बेटियां

## नीमच जिले का 'पंख' अभियान बना सशक्तिकरण की मिसाल

**भोपाल ।** जब इरादें फौलादी हों और प्रशासन का साथ मिले, तो सदियों पुरानी बेड़ियाँ भी टूट जाती हैं। नीमच जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'पंख अभियान' आज बांछड़ा समुदाय की उन बेटियों के लिए उम्मीद का उजाला बनकर उभरा है, जो कभी सामाजिक बहिष्कार और पीढ़ीगत मजबूरियों के अंधेरे में खोई हुई थीं। कु-प्रथा की बेड़ियों से सम्मान के शिखर तक बांछड़ा समुदाय ऐतिहासिक रूप से आर्थिक अभाव और कुछ शोषणकारी सामाजिक कु-प्रथाओं के कारण हाशिए पर रहा है। यहाँ की बालिकाओं के लिए देह-व्यापार जैसी मजबूरियाँ उनके भविष्य के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा थीं। लेकिन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की मूल भावना को धरातल पर उतारते हुए नीमच जिला प्रशासन ने पंख अभियान के माध्यम से इस अभिशाप को गरिमा में बदलने का बीड़ा उठाया है। वर्दी पहनने का सपना हो रहा साकार अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि सशक्त वाहिनी योजना है। जहाँ कल तक इन गलियों में असुरक्षा का साया था, आज वहाँ की 14 बेटियाँ पुलिस और अर्धसैनिक बलों में भर्ती होने के लिए पसीना बहा रही हैं। प्रशासन इन्हें न केवल निःशुल्क शैक्षणिक मार्गदर्शन दे रहा है, बल्कि शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें देश सेवा के लिए तैयार कर रहा है। यह केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि उनके आत्मसम्मान की बहाली है। आर्थिक आजादी: हुनर से बदली हाथों की लकीरें केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि 'पंख अभियान' आर्थिक स्वावलंबन का भी सेतु बना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 महिलाओं और बालिकाओं को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ा गया है। पशुपालन, बकरी पालन, सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मसाला प्रसंस्करण जैसे कार्यों के प्रशिक्षण ने उन्हें मजबूरी की कमाई से निकालकर मेहनत की कमाई की ओर मोड़ दिया है। जमीनी स्तर पर बदलाव का ढांचा बदलाव केवल बातों में नहीं, बल्कि आंकड़ों में भी नजर आ रहा है। प्रशासन ने बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों में 26 आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष सहायता केंद्र स्थापित किए गए। अड़तालिस स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के माध्यम से अंतिम पंक्ति की महिला तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई गईं। पच्चीस जागरुकता सत्र और करियर मार्गदर्शन के माध्यम से समुदाय की सोच में सकारात्मक बदलाव लाया गया। सामूहिक प्रयास, सुखद परिणाम इस अभियान में विभिन्न विभागों और स्वयंसेवी संस्थाओं का समन्वय देखने को मिल रहा है। 'पंख' अभियान ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही दिशा और संवेदनशीलता के साथ प्रयास किए जाएं, तो कोई भी समुदाय पिछड़ा नहीं रहता। अभियान का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि बांछड़ा समुदाय की बेटियों के भीतर उस आत्मविश्वास को जगाना है कि वे अपनी नियति खुद लिख सकें। आज ये बेटियाँ भय और मजबूरी के दायरे से बाहर निकलकर शिक्षा और रोजगार के नए आसमान में उड़ान भर रही हैं।

# अपने अतीत व आचरण पर गौर कर माफी मांगें खड़गे : सीएम यादव

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई विवादित टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहाकि इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष माफी मांगें। डॉ. यादव ने सलाह देते हुए कहा है कि भविष्य में खड़गे को इस तरह की टिप्पणी से बचना चाहिए। उन्होंने कहाकि आज देश में अलग प्रकार का माहौल बना हुआ है। कांग्रेस एक के बाद एक वह सब गलतियां कर रही हैं, जिसके कारण उसे नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेसियों को अपने अतीत और आचरण पर गौर करना चाहिए। कांग्रेस ने मीसा बंदी के दौरान विपक्ष के साथ जो व्यवहार किया, उसकी आज तक माफी नहीं मांगी। तमाम प्रकार के अलगाववादी तत्वों को कांग्रेस ने प्रोत्साहन दिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी बताया। सीएम डॉ यादव ने कहाकि चुनाव में डीएमके और कांग्रेस हार देखकर बौखला रही हैं।



**अलगाववादी तत्वों को कांग्रेस ने प्रोत्साहन दिया**

# प्रदेश में अब एक दिन में 2250 क्विंटल गेहूं बेच सकेंगे किसान

## केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग क्षमता बढ़ाई, 81 लाख क्विंटल की खरीदी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीदी और भी? कम करने के लिए उपार्जन केंद्र पर रोजाना की स्लॉट बुकिंग क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल कर दी है। इसके अलावा उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या भी 4 से बढ़ाकर 6 कर दी गई है, ताकि किसानों को अपनी उपज की तुलाई के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। जानकारी के मुताबिक अब तक प्रदेश के 1 लाख 88 हजार 971 किसानों से 81 लाख 76 हजार 970 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। इस दौरान सरकार ने 1 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 1083 करोड़ 80 लाख रुपये की राशि भेज भी दी है।



### इस साल 19 लाख किसानों ने कराया है पंजीयन

प्रदेश में इस वर्ष उपार्जन के लिए कुल 3171 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 19 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले साल के मुकाबले 3.60 लाख अधिक है। इस बार केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल के साथ ही राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रुपये का बोनस मिलाकर किसानों को 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। अब तक खरीदे गए गेहूं में से 64 लाख क्विंटल से अधिक का परिवहन गोदामों तक किया जा चुका है। गौरतलब है कि इस साल सरकार ने 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** कांग्रेस, राहुल-प्रियंका की जिद है, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिला कर रहेंगे: रागिनी

# रात के अंधेरे में चोर दरवाजे से महिला आरक्षण क्यों दे रही है सरकार

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** संसद में गिरे संविधान संशोधन विधेयक को महिला आरक्षण बताकर विपक्ष पर ठीकरा फोड़ रही भाजपा और केंद्र सरकार पर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने तीखे हमले किए हैं। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मायाजाल बताते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने पूरी सरकार की नीयत पर भी सवाल उठाते हुए कहाकि यदि वे वाकई महिला शक्ति को बढ़ावा देना चाहने हैं तो 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम की याद उन्हें तीन साल बाद क्यों आई। अचानक रात के अंधेरे में अधिसूचना जारी कर जनगणना और परिसीमन की बैसाखियों के सहारे चोर दरवाजे से महिला आरक्षण क्यों देना चाहती है सरकार। यदि सरकार की नीयत साफ है तो वर्तमान 543 सांसदों में से ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया जाए। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए यह बात कही। महिला आरक्षण के नाम पर देश के साथ अब तक का सबसे बड़ा छल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहाकि तमिलनाडु और बंगाल चुनावों में चुनावों को देखते हुए मोदी सरकार को नारी शक्ति वंदन की याद आ गई। मगर सरकार के विभाजनकारी मंसूबे सफल नहीं हो पाए और विपक्ष की एकता से लोकतंत्र के मंदिर में संविधान की लाज बच गई। उन्होंने सीधे तौर पर पीएम मोदी की नीति और नीयत में खोट बताते हुए कहाकि सरकार केवल दक्षिण भारत के राज्यों को अलग करने के लिए मनमाने ढंग से परिसीमन करना चाहती है। मगर यह विभाजनकारी और महिलाओं के हिस्से में चोरी के प्रयास कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी और उनकी सरकार ने तमिलनाडू और पश्चिम बंगाल के चुनावों में संभावित हार को देखते हुए विशेष सत्र बुलाकर रातों रात महिला आरक्षण की आड़ में मनमाना परिसीमन को मंजूरी दिलाने की कोशिश की थी। यह महिला आरक्षण बिल था ही नहीं।



### हमारी नीयत से ही पारित हुआ था विधेयक

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहाकि जब 2023 में सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई थी, कांग्रेस नेताओं ने ही इसे सर्व सम्मति से पारित कराया था। हमारे नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे, प्रियंका गांधी ने सर्वसम्मति से इसे पारित कराया था। मगर इसके विपरीत जब हम 2010 में महिला आरक्षण विधेयक लाए थे, तब राज्यसभा में तो पारित करा लिया था, लेकिन लोकसभा में बहुमत न होने से यह इसे पारित नहीं करा पाए थे। इसके पहले जब 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी पंचायतों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल लाए थे, तब भी भाजपा के चार दिग्गजों अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जसवंत सिंह और रामजेठमलानी ने महिला आरक्षण के विरोध में वोट डाले थे। तब भी भाजपा की नीयत देश की महिलाओं ने देखी थी।

### हां, महिला अपना अपमान कभी नहीं भूलती

डॉ. नायक ने भाजपा पर उसी के अंदाज में हमले किए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहाकि राष्ट्र के नाम संदेश में पीएम मोदी ने अपने 29 मिनट के भाषण में 58 बार कांग्रेस का विलाप किया। यह भी कहाकि नारी कभी अपना अपमान नहीं भूलती। उन्होंने बिल्कुल सही कहा, मगर महिलाओं का अपमान किसने किया, यह देश की हर महिला जानती है। सदन में कांग्रेस की विधवा, एक सांसद की पत्नी का 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, सुपर्णखा और एक मुख्यमंत्री को दीदी-ओ-दीदी कहकर महिलाओं का मजाक उड़ाने वालों को देश की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी। यह भाजपा द्वारा महिलाओं का अपमान ही है कि संसद में महिला सांसदों का औसम 13.6 है तो भाजपा में मात्र 31 यानी 12.9 प्रतिशत सांसद हैं। भाजपा शासित 21 राज्यों में से केवल एक महिला सीएम है। देश के 1654 विधायकों में से भाजपा की विधायक मात्र 164 हैं। महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार करने वालों को भाजपा सरकार ही संरक्षण देती है, यह भी देश की महिलाओं ने देखा है और वे कभी माफ नहीं करेंगी।

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

+753 **79,273**

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Nestle | 1,396.00 | 7.27% |
| HUL | 2,335.70 | 3.55% |
| Trent | 4,444.50 | 3.48% |
| ICICI Bank | 1,393.10 | 2.37% |
| Bajaj Finance | 945.95 | 2.05% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| SBI Life Insura | 1,891.70 | -3.58% |
| Bharat Elec | 449.45 | -1.32% |
| Jio Financial | 234.10 | -1.01% |
| Dr Reddys Labs | 1,218.40 | -0.97% |
| Titan Company | 4,465.00 | -0.74% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 93,9400 |
| € यूरो | 109.94 |
| ¥ येन | 0.5872 |
| £ पौंड | 126.23 |

# भारत की अर्थव्यवस्था के 6.4% की दर से बढ़ने का अनुमानः संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई। इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा। इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा। देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं।

**लगातार बढ़ रहा है रेमिटेंस-**रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली। इसमें अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरईएनए) के अनुमान का भी उल्लेख किया गया जिसके अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग 1.66 करोड़ हरित नौकरियां थीं और 2012 से 2024 के बीच प्रतिवर्ष लगभग आठ लाख नई नौकरियां सृजित हुईं जो सात प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को दर्शाती हैं। इन 1.66 करोड़ नौकरियों में से 73 लाख चीन में, 13 लाख भारत में और 25 लाख एशिया के अन्य हिस्सों में सृजित हुईं जो वैश्विक कुल का क्रमशः 44 प्रतिशत, 8 प्रतिशत और 15 प्रतिशत हैं।



एआई जेनेरेटेड इमेज

### भारत सर्वाधिक निवेश आकर्षण का केंद्र

रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसमें कहा गया एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया। वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं। जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।

### पीएलआई से बढ़ेगा औद्योगिक विकास

रिपोर्ट में साथ ही कहा गया, 'सरकारें ऊर्जा बदलाव का उपयोग पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ अर्थव्यवस्था की दिशा में नए घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने और सहायक समूहों का निर्माण करने के लिए कर सकती हैं। इसमें भारत की उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार व्यापक आर्थिक नीतियां एवं फोटोवोल्टिक, बैटरी व हरित हाइड्रोजन के घरेलू विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन देकर हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकती हैं। साथ ही आयात निर्भरता को कम करते हुए नए औद्योगिक हितधारकों का निर्माण कर सकती हैं जिनकी इस परिवर्तन को बनाए रखने में हिस्सेदारी हो।

# अब डाइट कोक की किल्लत कई शहरों में खत्म हुआ स्टाक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट तनाव का असर सिर्फ तेल या एलपीजी गैस पर ही नहीं पड़ा है बल्कि कई इंडस्ट्री भी बुरे दौर से गुजर रही हैं। सॉफ्ट ड्रिंक इंडस्ट्री भी इन्हीं में एक है। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि कोका कोला कंपनी का सॉफ्ट ड्रिंक प्रोडक्ट डाइट कोक की देश के कई शहरों में दिक्कत शुरू हो गई है। काफी दुकानों पर इसका स्टॉक खत्म हो गया है। यूजर इसे नया एलपीजी संकट बता रहे हैं। काफी यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया है कि उनके शहर में डाइट कोक नहीं मिल रही है। बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और अहमदाबाद जैसे महानगरों में सुपरमार्केट की शेल्फ खाली पड़ी हैं। सोशल मीडिया पर लोग इस किल्लत की तुलना एलपीजी सिलेंडर की कमी से कर रहे हैं। काफी यूजर जहां डाइट कोक का स्टॉक खत्म होने की बात कर रहे हैं तो वहीं काफी का कहना है कि उनके शहर में यह अभी भी मौजूद है। दिल्ली-एनसीआर में यह मौजूद है। वहीं क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे ब्लिंकिट, स्वैगी इस्टामार्ट और जिपटो पर काफी जगह इसका स्टॉक आउट ऑफ स्टॉक दिख रहा है तो वहीं काफी जगह यह स्टॉक में है।



### आखिर क्यों गायब हुई डाइट कोक?

डाइट कोक की अचानक आई इस कमी के पीछे दो मुख्य कारण बताए जा रहे हैं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मिडिल ईस्ट तनाव के कारण वैश्विक और घरेलू स्तर पर एल्युमीनियम केन की भारी किल्लत चल रही है। इससे पैकेजिंग प्रभावित हुई है। भारतीय मानक ब्यूरो के नए नियमों के कारण पैकेजिंग में बदलाव करने की जरूरत पड़ी है। इस अपडेट की वजह से डिस्ट्रिब्यूशन अस्थाई रूप से रुक गया है। शहरी इलाकों में लोगों का रुझान तेजी से जीरो शुगर ड्रिंक्स की तरफ बढ़ा है, जिससे मौजूदा स्टॉक मांग के मुकाबले कम पड़ गया है।

**सोशल मीडिया पर छिड़ी चर्चा**

डाइट कोक की कमी को लेकर यूजर्स एक्स पर पोस्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सिलेंडर के आकार वाली सभी चीजों की कमी हो गई है। डाइट कोक अब नया एलपीजी बन गया है। वहीं एक अन्य यूजर ने मजाक में लिखा, पहले जीपीयू की कमी हुई, फिर रैम की, और अब डाइट कोक... इंजीनियर के लिए जिंदगी मुश्किल होती जा रही है।

## टिम कुक की जगह टर्नस संभालेंगे एपल की कमान

**कैलिफोर्निया, जेएनएन।** टिम कुक की जगह अब जॉन टर्नस एपल के नए सीईओ होंगे। वे 1 सितंबर 2026 से कंपनी की कमान संभालेंगे। कुक अब कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन की भूमिका निभाएंगे। बोर्ड ने सर्वसम्मति से इस योजना को मंजूरी दे दी है। जॉन टर्नस ने साल 2001 में इस टेक कंपनी को जॉइन किया था। वे तब प्रोडक्ट डिजाइन टीम का हिस्सा थे। वे कंपनी के फाउंडर स्टीव जॉब्स के साथ भी काम कर चुके हैं। एपल से पहले उन्होंने वर्चुअल रिसर्च सिस्टम्स में एक मैकेनिकल इंजीनियर के तौर पर काम किया था। टर्नस 2013 में हार्डवेयर इंजीनियरिंग के वाइस प्रेसिडेंट बने और फिर 2021 में उन्हें सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बना दिया गया। इन सालों के दौरान टर्नस ने आईपैड, एयरपॉड्स, आईफोन, एपल वॉच और हाल ही में लॉन्च हुए मैकबुक नियो जैसे ब? डिवाइसेज पर काम किया। 51 साल के टर्नस लगभग उसी उम्र के हैं, जिस उम्र में टिम कुक ने एप्पल के सीईओ की कमान संभाली थी। टर्नस के पास यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है।



**मैंने अपने पूरा कैरिय एपल में ही बिताया:** टर्नस ने कहा, एपल के मिशन को आगे ले जाने का यह मौका मिलने पर मैं बहुत आभारी हूं। मैंने अपना लगभग पूरा करियर एप्पल में ही बिताया है, और मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे स्टीव जॉब्स के मार्गदर्शन में काम करने और टिम कुक को अपना मेंटर बनाने का मौका मिला। कुक ने कहा, जॉन टर्नस के पास एक इंजीनियर का दिमाग, एक आविष्कारक की आत्मा और ईमानदारी के साथ नेतृत्व करने वाला दिल है। वे एक विजनरी लीडर हैं उनके 25 सालों में एपल के लिए योगदान गिना नहीं जा सकता।

**कुक एपल को 4 ट्रिलियन डॉलर की कंपनी बनाया:** टिम कुक 1998 में एपल से जुड़े थे और 2011 में सीईओ बने थे। उनके नेतृत्व में एपल की मार्केट वैल्यू 350 बिलियन डॉलर (करीब 32 लाख करोड़) से बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। कंपनी का सालाना रेवेन्यू भी 108 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 416 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है।

# जापान ने 50 साल बाद किया रक्षा नीति में बड़ा बदलाव, घातक हथियारों के निर्यात से हटाया बैन

**टोक्यो, जेएनएन।** जापान ने मंगलवार को खतरनाक जानलेवा हथियारों के निर्यात पर लगा बैन हटा दिया है। यह उसके युद्ध के बाद की शांतिवादी नीति में एक बड़ा बदलाव है। जापान अब चीन और उत्तर कोरिया की आक्रामकता को देखते हुए अपने हथियार उद्योग को मजबूत करने में जुट गया है। प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के मंत्रिमंडल की ओर से नई गाइडलाइन को मंजूरी मिलने से कई हथियारों की बिक्री में आने वाली आखिरी रुकावटें भी दूर हो गई हैं, जिनमें अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान और कॉम्बैट ड्रोन शामिल हैं। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने पत्रकारों से कहा, नई नीति जापान की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और इस क्षेत्र समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय में शांति और स्थिरता को और बढ़ावा देगी, क्योंकि हमारे देश के आसपास का सुरक्षा माहौल तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा, सरकार रक्षा उपकरणों के हस्तांतरण को रणनीतिक रूप से बढ़ावा देगी, ताकि एक ऐसा सुरक्षा माहौल बनाया जा सके जो जापान के लिए अनुकूल हो और एक ऐसा औद्योगिक आधार तैयार किया जा सके जो युद्धक क्षमता को सहारा दे सके।

**जापान ने लगा रखी थी रोक-**जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अपने शांतिवादी संविधान के तहत लंबे समय तक अधिकांश हथियारों के निर्यात पर रोक लगा रखी थी। उसने हाल ही में बढ़ते वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों के कारण कुछ बदलाव किए थे, लेकिन निर्यात केवल 5 क्षेत्रों तक सीमित था। बचाव, परिवहन, चेतावनी, निगरानी और बारूदी सुरंगों को हटाना। नई गाइडलाइन इन सीमाओं को खत्म करती है और लड़ाकू विमान, मिसाइल और विध्वंसक जैसे उपकरणों के निर्यात की अनुमति देती है। यह बड़ा बदलाव है और निर्यात केवल 17 देशों तक सीमित रहेगा।



### चीन ने की आलोचना

चीन ने जापान के इस नीतिगत बदलाव की आलोचना की लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसे जापान के रक्षा सहयोगियों ने इसका बड़े पैमाने पर स्वागत किया है। दक्षिण-पूर्व एशिया समेत यूरोप ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है। विरोधियों का कहना है कि यह बदलाव जापान के शांतिवादी संविधान का उल्लंघन करता है और इससे वैश्विक तनाव बढ़ेगा।

# ईरान में शांति की उम्मीद में 753 अंक उछला बाजार, सैल का शेयर हाई पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स में 800 अंक से ज्यादा उछला जबकि एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स 24,600 अंक के करीब पहुंचा। सेंसेक्स 753.03 अंक के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 211.75 अंक तेजी के साथ 24,576.60 अंक पर पहुंच गया। सेल का शेयर कारोबार के दौरान 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर और ट्रेंट में करीब चार फीसदी तेजी रही। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईटीसी और इटरनल के शेयरों में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी ओर बीईएल, टाइटन, रिलायंस, पावरग्रिड, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा और सन फार्मा में गिरावट रही। इस बीच सरकारी स्टील कंपनी सेल का शेयर आज कारोबार के दौरान 15 साल के हाई पर पहुंच गया। इस महीने इसमें 17 फीसदी तेजी आई।



## अमेरिका ने टैरिफ की वापसी प्रक्रिया शुरू की

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका ने 20 अप्रैल से लिए गए जवाबी शुल्क की वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है और भारतीय निर्यातकों को इसके लिए अमेरिकी खरीदारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क करना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने यह बात कही। जीटीआरआई ने कहा कि यह संपर्क महत्वपूर्ण होगा क्योंकि शुल्क वापसी की राशि केवल अमेरिकी आयातकों को जाती है और निर्यातकों को इस पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता। भारतीय निर्यातकों के पास इसके लिए का दावा करने का कोई सीधा कानूनी रास्ता नहीं होगा।

# विधायक पाठक ने हाईकोर्ट में उपस्थित होकर मांगी माफी

### सुनवाईः जज को सीधे फोन करने पर लंबित आपराधिक अवमानना मामला

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष आपराधिक अवमानना मामले की सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक संजय पाठक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। विधायक संजय पाठक ने बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा है कि उनसे गलती से हाईकोर्ट जज को फोन लग गया था। युगल पीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई 14 मई को निर्धारित की है। गौरतलब है कि कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि विधायक संजय पाठक से संबंधित कंपनी के खिलाफ अवैध उत्खनन के मामले में हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा ने 1 सितंबर 2025 को सुनवाई से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट जस्टिस ने आदेश में कहा था कि विधायक ने उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। इसके कारण वह सुनवाई से खुद को अलग कर रहे हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने प्रकरण को प्रशासनिक स्तर पर चीफ जस्टिस के समक्ष भेजने का निर्देश भी दिया था। याचिका में कहा गया था कि विधायक के यह कृत्य न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। न्यायिक कार्य में हस्तक्षेप करना आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को याचिका का निराकरण करते हुए मामले को संज्ञान में लेते हुए भाजपा विधायक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश जारी किये थे। पिछली सुनवाई में विधायक संजय पाठक की तरफ से बिना शर्त माफी मांगने के संबंध में हलफनामा पेश किया गया था। उनकी तरफ से तर्क दिया गया कि आपराधिक अवमानना में दंड का प्रावधान है, जब गलती असक्षम हो या संबंधित व्यक्ति गलती स्वीकार नहीं करें। राजनीतिक प्रतिद्वंदी के द्वारा इस मामले में जनहित याचिका दायर की गयी थी। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद विधायक को व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए और गलती स्वीकार करते हुए बिना शर्त माफी मांगी। पूर्व में याचिका दायर करने वाले आशुतोष दीक्षित की तरफ से याचिका में हस्तक्षेप कर्ता बनने के लिए आवेदन पेश किया। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद हस्तक्षेप कर्ता बनने के आवेदन को निरस्त करते हुए उन्हें अपना पक्ष प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता प्रदान की है।





### वित्त विभाग से मिली स्वीकृति मंत्रीमंडल की अनुमति शेष

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के गेट नंबर-4 के सामने एडवोकेट चेंबर और मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के मामले में शासन की ओर से कहा गया कि उक्त प्रोजेक्ट के लिए वित्त विभाग की स्वीकृति मिल गई है, अब केवल मंत्रीमंडल की औपचारिक अनुमति शेष है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अगली सुनवाई 29 अप्रैल के पहले स्वीकृति पर अंतिम निर्णय लेकर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन भवन का शिलान्यास 4 मई 2025 को हुआ था। हाईकोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड़ रुपये से आधुनिक लायर्स चेम्बर और बहुस्तरीय पार्किंग बनना है।

# चीन इंटिग्रेटेड सर्किट का जमकर कर रहा आयात



एआई जेनेरेटेड इमेज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान युद्ध के कारण दुनिया में तेल और गैस का संकट खड़ा हो गया है। लेकिन चीन अलग ही प्लान पर काम कर रहा है। वह इंटीग्रेटेड सर्किट और हाई-टेक प्रोडक्ट्स का जमकर आयात कर रहा है। इस कारण मार्च में उसका आयात पिछले साल के मुकाबले 28 फीसदी बढ़ गया जबकि निर्यात में केवल 3 फीसदी तेजी देखने को मिला। इस कारण देश का ट्रेड सरप्लस मार्च में एक साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। फरवरी में चीन का एक्सपोर्ट 40 फीसदी उछला था लेकिन मार्च में इसमें पिछले साल के मुकाबले केवल 3 फीसदी तेजी आई। यह अक्तूबर 2025 के बाद एक्सपोर्ट में सबसे कम ग्रोथ है। इस दौरान देश का आयात पिछले साल के मुकाबले 28 फीसदी उछल गया जो 2021 के अंतिम महीनों के बाद सबसे ज्यादा है। देश के आयात में सबसे ज्यादा उछाल इंटीग्रेटेड सर्किट में आई।

**चीन के अमेरिकी एक्सपोर्ट में आई गिरावट**-इस बीच अमेरिका को चीन से एक्सपोर्ट में मार्च में पिछले साल के मुकाबले करीब 26 फीसदी गिरावट आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल कई देशों पर टैरिफ लगाया था। चीन भी उन देशों में शामिल था जिन पर भारी टैरिफ लगाया गया था। इस कारण अमेरिका को चीनी एक्सपोर्ट में काफी गिरावट आई थी। हालांकि फरवरी में इसमें थोड़ी रिकवरी देखने को मिली थी। चिप टेक्नोलॉजी को लेकर भी चीन और अमेरिका में ठनी हुई है।

## नेस्ले इंडिया को 1,110 करोड़ का मुनाफा हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चॉकलेट, कॉफी, मैगी जैसी चीजें बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 27.18 प्रतिशत बढ़कर 1,110.9 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 873.46 करोड़ रुपये था। नेस्ले इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में उत्पादों की बिक्री से नेस्ले इंडिया का राजस्व 6,723.75 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 23.42 प्रतिशत अधिक है।

चौथी तिमाही में परिचालन आय 6,747.79 करोड़ रुपये रही जबकि एक वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 5,503.88 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल खर्च सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 5,217.48 करोड़ रुपये हो गया। कुल आय (जिसमें अन्य आय भी शामिल है) 22.73 प्रतिशत बढ़कर 6,766.24 करोड़ रुपये रही।

# वैश्विक पहचान बना रहा संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क

### मंत्री श्री टेटवाल के साथ फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल ने ग्लोबल स्किल पार्क का किया भ्रमण

**जागरण, भोपाल।** संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में मध्यप्रदेश के कौशल विकास मॉडल की व्यापक और प्रभावी प्रस्तुति उस समय देखने को मिली, जब फिलीपींस की तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण के 24 सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान का विस्तृत भ्रमण कर इसकी कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था और उद्योग-आधारित दृष्टिकोण को गहराई से समझा। यह दौरा प्रदेश में विकसित हो रहे कौशल तंत्र की वैश्विक स्वीकार्यता और बढ़ती विश्वसनीयता का स्पष्ट संकेत बना। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य युवाओं को ऐसी आधुनिक और रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ना है, जिससे वे सीधे रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क देश का पहला पूर्णतः संचालित बहु-कौशल प्रशिक्षण केंद्र है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। मंत्री टेटवाल एवं प्रतिनिधि मण्डल के बीच स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान हुआ। मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह संस्थान आज एशिया स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है और विभिन्न देशों के प्रतिनिधि यहाँ आकर इसकी कार्यप्रणाली को समझ रहे हैं तथा अपने देशों में इस प्रकार के संस्थान स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहाँ प्रशिक्षित युवा देश और विदेश में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, जो इस मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में 1200 क्षमता वाले छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है तथा बढ़ती मांग को देखते हुए समान क्षमता के नए छात्रावास का विस्तार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने से हुई, जिसके बाद प्रतिनिधिमण्डल एवं संस्थान के कोर्स हेड एवं प्रिंसिपल हेड द्वारा एक-दूसरे को पद और भूमिका का परिचय दिया गया। सीईओ गिरीश शर्मा द्वारा संस्थान की उपलब्धियों और संरचना के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रतिनिधि मण्डल को ऑडियो-विजुअल के माध्यम से संस्थान की विकास यात्रा और उपलब्धियों से अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य परिसर एवं सिटी परिसर की विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, ऑडिटोरियम, मीडिया कक्ष, पुस्तकालय और जीवन कौशल क्लब का भ्रमण किया गया। प्रतिनिधियों ने लाइव प्रदर्शन देखे और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए प्रशिक्षण की व्यावहारिकता एवं गुणवत्ता की सराहना की। इस दौरान करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया गया। साथ ही लीडरशिप मास्टर क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं प्रोत्साहन वाउचर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अंकित प्रजापति को इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सिटी परिसर में प्रिसिजन इंजीनियरिंग से संबंधित सीएनसी एवं पारंपरिक प्रयोगशालाओं का गहन अवलोकन किया। हब एवं स्पोक मॉडल के अंतर्गत विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिसमें विकेन्द्रीकृत प्रशिक्षण प्रणाली को स्थानीय उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप संचालित किए जाने की जानकारी साझा की गई। संवाद सत्र में प्रशिक्षण प्रक्रियाओं, पाठ्यक्रम संरचना, उद्योग सहभागिता और प्लेसमेंट व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गिरीश शर्मा ने आगामी वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की जानकारी साझा की, वहीं प्रतिनिधिमंडल ने भी अपने क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क को प्रस्तुत किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच ज्ञान और श्रेष्ठ प्रथाओं का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर उन्नत नेटवर्किंग एवं प्रणाली प्रशासन पाठ्यक्रम के अंतर्गत सिस्को नेटवर्किंग अकादमी का शुभारंभ किया गया, जो वैश्विक स्तर की प्रशिक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागृह में आयोजित दोपहर भोज के दौरान प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों के बीच सार्थक संवाद हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा और विशेष रुचि दिखाई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिनिधिमंडल द्वारा वृक्षारोपण किया गया, जो सहयोग और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास प्राधिकरण के निदेशक गिल्बर्ट एम. कास्त्रो, स्टीफन आई. सीज़र, एशियन विकास बैंक की शिक्षा क्षेत्र की प्रधान परियोजना अधिकारी पूनम शर्मा भाम्बरी तथा आईपीई ग्लोबल के सदस्य सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।



# प्रशासन की उदासीनता से खनिज संपदा का माफिया कर रहे अवैध दोहन



## आबकारी विभाग के कार्यालय का पता ही नहीं, बढ़ रहे अपराध

**चाकघाट, नि.प्र.।** त्योंथर अंचल में अवैध मादक पदार्थों का कारोबार और खनिज संपदा की अवैध निकासी जोरों से चल रहा है। संवाददाता को क्षेत्रवासियों ने बताया कि अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए न तो आबकारी विभाग का कोई अमला यहां दिखता और न ही खनिज विभाग का। आबकारी विभाग के लोग इस अंचल में कहां कार्य कर रहे हैं, कहां पर अवैध मादक पदार्थ की शिकायत की जाए इसकी कोई जानकारी सार्वजनिक रूप से नहीं दी जा रही है। इस अंचल में आबकारी विभाग का वृत कार्यालय चाकघाट में बताया जाता है। वर्षों पहले चाकघाट में यह कार्यालय संचालित था। अब यह कार्यालय कहां पर है इसे कोई नहीं जानता। आबकारी विभाग के एक कर्मचारी ने संवाददाता से चर्चा में बताया कि आज भी शासन के रिकॉर्ड में वृत्त कार्यालय चाकघाट को माना जाता है किंतु इसका कार्यालय इस आंचल में कहीं भी नहीं है। यहां तैनात आबकारी विभाग के लोग मदिरा के ठेकेदारों के इशारे पर काम करने के आरोप स्थानीय नागरिकों ने संवाददाता से बात करते हुए लगाए हैं। अवैध शराब, स्मैक, गांजा,कोरेक्स और अन्य प्रकार के मादक पदार्थों को पकड़ने, उन्हें रोकने का काम उनके द्वारा न के बराबर किया जा रहा है।

## खनिज पदार्थों का होता है अवैध व्यापार

संवाददाता से बात करते हुए स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यही हाल त्योंथर आंचल में खनिज संपदा के दोहन का है। नदी से अवैध बालू कई जगह से निकली जा रही है। खनिज विभाग के अधिकारी इस मामले में पूरी तरह आंख बन्द किए हुए हुए हैं। इसी अंचल के राजमार्ग से होकर बिना रवन्ना के गिट्टी का अवैध कारोबार जोरों से चल रहा है। ओवरलोड अवैध निकासी के मामले में खनिज विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती। जिससे अवैध गिट्टी की निकासी भारी मात्रा में हो रही है। पत्थर, गिट्टी आदि अवैध रूप से भारी मात्रा खुले आम ट्रैक्टर एवं बड़े वाहनों के माध्यम से जगह-जगह बेचा जाता है।

### अधिकारी बरत रहे लगातार लापरवाही

खनिज विभाग इस और कभी ध्यान नहीं देता। अवैध नशे का कारोबार हो या खनिज संपदा की अवैधानिक निकासी इन मामलों में तैनात अधिकारी अपने दायित्व के प्रति लापरवाह ही नजर आते हैं। मामला पुलिस के ऊपर आता है और सारे लोगों की निगाहें पुलिस पर रहती है। कि पुलिस ही अवैध निकासी और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार को रोके जबकि यहां तैनात खनिज और आबकारी विभाग के अधिकारी अपने दायित्व से मुकरते देखे जाते हैं जिससे इस अंचल में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं खनिज का उत्खनन एवं निकासी तेजी से हो रहा है। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से क्षेत्र की जनता आग्रह करती है कि खनिज विभाग एवं आबकरी विभाग का स्थाई कार्यालय इस क्षेत्र में बनाया जाए और विभाग के लोग अपराध को रोकने में आगे आए।

# जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का लिया संकल्प



**आंचलिक डेस्क।** ग्राम पंचायत रायपुर के दल सागर तालाब में स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 अप्रैल को सेक्टर क्रमांक 01 अंतर्गत कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य बृजेश कोरी ,भाजपा नेता एवं समाज सेवक योगेंद्र शुक्ला, ब्लॉक समन्वयक सुषमा शुक्ला , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुरसा कला के अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण मिश्रा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रायपुर कर्चुलियान के अध्यक्ष विकास साहू, परामर्शदाता महेंद्र श्रीवास्तव, शिवानी पांडे, बालेंद्र पांडे, सौरभ पांडे, मनोज नापित, छात्र प्रेमलाल कोल, चांदनी बानो, पूजा मिश्रा, जयप्रकाश नारायण मिश्रा, आकाश साहू, स्मिता शुक्ला, राहुल सिंह, निति शुक्ला, देवेंद्र सिंह एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिन्होंने जल संरक्षण की शपथ ग्रहण की और जल स्त्रोतों की साफ सफाई व उनके रखरखाव का संकल्प लिया।

# शादी घरों ने सड़क पर बना रखी है अवैध पार्किंग, घंटों लग रहा जाम

## देवतालाब में जिम्मेदार बरत रहे उदासीनता



**नईगढ़ी, निप्र।** देवतालाब क्षेत्र में कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बावजूद जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट नजर आ रही है। मैरिज गार्डन संचालक खुलेआम नियमों की अनदेखी कर सड़कों को ही पार्किंग स्थल बना रहे हैं, और जिम्मेदार तंत्र आंखें मूंदे बैठे हैं। नईगढ़ी-देवतालाब रोड और शिवपुरा-मऊगंज रोड पर लगन सीजन के दौरान रोजाना लंबा जाम लग रहा है। हालत यह है कि कई बार एक-एक घंटे तक वाहन फंसे रहते हैं। आमजन, मरीज, स्कूली बच्चे-सभी इस अव्यवस्था का खामियाजा भुगत रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि अधिकांश मैरिज गार्डनों के पास अपनी कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं है, फिर भी धड़ल्ले से आयोजन जारी हैं। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। लगातार जाम लगने और शिकायतों के बावजूद पुलिस की कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आ रही। स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो किसी दिन यह जाम बड़ी दुर्घटना या आपात स्थिति में भारी नुकसान का कारण बन सकता है। लोगों ने शादी घरों की मनमानी पर प्रशासन से लगाम लगाने की मांग की है।

# जनगणना प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर और शिक्षक सत्र में ही सोते नजर आए

## रायपुर कर्चुलियान में प्रशिक्षण पर उठे सवाल



**रघुराजगढ़, नि.प्र.।** रायपुर कर्चुलियान में जनगणना कार्य के लिए आयोजित शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र की स्थिति चिंताजनक नजर आ रही है। यह प्रशिक्षण, जो अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य की तैयारी के लिए किया जा रहा है, उसमें ही लापरवाही के दृश्य सामने आना कई सवाल खड़े कर रहा है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनरों सहित शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित थी, ताकि जनगणना जैसे व्यापक और संवेदनशील कार्य को सही ढंग से संपन्न किया जा सके। हालांकि, सामने आई तस्वीरों में कुछ मास्टर ट्रेनर और शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह न केवल अनुशासनहीनता को दर्शाता है, बल्कि प्रशिक्षण की गंभीरता को भी कम करता है। स्थानीय स्तर पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसकी निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हो सके और जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो।

# अपने आप में अनोखा है मॉ पीताम्बरा माता का मंदिर : बालेन्दु शुक्ला

## पीताम्बरा बंगला मुखी एवं शिवशक्ति परिवार की प्राण प्रतिष्ठा 24 को महान संतों की रहेगी उपस्थिति



**रायपुर कर्चुलियान।** महाविद्यालय परिसर पहड़िया रायपुर कर्चुलियान में नव निर्मित मंदिर में मॉ पीताम्बरा बंगला मुखी शिवशक्ति परिवार की प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम 24 अप्रैल को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक बालेन्दु शुक्ला, डॉ. विभा शुक्ला, सुपुत्री ऋषिका शुक्ला (एडवोकेट)व अध्यक्ष पं. रामसुन्दर शुक्ला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पहड़िया ने जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम में श्री गुरू देव श्री-श्री 1008 श्री हरि चेतन ब्रह्मचारी परमहंश टीकरमाफी अमेठी, प्रमुख आचार्य अम्बिकेश मिश्रा जबलपुर आचार्य मयंक तिवारी रीवा, बहन डा. रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद प्रयागराज पूज्य पिता मुनि प्रसाद शुक्ला आदि प्रबुद्धजन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक शुक्ल जनों ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि कलश यात्रा मंडप प्रवेश जलधिकलश 21 अप्रैल मंगलवार, अन्नाधिवास रथयात्रा निद्राधिवास 22 अप्रैल बुधवार, प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन पूर्णाहुति 23 अप्रैल को साथ ही नव निर्मित मंदिर का लोकार्पण एवं मूर्ति का अनावरण भंडारा प्रसाद वितरण 24 अप्रैल को संपन्न होगा। इस विशाल धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गायत्री शुक्ला, शशिकला, कल्पना, साधना , ममता, जयति, जयश्री, सुषमा आदि ने अपना योगदान देते हुये समस्त भक्तजनों व क्षेत्रीय लोगों से इतने बड़े धार्मिक आयोजन का लाभ लेने तथा भंडारे में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 120 मरीजों को मिला लाभ



## डॉ. प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**आंचलिक डेस्क।** रमकी फाउंडेशन एवं डॉ. प्रतिभा सिंह के संयुक्त तत्वावधान में 19 अप्रैल को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के बरसैता ग्राम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आए लगभग 120 मरीजों की स्वास्थ्य जाँच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा सेवाएँ दी गईं, जिसमें डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. जयपाल सिंह (दंत चिकित्सक), डॉ. विकास सिंह (जनरल फिजिशियन), डॉ. करण (जनरल फिजिशियन), डॉ. अनिल पटेल (फिजियोथेरेपिस्ट), डॉ. वीरेन्द्र कुमार शुक्ला (शिशु रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. रविता सिंह (स्त्री रोग विशेषज्ञ) शामिल रहे। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, उपसरपंच सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि जब गांव का कोई व्यक्ति इलाज के लिए भटकता है, तो वह सिर्फ मरीज नहीं होता, बल्कि एक परिवार की चिंता और उम्मीद भी साथ लेकर चलता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में परेशान न हो। सेवा ही हमारा संकल्प है, और यह प्रयास आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# जल संवर्धन जन भागीदारी का कार्यक्रम : मऊगंज कलेक्टर



**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही की जाए। जल संचय संरचनाओं जैसे तालाब, कुएं, चेक डैम आदि का संरक्षण एवं मरम्मत के कार्य तेजी से किये जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जाए। आम नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों को जोड़कर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर पर जागरुकता अभियान चलाकर जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने स्तर पर नवाचार के साथ कार्य करें और नियमित रूप से प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करें। साथ ही, जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की मैदानी मॉनिटरिंग भी लगातार की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जल ही जीवन है की भावना को आत्मसात करते हुए सभी को मिलकर इस अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, एसडीम हनुमना राजेश मेहता सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार से परेशान जनता ने नायब तहसीलदार को हटाने करी मांग

## बिना सुविधा शुल्क के नहीं होता कोई काम




**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना तहसील के पहाड़ी सर्किल पर इन दिनों लूट का केंद्र होने के आरोप लगे हैं। संवाददाता को स्थानीय जनों ने बताया कि यहां लोगों में लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने संवाददाता को बताया कि हनुमना तहसील के पहाड़ी वृत्त में नायब तहसीलदार के रूप में बुद्धसेन माझी ने कमान संभाली है तब से बिना सुविधा शुल्क के कोई भी काम पहाड़ी वृत्त में नहीं होता, लोगों द्वारा महीनों चक्कर लगाने के बाद भी छोटे से छोटे काम के लिए नक्शा तरमीन, नकल या फिर फैसला हर काम में बिना सुविधा शुल्क के काम नहीं होता।

स्थानीय लोगों ने मऊगंज कलेक्टर संजय जैन, संभाग आयुक्त बी एस जामोद एवं राजस्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तहसीलदार को निलंबित किए जाने की मांग करते हुए कहा है कि अगर शीघ्र पहाड़ी वृत्त के नायब तहसीलदार बुद्धसेन से माझी को निलंबित कर इनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी

# दस वर्षों से एक ही छात्रावास में अधीक्षिका के पद पर जमीं हुई हैं संध्या द्विवेदी

**जवा ब्यूरो।** जवा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सितलहा छात्रावास में 10 वर्षों से छात्रावास में अधीक्षिका के पद पर कार्यरत होने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि छात्रावास अधीक्षिका संध्या द्विवेदी पिछले 10वर्षों से शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के विपरीत अधीक्षिका के पद पर कार्यरत है। जबकि शासन का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी अध्यापक संवर्ग शिक्षक को तीन वर्ष से ज्यादा छात्रावास अधीक्षिक के पद पर प्रतिनियुक्ति न किया जाए के निर्देश के बावजूद अधीक्षिका के पद पर लगातार डटी हुई हैं, जो जिला शिक्षा अधिकारी रीवा सहित जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों के लिए गहन जांच का विषय है। ज्ञात हो कि रससा मद से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सितलहा में अध्ययन रत कक्षा 9वीं से12वीं तक की सीनियर छात्राओं के लिए 150सीटर आवासीय छात्रावास संचालित है जिसकी अधीक्षिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सितलहा की अध्यापक संवर्ग शिक्षिका संध्या द्विवेदी पिछले 10वर्षों से अधीक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। लगातार पदस्थापना के चलते छात्रावास में पूरी तरह से मनमानी का माहौल है। स्थानीय निवासियों का संवाददाता से कहना है कि ज्यादातर छात्राएं अपने घर में रहकर पढ़ाई करती है जिनका नाम भी लिखकर कूट रचित तरीके से सादी, हस्तलिखित बिना जीएसटी नंबर की रसीदों से शासन द्वारा प्रदत्त शासकीय राशि का जमकर बंदरवाट किया जाने का भी आरोप लगाते हुए लगातार पिछले 10वर्षो से छात्रावास अधीक्षिका के पद पर पदस्थ संध्या द्विवेदी को छात्रावास अधीक्षिका के पद से हटाकर निष्पक्ष जांच की मांग जिला शिक्षा अधिकारी रीवा से की है।

# हनुमना में यातायात व्यवस्था बेपटरी, प्रशासन बेखबर

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर सीधी रोड की सड़कों पर इन दिनों जाम कोई आकस्मिक समस्या नहीं, बल्कि रोज़ की नियति बन चुकी है, सोमवार को एक बार फिर सीधी रोड में घंटों तक लगे जाम ने यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी। हैरानी की बात यह है कि घंटों तक लोग जाम में फंसे रहे, लेकिन यातायात पुलिस का कहीं अता-पता नहीं था, लोगों का कहना है कि अब अति आवश्यक है सीधी बहरी मार्ग में चौड़ करण व्यवस्था जल्द ही जाए। नगर के प्रमुख रोड हनुमना से सीधी मार्ग पर हालात इतने बदतर हैं, लेकिन यातायात पुलिस वहां कम और मुख्यालय मऊगंज में ज्यादा नजर आती है, जहां आसानी से वाहन रोककर हेलमेट, लाइसेंस और अन्य चालान काटे जा सकें, लोगों ने संवाददाता से बात करते हुए कहा कि सवाल यह है कि क्या यातायात पुलिस का काम केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित रह गया है? यहां स्थिति इतनी गंभीर है कि अगर किसी एंबुलेंस में मरीज फंस जाए या कोई आपातकालीन स्थिति हो, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? और आम नागरिक आखिर शिकायत कहां करें, इसका भी कोई स्पष्ट तंत्र नजर नहीं आता!

# सतपुड़ा आई.टी.आई. मऊगंज में रोजगार मेला आज

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत सतपुड़ा आई.टी.आई. मऊगंज में 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

# परशुराम प्रकाट्योत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब



**लालगांव, नि.प्र.।** भगवान परशुराम जी के पावन जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भव्य भजन संध्या एवं धार्मिक कार्यक्रम का समागम आयोजन समिति लालगांव के तत्वाधान में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ स्व. कुँवर रुक्मिणी रमण प्रताप सिंह साँदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगांव के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। भगवान परशुराम जी की प्रतिमा को आकर्षक फूलों व वस्त्र से सजाया गया था तथा विधि-विधान से आरती एवं भोग अर्पण किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लेकर भगवान से सुख-समृद्धि एवं देश-प्रदेश की उन्नति की कामना की। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से उप सरपंच लालगांव लवकुश तिवारी, सर्वेश तिवारी, परशुराम शुक्ला, राकेश शर्मा, विनोद शर्मा, रिंकू गौतम, आशीष तिवारी निर्मल, धीरू गौतम, रोहित शुक्ला ने आए हुए समस्त जनों का अंग पट्टिका पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य मृत्युंजय मिश्रा खैरा, मालिक तिवारी, लालजी शुक्ला, अनिल सिंह गुड्डा, श्रवण मिश्र, अवनीश सिंह, वैभव प्रताप सिंह, प्रभुनारायण सिंह, जगतपाल तिवारी, सी बी शुक्ला, रमेश सिंह, पूरन पाठक,विनोद तिवारी, प्रमोद तिवारी सहित सर्व समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| अभिषेक (हैदराबाद) | 323 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 320 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 265 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 13 |
| इशान मलिंगा (हैदराबाद) | 12 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 12 |



## बाउंड्री मीटर

546 छक्के

962 चौके

63 अर्धशतक




हैदराबाद के इशान मलिंगा ने दिल्ली के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने स्पेल में चार विकेट झटके। उन्होंने 10वें ओवर में पहली और दूसरी गेंद पर लगातार विकेट लिए। हालांकि हैट्रिक से चूक गए।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 | +1.420 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 | 1.171 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 | 0.820 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.599 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.130 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.821 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | 0.067 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.780 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.173 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 | -0.879 |

# अभिषेक का शतक, हैदराबाद ने लगाई जीत की हैट्रिक

## मैच 31: सनराइजर्स ने दिल्ली को 47 रन से हराया, अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंची



प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा

135* रन

68 गेंद

10 चौके

10 छक्के

198.53 स्ट्राइक रेट

**जेएनएन, हैदराबाद**

अभिषेक शर्मा (नाबाद 135) के शतक और इशान मलिंगा के चार झटकों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल कर ली। यह इस सीजन हैदराबाद की सात मैचों में कुल चौथी जीत है और टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं कैपिटल्स की टीम छह मैचों में तीसरी हार के बाद पांचवें स्थान पर है।

प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक ने दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 68 गेंदों की नाबाद पारी में 10 छक्के और इतने ही चौके लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने दो विकेट पर 242 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को नौ विकेट पर 195 रन पर रोक दिया। कैपिटल्स के लिए नीतीश राणा ने 30 गेंदों में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। उन्होंने केएल राहुल (23 गेंद में 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 86 रन की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम ने लय गंवा दी। टीम का स्कोर एक विकेट पर 107 रन से चार विकेट पर 107 रन हो गया। मलिंगा ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्हें दिलशान मधुशंका (36 रन पर एक विकेट) और शाकिब हुसैन (29 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जबकि हर्ष दुबे ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए। अभिषेक ने आईपीएल में अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान शुरुआती तीन विकेटों के लिए बड़ी साझेदारियां कीं। उन्होंने ट्रेविस हेड (26 गेंद में 37) के साथ पहले विकेट के लिए 53 गेंदों में 97 रन और कप्तान इशान किशन (13 गेंद में 25 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 79 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने हेनरिक क्लासेन (13 गेंद में नाबाद 37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 66 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के बड़े स्कोर को सुनिश्चित किया। अभिषेक की तूफानी पारी के सामने नीतीश राणा की ऑफ स्पिन और लुंगी एनगिडी (चार ओवर में 41 रन) की धीमी गेंदें भी बेअसर रहीं। दिल्ली के लिए एकमात्र सफलता अक्षर पटेल को मिली, जिन्होंने हेड को आउट कर पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी नहीं होने दी। किशन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हुए। अभिषेक हैदराबाद के लिए सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गए। अभिषेक से पहले डेविड वॉर्नर और क्लासेन ने हैदराबाद की ओर से खेलते हुए दो-दो शतक लगाए हैं।

**09** शतक टी-20 में अभिषेक शर्मा के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने भारत की ओर से टी-20 में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली। टी-20 में सर्वाधिक शतक क्रिस गेल (22) के नाम हैं।

**27** छक्के सबसे ज्यादा इस सीजन में अभिषेक लगा चुके हैं। उनके टी-20 में 350 छक्के भी पूरे हो गए। उन्होंने दूसरी बार एक पारी में 10 छक्के लगाए हैं। शीर्ष पर गेल हैं, जिन्होंने चार बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए।

■ अभिषेक शर्मा ने 67 गेंद में नाबाद 134 रन बनाए। यह आईपीएल में उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि ओवरऑल पांचवां बड़ा स्कोर है। अभिषेक ने इससे पहले पंजाब के खिलाफ 2025 में 141 रन बनाए थे। शीर्ष पर क्रिस गेल (नाबाद 175 रन) हैं, जबकि दूसरे नंबर ब्रैंडम मैक्कुलम (नाबाद 158 रन) और चौथे नंबर पर क्विंटन डिकॉक (नाबाद 140 रन) हैं।

### स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद: 242/2 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 135 | 68 | 10 | 10 |
| हेड का. रिजवी बो. अक्षर | 37 | 26 | 2 | 2 |
| इशान किशन रनआउट | 25 | 13 | 2 | 1 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 37 | 13 | 3 | 3 |

**अतिरिक्त:** 8, **कुल:** 20 ओवर में दो विकेट पर 242 रन, **विकेट पतन:** 1-97, 2-176, **गेंदबाजी:** मुकेश कुमार 4-0-53-0, नीतीश राणा 4-0-55-0, लुंगी एन्गिडी 4-0-41-0, अक्षर पटेल 2-0-23-1, कुलदीप 2-0-30-0, टी नटराजन 4-0-40-0.

**दिल्ली कैपिटल्स: 195/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| निसंका का. लिविंगस्टोन बो. मदुशंका | 8 | 6 | 0 | 1 |
| राहुल का. अभिषेक बो. साकिब | 37 | 23 | 1 | 3 |
| राणा का. अभिषेक बो. मलिंगा | 57 | 30 | 7 | 3 |
| रिजवी का. मदुशंका बो. हर्ष | 41 | 28 | 2 | 2 |
| डेविड मिलर बो. मलिंगा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| स्टब्स का. साकिब बो. मलिंगा | 27 | 16 | 3 | 0 |
| आशुतोष का. वर्मा बो. मलिंगा | 14 | 10 | 2 | 0 |
| अक्षर का. नीतीश बो. हर्ष | 2 | 3 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| एन्गिडी का. मदुशंका बो. हर्ष | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 8, **कुल:** 20 ओवर में 9 विकेट पर 195 रन, **विकेट पतन:** 1-21, 2-107, 3-107, 4-107, 5-166, 6-186, 7-192, 8-195, 9-195, **गेंदबाजी:** मदुशंका 4-0-36-1, नीतीश कुमार 4-0-57-0, इशान मलिंगा 4-0-32-4, साकिब हुसैन 4-0-29-1, शिवांग कुमार 2-0-28-0, हर्ष दुबे 2-0-12-3.

**2000** रन आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक के पूरे हो गए हैं।

## खेल एक नजर

### भारत और दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के बीच तीसरा टी-20 आज

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत की राह पर लौटकर सीरीज में अपनी दावेदारी बरकरार रखना चाहेगी और इसके लिए उसे उप कप्तान स्मृति मंधाना और सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैच की सीरीज में 2-0 से आगे है और तीसरे मैच को जीतकर सीरीज में विजयी बढ़त बनाना चाहेगी। यह मैच रात 9:30 बजे से खेला जाएगा। टीम की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज स्मृति शुरुआती दो मैच में 13 और 12 रन ही बना पाई हैं। भारतीय टीम इन मुकाबलों में 157 और 147 रन ही बना सकी जिन्हें मेजबान टीम ने आसानी से जीत लिया। टीम के लिए दीप्ति की फॉर्म अधिक चिंता का विषय है।



### सीएसके को झटका: आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें छह से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। यह 18 वर्षीय बल्लेबाज सनराइजर्स के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरा था। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वह काफी असहज महसूस कर रहे थे। सनराइजर्स ने यह मैच 10 रन से जीता था। म्हात्रे को मैदान पर ही उपचार दिया गया। दर्द के बावजूद उन्होंने खेलना जारी रखा था, लेकिन इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए थे।

## रियाल मैड्रिड यूईएफए यूथ लीग जीतकर फिर यूरोपीय चैंपियन बना



**लॉजेन, जेएनएन।** रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रूग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है, क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। अतिरिक्त समय के बाद भी मैच 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रूग के नइम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यूईएफए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता।

## अल्कराज और सबालेंका को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**मैड्रिड, जेएनएन।** टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और आर्यना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमशः वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। विश्व नंबर दो अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था। स्पेन की राजधानी में आयोजित किए गए इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की। पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था। इस महीने मास्टर्स खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया, जबकि अपने जमाने की दिग्गज जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को 'वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन' का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।





## सीजन में लगातार चौथी हार से बचने उतरेगी सुपर जाएंट्स, सामना मजबूत राजस्थान से

**लखनऊ, जेएनएन।** आईपीएल 2026 में हार की हैट्रिक लगा चुकी लखनऊ सुपर जॉएंट्स अपने घर में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने वाली 2008 की चैंपियन टीम राजस्थान ने भी पिछले दो मैचों में लगातार हार झेली है। हालांकि, इसके बावजूद राजस्थान की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, लेकिन लखनऊ नौवें स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए छह में से चार मैच राजस्थान ने जीते हैं। इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों की अब तक एक ही भिड़ंत हुई है, जिसमें राजस्थान ने आसानी से जीत दर्ज की थी। 2025 से अब तक लखनऊ ने अपने घर में नौ में से सात मैच गंवाए हैं, तो आगामी मैच से पहले उनके ऊपर भारी दबाव होगा। राजस्थान के कप्तान रियान पराग इस सीजन लगातार फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं और छह पारियों में उनके बल्ले से 122 की स्ट्राइक-रेट से केवल 61 रन निकले हैं।



■ इस सीजन लगातार तीन मैच हो चुके हैं, जिनमें जोफ्रा आर्चर ने पहली गेंदों पर ही विकेट निकाले हैं। अब उनका सामना लखनऊ के उस टॉप ऑर्डर से होगा, जो इस सीजन काफी संघर्ष करती दिख रही है। इस सीजन पावरप्ले में आर्चर ने छह पारियों में 8.6 की इकॉनमी के साथ छह विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक-रेट 11 का रहा है। मिचेल मार्श ने इस सीजन 134 और रिषभ पंत ने 136 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं।

■ लखनऊ और राजस्थान दोनों ही आखिरी के ओवरों का लाभ लेने में विफल साबित हो रहे हैं। इस सीजन 17 से 20 ओवरों के बीच सबसे कम रन-रेट वाली टीमों की बात की जाए, तो राजस्थान (8.8) पहले स्थान पर है। लखनऊ का रन-रेट भी 9.6 रहा है। अन्य टीमों को देखते हुए अब ये भी साधारण लगने लगा है।

## शेफाली टी-20 रैंकिंग में छठे पायदान पर, स्मृति को एक स्थान का नुकसान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। भारत की उप कप्तान और शेफाली की सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं। महिला विश्व कप की स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स (14वें नंबर) को चार स्थान का नुकसान हुआ है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत के खिलाफ दूसरे मैच में शानदार अर्धशतक लगाने के बाद बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें, जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### कार्तिक के शतक से शहडोल ने भोपाल को 77 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** शहडोल डिवीजन ने बॉयज अंडर-22 लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट में भोपाल को 77 रन से शिकस्त दी। शहडोल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कार्तिक परिहार (114*) के नाबाद शतक और शिव सागर (52) के अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 289 रन बनाए। सत्यार्थ शुक्ला ने 34 रनों का योगदान दिया। भोपाल के तन्मय पाण्डेय ने 3 विकेट लिए। प्रारब्ध मिश्रा को दो, जबकि अनिमेष सिंह को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की टीम 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 212 रन बना पाई। नीरज ग्रोवर ने नाबाद 40 और आयुष अवस्थी ने 38 रन का योगदान दिया। शहडोल के कार्तिक, यतेंद्र श्रीवास्तव और प्रयाग ने 2-2 विकेट लिए। कार्तिक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### डीजीपी कप: एसएएफ जोन को हराकर भोपाल पुलिस बनी चैंपियन




**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच विजय सिंह ठाकुर के अर्धशतक की बदौलत भोपाल पुलिस ने एसएएफ जोन भोपाल को पांच रन से हराकर डीजीपी कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। नेहरू नगर के पुलिस क्रिकेट ग्राउंड पर भोपाल पुलिस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विजय (64) और अंबिया (50) के अर्धशतक की बदौलत 155 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में एसएएफ जोन की टीम 150 रन ही बना पाई। नगेंद्र सिंह ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अमित ने 36 रन बनाए। भोपाल पुलिस के सोनू ने तीन विकेट झटके। विजेता टीम को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और विशेष पुलिस महानिदेशक संजीव शमी ने ट्रॉफी प्रदान की।

**टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ के पुरस्कार : मैन ऑफ द सीरीज:** नरेंद्र रायकवार, **बल्लेबाज:** अनुराग बोरासी **गेंदबाज:** ऋतिक महाजन **फील्डर:** संजीव पटेल **विकेटकीपर:** हेमंत शाक्य

### सीनियर विमेंस वनडे

### भोपाल ने जबलपुर को आठ विकेट से हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच काजल की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भोपाल ने सीनियर विमेंस जेएस आनंद ट्रॉफी इंटर डिविजनल लिमिटेड ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट में जबलपुर को आठ विकेट से शिकस्त दी। एमपीसीए द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में इंदौर के पीएमसीए मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर डिवीजन 27.1 ओवर में 59 रन पर सिमट गई। उसके लिए मोनिका पंवार ने सर्वाधिक नाबाद 18 और मुस्कान बिस्वास ने 15 रन बनाए। भोपाल की काजल ने 3 विकेट लिए। निकिता सिंह और खुशी यादव को दो-दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल ने 12.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर मुकाबला जीत लिया। निकिता ने 26 और सौम्या तिवारी ने नाबाद 27 रन बनाए।

### जू-जित्सु प्रतियोगिता में भोपाल की लावण्या ने जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल, खेप्र।** स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी की लावण्या ने कुमाऊं यूनिवर्सिटी की शिप्रना को हराकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जू-जित्सु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। यह पदक उन्होंने महिला वर्ग फाइटिंग सिस्टम-52 किलोग्राम वेट कैटेगरी जीता। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग नेवाजा-56 किग्रा वेट कैटेगरी में आईएएसई राजस्थान के जितेंद्र ने कुमाऊं यूनिवर्सिटी के शशांक बोरा को हराकर खिताब जीता। 62 किग्रा में एमजेपी रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत ने देशभगत यूनिवर्सिटी के कुलदीप को हराकर सोने का तमगा हासिल किया। महिला वर्ग फाइटिंग सिस्टम-45 किग्रा में कुमाऊं यूनिवर्सिटी की शिवानी ने स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी की हर्षिता और 48 किग्रा में लाहौरी ने जेआरएन यूनिवर्सिटी की काजल को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की मलेशिया में स्वर्णिम हैट्रिक



**भोपाल, खेप्र।** मप्र मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने 15वें साइलेंट नाइट कराते कप में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पांच पदक जीता। कुआलालंपुर में आयोजित कप में अमेय कटारे (57 किग्रा) ने सिंगापुर के खिलाड़ी को 8-1 से और कल्याणी कोडोपे (68 किग्रा) ने इंडोनेशिया की प्रतिद्वंद्वी को 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। संदीप राठौर एवं अमन (टीम कुमिते) ने मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यशविनी रावत (45 किग्रा) ने रजत और मानस शुक्ला ने कांस्य पदक अर्जित किया।

## अब पॉलिटेक्निक कालेज में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स

**रीवा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए सौ सीटर छात्रावास निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। छात्राओं के लिए कॉलेज परिसर तथा छात्रों के लिए राजस्व अधिकारी द्वारा निराला नगर में चिन्हित जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कराएं। इसके साथ-साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज को 144 लाख रुपए की लागत से स्पोर्ट्स काम्पलेक्स निर्माण की भी मंजूरी दी गई है।

## एयरपोर्ट विस्तारः जमीनों की खरीद, बिक्री पर रोक

**रीवा।** रीवा एयरपोर्ट के विस्तार का मास्टर प्लान मंजूर करते हुए सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए ग्राम उमरी और चोरहटा की 140 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। इस जमीन की खरीद बिक्री, डायवर्सन और नामांतरण पर एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने प्रतिबंध के आदेश दिए है।

# एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार



**रीवा।** एनडीपीएस एक्ट के मामले लंबे समय से फरार आरोपी को मनगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी कमलेश सिंह पिता गंगा सिंह 39 वर्ष निवासी ग्राम मढ़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश पुलिस पिछले वर्ष नवम्बर माह से कर रही थी। नवंबर 2025 में गिरफ्तार आरोपी कुलदीप सिंह व महेंद्र सिंह निवासी बेलवा पैकान को आरोपी ने नशीली कफ सिरप व मादक पदार्थ गांजा उपलब्ध कराया था। जिसके बाद आरोपी मनगवां पुलिस के हाथ लगा है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे, सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखूनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311


# अवैध उत्खनन मामले में ईओडब्ल्यू के पास पहुंची शिकायत

### म.प्र.मिनरल सप्लाई कंपनी और साइना स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर मनमानी उत्खनन का आरोप



**जागरण, रीवा।** सेमरिया क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन का मामला इन दिनों सुर्खियो में है, कलेक्ट और कमिश्नर के बाद अब मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू से की गई है। पंचायत दुवारी के पूर्व सरपंच रघुनंदन कोल ने 21 अप्रैल को आर्थिक अपराध शाखा रीवा में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शपथ पत्र के साथ मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि तहसील सेमरिया अंतर्गत ग्राम चित्ती, सलैया और कुम्हरा जुड़वानी में म.प्र. मिनरल सप्लाई कंपनी तथा साइना स्टील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियमों का घोर उल्लंघन कर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया जिससे अवैध उत्खनन लगातार जारी है। शिकायतकर्ता ने शिकायती आवेदन में उल्लेख किया है कि म.प्र मिनरल सप्लाई कंपनी द्वारा आवंटित सीमा से बाहर जाकर लेक्ट्राइड एवं रेडऑक्साइड (गेरू) का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। बताया गया कि जिन खनिजों पर प्रतिबंध है, उन्हें भी चोरी-छिपे निकाला जा रहा है। आरोप है कि कंपनी द्वारा साइना स्टील प्राइवेट लिमिटेड में बिना वैध टी.पी. के डंपिंग यार्ड में खनिज भेजा जा रहा है, जो सीधे तौर पर शासन के राजस्व की चोरी है, जबकि लीज क्षेत्र वर्षों पहले बंद हो चुके हैं या इनके टेंडर निरस्त हैं, फिर भी अवैध उत्खनन का खेल निरंतर जारी है।

### आबादी के बीच चल रहा उत्खनन

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि नियमानुसार आबादी क्षेत्र से 500 मीटर के भीतर खनन वर्जित है, इसके बावजूद दलित एवं आदिवासी बस्तियों के ठीक बगल में 50 फीट गहरी खाइयां खोद दी गई हैं। जहां अक्सर गिरकर बच्चे सहित लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। जब ग्रामीण अवैध उत्खनन का विरोध करते है तो कंपनी के गुर्गों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया स्थानीय खनिज विभाग के सरंक्षण में यह कार्य चल रहा है। फिलहाल मामले में ईओडब्ल्यू के साथ ही, आयुक्त रीवा संभाग, कलेक्टर रीवा कार्यालय में भी शिकायती आवेदन पत्र दिया गया है, इसके साथ में मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल, प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली, सीएम हेल्पलाइन, प्रमुख सचिव खनिज साधन विभाग व राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में भी शिकायती पत्र की प्रति ईमेल की गई है। खनिज कार्यालय रीवा में सूचना के अधिकार के तहत कंपनी के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए आवेदन भी दिया गया है। शिकायतकर्ता ने मांग की है की प्रशासन द्वारा स्थल निरीक्षण कर अवैध उत्खनन पर रोक लगाई जाय साथ ही संबंधित कंपनी के विरुद्ध लीज निरस्तीकरण एवं भारी अर्थदंड की कार्रवाई की जाए एवं ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

# जवा में नाबालिग की हो रही थी शादी, पहुंची प्रशासन की टीम

### प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं की तत्परता से रुका बाल विवाह

### परिजनों को कड़ी कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी



**जागरण, रीवा**

बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसके बावजूद कई लोग अभी भी अज्ञानतावश बाल विवाह की ओर कदम बढ़ा देते हैं। जवा विकासखण्ड में बाल विवाह के संबंध में प्रभारी कलेक्टर सपना त्रिपाठी को सूचना मिली। प्रभारी कलेक्टर ने तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा राजस्व अधिकारियों को बाल विवाह रोकने के लिए समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। स्थानीय प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बाल विवाह रुकवाया। इस कार्य में अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद की टीम ने भी पूरा सहयोग किया। टीम ने बच्ची के परिजनों से बातचीत कर उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी और बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बच्ची का विवाह कानूनन अपराध है। समझाइश के बाद परिजनों ने विवाह न करने पर सहमति जताई। मौके पर पंचनामा तैयार कर परिजनों से लिखित में लिया गया कि वे बच्ची के बालिग होने तक उसका विवाह नहीं करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि बच्ची अभी नाबालिग है और उसका संरक्षण सुनिश्चित किया गया है। परिजनों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में ऐसा प्रयास करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से मारपीट कर गले से आभूषण लूटने वाला आरोपी पकड़ाया

### हनुमना थाना में पीड़िता ने दर्ज कराई थी शिकायत



**जागरण, रीवा।** हनुमना पुलिस ने महिला से मारपीट कर लूट करने करने वाले फरार आरोपी दिनेश पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। हनुमना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 18 मार्च को घटना की शिकायत पीड़िता कलावती पटेल पति अशोक पटेल 32 साल निवासी ग्राम अटरिया थाना हनुमना ने की थी। पीड़िता ने बताया था कि वह 18 मार्च को करीब 03 बजे अपने घर के अन्दर अपनी सास मोलिया देवी पटेल के साथ बैठी थी, घर का चैनल गेट बन्द था, तभी बाइक से कौआढान का रहने वाला दिनेश पटेल पिता रमेश पटेल आया और घर का चैनल गेट खोलकर अन्दर घुस गया। इस बीच आरोपी हाथ में हेलमेट व लाठी लिया था और पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर आरोपी लाठी एवं हेलमेट से मारपीट पर उतारू हो गया। बीच बचाव में उसकी सास मोलिया देवी पटेल पहुंची जिसके सिर पर आरोपी ने हेलमेट से हमला किया जिससे उसकी सास जमीन पर गिर गयी। इसी दौरान आरोपी सास की गले से सोने की मोहर की लॉकेट व उसका मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में धारा 333, 309(6), 296ए, 115(2) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध किया था। वहीं आरोपी घटना के बाद से फरार था जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी। हनुमना पुलिस ने मंगलवार को हनुमना बाजार से आरोपी दिनेश पटेल पिता रमेश पटेल 31 साल निवासी कौआढान कुर्मियान टोला थाना शाहपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना करने पर चले लाठी-डंडे

**रीवा।** मुकुन्दपुर के जगन्नाथ चौराहा स्थित मुख्य बाजार में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना करने पर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना उस समय की बताई जा रही है, जब बाजार क्षेत्र में एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था और मजदूर छत की ढलाई में जुटे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक वाहन तेज गति से वहां से गुजरा। मजदूरों ने चालक को धीमी गति से वाहन चलाने की समझाइश दी। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि वाहन चालक ने कुछ देर बाद पिकअप वाहन में अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद दर्जनों की संख्या में पहुंचे लोगों ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और मारपीट हुई। बाजार क्षेत्र में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें विवाद और मारपीट साफ तौर पर देखी जा सकती है। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और जांच की बात कही जा रही है।

# विवाह घर में भड़की आग से मची अफरा-तफरी, सूझबूझ से टली अनहोनी



**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुआरी में संचालित इवारा विवाह घर में मौजूद लोगों के जागरुकता और सूचना पर तत्काल पहुंची चोरहटा पुलिस की मदद से एक बड़ी अनहोनी टल गई। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुआरी में संचालित इवारा विवाह घर में बीती रात्रि वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान अचानक सामने के परदे में आग की लपटें निकलने लगीं। लपटें निकलते देख लोगों में भय व्याप्त हो गया और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल चोरहटा पुलिस को आगजनी की सूचना दी, वहीं लोगों द्वारा स्वयं की व्यवस्था से पर्दे में लगी आग को बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। समय रहते आग की लपटों पर काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर तत्काल विद्युत सप्लाई को बंद कराया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# धारदार बका के साथ शातिर बदमाश पकड़ाया



रीवा। गुढ़ पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर धारदार बका लहराकर राहगीरों को भयभीत करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपी सार्वजनिक स्थान पर बका लहराते आम लोगों को डरा धमका रहता था। सार्वजनिक स्थान पर धारदार बका लहराकर राहगीरों को भयभीत करने की सूचना पर गुढ़ पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 01 लोहे का बका जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जे आर पर न्यायालय रीवा के समक्ष प्रस्तुत किया। गुढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी अतुल शुक्ला पिता रामशरण शुक्ला उम्र 26 वर्ष निवासी शुकुलगवां थाना गुढ़ बका लहराते हुए आम लोगों को भयभीत कर रहा था, जिसकी सूचना के बाद आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध करते हुए पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है।


आवश्यकता है
फेथ ब्रिक्स इण्डस्ट्रीज रीवा में
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की
(कम से कम 5 वर्ष का अनुभव)
वेतन योग्यतानुसार
अपना रिज्यूम Whats App करें
6264002713


# बिछिया थाना में 23 वाहनों की हुई नीलामी

### कबाड़ हो रहे वाहनों को हटाने चल रही कवायद



**जागरण, रीवा।** थानों में लावारिस हालत में पड़े वाहनों की नीलामी निरंतर जारी है। मंगलवार को बिछिया थाने में 23 वाहनों की नीलामी की गई। बताया गया कि 2 चार पहिया वाहन जिसमे मारूती 800 और ओमनी वैन की नीलामी 40 हजार रुपए में की गई। इसके अलावा दो मोटरसाइकिल की नीलामी 36000 रुपए तक गई। इसी तरह से 19 कबाड़ वाहन की नीलामी 37000 में समाप्त हुई। बिछिया थाने में कुल 23 वाहनों की नीलामी की गई है। सभी वाहनों की नीलामी में शासन को 1 लाख 13 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। बोली बोलने वालों में दर्जन भर से अधिक लोग शामिल हुए। नीलामी कार्यवाही के दौरान बिछिया थाना प्रभारी, तहसीलदार एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।


रीवा में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार बंसल हॉस्पिटल, भोपाल द्वारा
डायबिटीज, थायराइड, हार्मोन डिसऑर्डर लिवर, पैंक्रियाज, गॉलब्लैडर पाचन तंत्र के कैंसर एवं लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी
डॉ. शैलेष बंसीवाल | डॉ. कृपा शंकर तिवारी
भाग्यवती मेडिकल स्टोर
समान तिराहा न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9201458535

रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
डॉ. विकास सिंह
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेंट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775, 7771000668

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
मो.-7247097637

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
पता: श्रवण कुमारी स्कूल के पास, गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

BBS MEMORIAL HR. SEC. SCHOOL
AZAD NAGAR, REWA (M.P.)
BBS KIDS ZONE
9424777617
More than 50 student Scored 90% in Board Examination
मध्यप्रदेश टॉप 10 में निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
Vishesh | Priyanshi | Harshita
NEET selected | IIT selected
ADMISSION OPEN For Nursery to 12th
NO ADMISSION FEE

REWA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi | Affiliation No.- 1031367
Where Every Student is Valued ....
Science, Art, Commerce
ADMISSION OPEN 2026-27
Nursery to 12th
Call: 9806154224, 8120154224
Add.: Ward 15, Gadariya, Ratahara, Rewa (M.P.)
Email: ripsrewaschool@gmail.com

विंध्य के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. पी. सी. द्विवेदी
एम.एस. (नेत्र)
सेवानिवृत्त एवं पूर्व विभागाध्यक्ष
का नया पता
समयः सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
जूनियर MIG-3 हेडगेवार नगर
कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने, रीवा
आस्था मेडिकल स्टोर, ढेकहा तिराहा, रीवा
समयः शाम 5 बजे से 7 बजे तक
8966825155, 7225925922, 9179687302

Minerva
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI; फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET); एग फ्रीजिंग; एंब्रियो फ्रीजिंग; स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

डॉ. अनुशा पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑब्स एण्ड गायनी)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन
संबंधित समस्याएँ
परामर्श समयः सुबह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक प्रतिदिन
निःशुल्क परीक्षण कैम्प हर महीने की 15 तारीख को
समयः सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक
एच.बी. और सुगर जांच फ्री
सोनोग्राफी में 20% की छूट
मिलने का पता
श्री समाधान सोनोग्राफी सेंटर
कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने शॉप नं.-39, 39A समदड़िया मेडिकल मॉल-रीवा
8085813545



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 सतना - 9993315949 सीधी-7089620900 सिंगरौली-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com